06 फरवरी, 2025
माघ, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 109



BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


### बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट-2025 में शामिल हुए सीएम

# देश की अर्थव्यवस्था में झारखंड निभा रहा अहम भूमिका : हेमंत

- उद्यमियों और निवेशकों को झारखंड आने का दिया निमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां देश का लगभग 40 प्रतिशत खनिज संसाधन पाया जाता है। कई खनिज एवं उद्योगों के लिए जरूरी कच्चा माल का झारखंड सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था में यह राज्य अहम भूमिका निभाता रहा है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यहां कई खनिज आधारित उद्योग लंबे समय से स्थापित हैं। कई औद्योगिक घरानों ने यहां निवेश किया है। वर्तमान परिवेश में इस राज्य को और आगे ले जाने की जरूरत है। यहां नये-नये उद्योग लगे, इसके लिए सरकार नये सिरे से पहल कर रही है। मुख्यमंत्री बुधवार को कोलकाता स्थित बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट-2025 के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की। इस समिट में देश-विदेश के कई गणमान्य, उद्यमी और निवेशक भाग ले रहे हैं।

हेमंत सोरेन ने कहा कि जिस तेजी से आज तकनीक बदल रहे हैं। उसमें एक मजबूत एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए राज्यों के बीच बेहतर संबंध, समन्वय तथा भागीदारी होना अत्यंत जरूरी है। इस कड़ी में राज्यों में आयोजित होने वाले ग्लोबल बिजनेस जैसे समिट की काफी निर्णायक भूमिका होती है। इससे एक राज्य का अन्य राज्यों तथा देशों से बेहतर व्यापारिक रिश्ते बनते हैं। निवेश और नयी टेक्नोलॉजी से विकास की नयी संभावनाएं बनती है।



बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट-2025 में उद्योगपति मुकेश अंबानी से हाथ मिलाते सीएम हेमंत सोरेन। साथ में ममता बनर्जी।

### झारखंड में निवेश की अपार संभावनाएं

हेमंत ने कहा कि इस समिट में मुझे देश-विदेश से आये मेहमानों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों से मिलने का मौका मिल रहा है। इससे यह जानने-समझने का अवसर मिलेगा कि निवेशकों के सहयोग से झारखंड के समग्र विकास की दिशा में कैसे आगे बढ़ सकते हैं। मैं इसी आशा और उम्मीद से इस समिट में आये उद्यमियों तथा निवेशकों को झारखंड आमंत्रित करता हूं। आप निवेश करें, ताकि विकास के मामले में झारखंड राज्य भी तेजी से आगे बढ़े।

### अन्य सेक्टर में भी अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज आधारित उद्योगों के साथ-साथ कला-संस्कृति एवं पर्यटन जैसे अनेक क्षेत्रों में विकास और निवेश की अपार संभावनाएं हैं। झारखंड देश का सबसे ज्यादा तसर उत्पादक राज्य है, ऐसे में टेक्सटाइल क्षेत्र में भी यह राज्य आगे बढ़ सकता है। कला-संस्कृति के मामले में झारखंड की गिनती समृद्ध राज्यों में होती है। यहां की प्राकृतिक सौंदर्यता को देखते हुए पर्यटन के क्षेत्र में भी झारखंड निवेशकों की पहली पसंद बन सकता है। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि आप झारखंड आयें, सरकार आपको पूरा सहयोग करेगी।

### झारखंड-पश्चिम बंगाल में एक जैसी हैं कई गतिविधियां

हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड और पश्चिम बंगाल एक-दूसरे से काफी करीब हैं। यह बताना मुश्किल है कि कौन सी गतिविधि झारखंड और कौन बंगाल की है। दोनों ही राज्य कई मामलों में एक जैसी गतिविधियों के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। इस तरह की पहल से दोनों ही राज्यों के समग्र विकास का नया रास्ता खुल रहा है।

# महाकुंभ: नरेंद्र मोदी ने संगम में लगायी डुबकी


- सीएम योगी के साथ संगम नोज पहुंचे
- मंत्रोच्चार के बीच स्नान किया
- कहा, पुण्य स्नान से धन्य हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज में संगम में डुबकी लगायी। उन्होंने भगवा रंग के वस्त्र पहन रखे थे। हाथ और गले में रुद्राक्ष की माला थी। मंत्रोच्चार के बीच मोदी ने अकेले ही संगम में डुबकी लगायी। स्नान के बाद पीएम ने सूर्य को अर्घ्य दिया। करीब पांच मिनट तक मंत्र का जाप करते हुए सूर्य पूजा की। संगम नोज पर गंगा पूजन किया। मां गंगा को दूध अर्पित किया, साड़ी चढ़ायी। मोदी गंगा पूजन के बाद सीधे बोट से अरैल घाट पहुंचे। वहां से दिल्ली के लिए रवाना हो गये।

प्रधानमंत्री मोदी के संगम स्नान के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साथ रहे। बोट से संगम तक जाते वक्त मोदी ने हाथ हिला कर जनता का अभिवादन किया। संगम स्नान के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि महाकुंभ में आज पवित्र संगम में डुबकी लगा कर मैं भी करोड़ों लोगों की तरह धन्य हुआ। मां गंगा सबको असीम शांति, बुद्धि, सौहार्द और अच्छा स्वास्थ्य दें।

**मोदी ने दौरे का वीडियो जारी किया :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ दौरे का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी किया है। उन्होंने पोस्ट किया कि महाकुंभ में आज पवित्र संगम में स्नान के बाद पूजा-अर्चना का परम सौभाग्य मिला। मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। महाकुंभ में आस्था, भक्ति और अध्यात्म का संगम हर किसी को अभिभूत कर रहा है।



### दो घंटे प्रयागराज में रहे प्रधानमंत्री

महाकुंभ में श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, इसलिए पीएम ने कार्यक्रम बेहद सीमित रखा। वह करीब दो घंटे प्रयागराज में रहे। मोदी का विमान सुबह करीब 10.30 बजे दिल्ली से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचा। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से पीएम डीपीएस के हेलीपैड पहुंचे। यहां से उनका काफिला अरैल के वीआइपी घाट पहुंचा। वहां से वह योगी के साथ बोट से संगम पहुंचे। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए मेले की सुरक्षा बढ़ा दी गयी थी। संगम क्षेत्र में अर्द्धसैनिक बल भी तैनात किये गये थे।

# दिल्ली चुनाव: 11 एग्जिट पोल में 9 में भाजपा की सरकार

- भाजपा सत्ता में आयी तो 27 साल बाद मिलेगा मौका

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के 11 एग्जिट पोल आये हैं। इनमें 9 में भाजपा को बहुमत मिलता दिखायी दे रहा है। दो में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनने का अनुमान है। अगर भाजपा को बहुमत मिलता है, तो वह 27 साल बाद सत्ता में लौटेगी। इससे पहले 1993 में भाजपा दिल्ली की सत्ता में आयी थी। एग्जिट पोल के पोल ऑफ पोल्स में भाजपा को 39, आप को 30 और कांग्रेस को एक सीट मिलने का अनुमान है। जेवीसी और पोल डायरी ने अपने एग्जिट पोल में अन्य को भी 1-1 सीट मिलने का अनुमान जताया है। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर बुधवार शाम 5 बजे तक 57.70% मतदान हुए। मतदान का समय खत्म होने के बाद भी लाइन में लगे लोगों ने वोट डाले। इसलिए अंतिम मतदान प्रतिशत में बदलाव की उम्मीद है। चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को घोषित होंगे।

## न्यूज रील्स

### तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम 18 गैर-हिंदू कर्मचारियों को हटायेगा

तिरुपति। आंध्र प्रदेश का तिरुपति बालाजी मंदिर मैनेजमेंट अपने 18 कर्मचारियों को हटाने की तैयारी में है। इन सभी को तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के नियमों के खिलाफ जाकर काम करने का दोषी पाया गया है। ट्रस्ट ने सभी 18 कर्मचारियों से सामने दो शर्तें रखी हैं। ये सभी किसी दूसरे सरकारी विभाग में ट्रांसफर ले लें या फिर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले लें। ऐसा मंदिर की पवित्रता बनाये रखने के लिए किया जा रहा है।

### भारतीय सेना ने इस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर का नाम बदला

नयी दिल्ली। भारतीय सेना ने इस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर का नाम बदल दिया है। अब इसे फोर्ट विलियम की जगह विजय दुर्ग के नाम से पहचाना जायेगा। अंग्रेजों के द्वारा 1781 में बनाये किले का नाम किंग विलियम तृतीय के नाम पर रखा गया था। यह महाराष्ट्र में सिंधुदुर्ग तट पर बना सबसे पुराना किला है, जो छत्रपति शिवाजी के समय में मराठों के अभेद्य नौसैनिक ठिकाना था। इसके अलावा विजय दुर्ग के साउथ गेट का नाम बदलकर शिवाजी गेट कर दिया गया है। किचनर हाउस का नाम बदलकर मानेकशॉ हाउस कर दिया गया है।

### रामलला के दर्शन अब सुबह 6 से रात 10 तक

अयोध्या। अयोध्या में रामलला के दर्शन के समय में बदलाव किया गया है। अब मंदिर रोजाना करीब 16 घंटे खुला रहेगा। श्रृंगार आरती के बाद सुबह 6 बजे भक्तों के लिए मंदिर के कपाट खुलेंगे। रात 10 बजे तक रामलला के दर्शन देंगे। संध्या आरती के लिए सिर्फ 15 मिनट के लिए कपाट बंद रहेंगे। प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए समय में बदलाव किया गया है।

# अमेरिका ने 104 भारतीयों को वापस भेजा

- हरियाणा- गुजरात के 33-33 और पंजाब के 30 लोग
- अमेरिकी वायुसेना का विमान उन्हें अमृतसर छोड़ कर लौटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अमृतसर।** अमेरिका ने बुधवार को नयी आव्रजन नीति के तहत 104 अवैध प्रवासी भारतीयों को जबरन स्वदेश भेज दिया। अमेरिकी वायुसेना का विमान सी-17 ग्लोबमास्टर इन्हें लेकर अमृतसर में वायुसेना के एयरबेस पर उतरा। इनमें पंजाब के 30, हरियाणा-गुजरात के 33-33 लोग शामिल हैं।




**205 लोग वापस भेजने के लिए चिह्नित :** अमृतसर एयरपोर्ट के सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक इन लोगों का सत्यापन किया गया। यहां से इमिग्रेशन और कस्टम से क्लीयरेंस के बाद पंजाब पुलिस को सौंप दिया गया। करीब साढ़े तीन घंटे बाद अमेरिकी वायुसेना का विमान वापस चला गया। गौरतलब है कि अमेरिका ने कुल 205 अवैध भारतीयों को वापस भेजने के लिए चिह्नित किया है। इन्हें भारत भेजा जायेगा। 186 भारतीयों को भारत भेजने वाली सूची भी सामने आयी है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि बाकी बचे लोग कहां हैं और कब वापस भेजे जायेंगे।

**104 में 8-10 साल के बच्चे भी शामिल :** अमृतसर एयरपोर्ट पर लाये गये 104 लोगों में कुछ परिवार भी हैं। इसके अलावा 8-10 साल के बच्चे भी शामिल हैं। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के लोगों को सड़क मार्ग से घर भेजा जायेगा। गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश के लोगों को हवाई जहाज से घर भेजा जा सकता है।

### 19 हजार भारतीय वापस भेजे जायेंगे

अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम इंफोर्समेंट के अनुसार 19 हजार अवैध प्रवासी भारतीय डिपोर्ट होंगे। ट्रंप ने ये कार्रवाई ऐसे समय की है, जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 फरवरी को दो दिन की यात्रा पर अमेरिका जाने वाले हैं। 13 फरवरी को पीएम की ट्रंप के साथ वार्ता प्रस्तावित है।

# भारत सरकार ने सभी एआइ एप पर लगाया प्रतिबंध

## कहा : सरकारी कर्मचारी भूल कर भी नहीं करें इस्तेमाल, निर्देश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय वित्त मंत्रालय ने चैटजीपीटी और डीपसीक जैसे एआइ टूल और एप्लिकेशन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश जारी किया है। सरकार द्वारा जारी निर्देश का उद्देश्य संवेदनशील सरकारी डेटा की सुरक्षा को सुनिश्चित करना और संभावित साइबर खतरों को रोकना है।

**सरकारी डेटा की सुरक्षा के लिए कड़ा कदम :** संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार सिंह द्वारा हस्ताक्षरित इस आदेश में कहा गया है कि सरकारी कंप्यूटरों पर एआइ-सक्षम एप्लिकेशन का उपयोग गोपनीय सरकारी जानकारी को खतरे में डाल सकता है। इसके मद्देनजर, मंत्रालय ने सभी कर्मचारियों को आधिकारिक उपकरणों पर ऐसे टूल के उपयोग से बचने की सलाह दी है। यह आदेश वित्त सचिव की मंजूरी के बाद जारी किया गया है। इसे राजस्व, आर्थिक मामलों, व्यय, सार्वजनिक उपक्रम और वित्तीय सेवाओं सहित प्रमुख सरकारी विभागों को भेजा गया है।




### वैश्विक स्तर पर एआइ को लेकर बढ़ती चिंताएं

यह प्रतिबंध वैश्विक स्तर पर एआइ टूल को लेकर बढ़ती चिंताओं का हिस्सा है। कई एआइ मॉडल, जिनमें चैटजीपीटी भी शामिल है, उपयोगकर्ता इनपुट को बाहरी सर्वरों पर प्रोसेस करते हैं, जिससे डेटा लीक या अनधिकृत पहुंच की आशंका बनी रहती है। इससे पहले, कई निजी कंपनियों और वैश्विक संगठनों ने भी एआइ टूल्स के उपयोग को सीमित कर दिया है, ताकि संवेदनशील डेटा के गलत इस्तेमाल से बचा जा सके। इससे पहले इटली और ऑस्ट्रेलिया ने भी चीन के एआइ टूल डीपसीक को बैन किया है।


## इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर अकाउंटेंट्स-फाउंडेशन (ICA Foundation)

ICA YOUR RIGHT TO A JOB

5, सीता भवन (स्मार्ट बाजार के सामने)
मेन रोड, रांची - 834001
प्रायोजक - सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (CMPDIL) एक मिनी रत्न कंपनी

सीएमपीडीआई मिनी रत्न cmpdi Mini Ratna

### निःशुल्क रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम

इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर अकाउंटेंट्स - फाउंडेशन एक कंप्यूटर अकाउंटेंट संस्थान है। जो कि प्रमाणित औद्योगिक लेखाकार का कोर्स प्रदान करता है ।जिसमें लेखांकन काराधन और पीडीपी का ज्ञान देता है। ICA , वैसे उम्मीदवार जो सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि रांची के स्थानीय निवासी हैं, को नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित करता है ।

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम का नाम | कुल सं0 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | कार्यक्रम अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | Sr. Associate - Transactional F & A | 90 | 12वीं पास | 500 Hrs. |

**आवश्यक योग्यता :**

1. सी.एम.पी.डी.आई.एल के परियोजना क्षेत्र (रांची) के उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी ।
2. उम्मीदवारों का चयन SC / ST वर्गों से किया जाएगा ।
3. उम्मीदवारों की आयु 18 से 30 वर्ष होनी चाहिए ।
4. प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण सामग्री निःशुल्क प्रदान की जाएगी ।
5. यदि उम्मीदवारों की संख्या आवश्यक सीमा से अधिक हुई, तो लिखित परीक्षा अथवा काउंसिलिंग के माध्यम से चयन किया जाएगा ।
6. काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किये जाने पर किसी प्रकार का TA/DA प्रदान नहीं किया जाएगा ।
7. पाठ्यक्रम के प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत प्रदर्शन के आधार पर रोजगार हेतु सहयोग दिया जाएगा ।
8. ICA न्यूनतम 80 प्रतिशत रोजगार सुनिश्चित करता है।
9. इच्छुक उम्मीदवारों को देने होंगे निम्न दस्तावेज :

1 . शैक्षणिक योग्यता, 2. जाति प्रमाण पत्र, 3. आवासीय प्रमाण पत्र, 4. आधार कार्ड की स्व अभिप्रमाणित प्रति और 3 रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो संलग्न कर विज्ञापन संख्या, अपना नाम, पिता का नाम, मोबाईल नम्बर, जाति एवं पत्राचार का पूर्ण पता अंकित कर उपर्युक्त पते पर आवेदन करें ।

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | : | 10.02.2025 |
| काउंसलिंग की तिथि | : | 12.02.2025 |
| प्रशिक्षण प्रारंभ करने की तिथि | : | 15.02.2025 |

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-
फोन नं : 88771 88888, 70333 33362 | ई मेल : jh.ranchi@icagroup.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 79,200 रु./10 ग्राम
चांदी 99,000 रु./प्रति किलो

# हेमंत की धमकी को हल्के में न ले केंद्र

## ■ बकाया झारखंड का हक, अधिकारों की हो रही उपेक्षा

## ■ 1.36 लाख करोड़ मिल जाने पर होगा झारखंड का कायाकल्प

## ■ इस बार के आम बजट में भी झारखंड की पूरी तरह उपेक्षा की गयी

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चेतावनी दे दी है कि यदि झारखंड को उसका बकाया 1.36 लाख करोड़ नहीं दिया गया, तो यहां की कोयला खदानों को बंद भी किया जा सकता है। इसके अलावा हेमंत सोरेन ने यह भी कहा है कि जिन खदानों से अब उत्पादन नहीं हो रहा है, वह जमीन भी झारखंड को वापस दी जाये, नहीं तो झारखंड के लोग इसे वापस लेने के लिए एक और आंदोलन के लिए तैयार हैं। हेमंत सोरेन की यह चेतावनी वास्तव में चेतावनी नहीं, झारखंड के हक की आवाज है, जिसे सुना ही नहीं, पूरा भी किया जाना चाहिए। पहले झारखंड द्वारा बकाया मांगने, फिर उसे केंद्र सरकार द्वारा नकारे जाने और अपना बकाया मांगने और अब हेमंत सोरेन की चेतावनी के बाद यह मुद्दा एक बार फिर गरम हो गया है। झारखंड सरकार का दावा है कि राज्य में कोयला खनन की रॉयल्टी और खदानों के लिए जमीन अधिग्रहण के एवज में केंद्र के पास यह रकम बकाया है, लेकिन केंद्र सरकार ने इसे नकार दिया। इतना ही नहीं, केंद्र ने झारखंड से अपना बकाया मांग लिया। ऐसे में झारखंड के सामने अब अपने अधिकार के लिए आवाज उठाने और नहीं सुने जाने पर आंदोलन का रुख अख्तियार करने के अलावा कोई चारा नहीं रह गया है। केंद्र को झारखंड सरकार ने चार बार इस मुद्दे को लेकर पत्र लिखा, लेकिन केंद्र से कोई जवाब नहीं आया। अब हेमंत सोरेन आर-पार के मूड में दिखाई दे रहे हैं और जाहिर है कि इस मुद्दे को लेकर टकराव बढ़ेगा। इसलिए इस मुद्दे पर अब दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर इसे सुलझाने की जरूरत है, ताकि रिश्तों में खटास पैदा नहीं हो। क्या है 1.36 लाख करोड़ के बकाये का विवाद और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

झारखंड का सियासी माहौल अचानक एक बार फिर गरम हो गया है। इसका कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दी गयी चेतावनी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि यदि झारखंड का 1.36 लाख करोड़ का बकाया नहीं मिलता है, तो वह राज्य की कोयला खदानों को बंद करा देंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने कहा है कि जिन खदानों से अब कोयला उत्पादन नहीं हो रहा है, उसकी जमीन को झारखंड सरकार को वापस दिया जाना चाहिए, वरना इसके लिए झारखंड के लोग आंदोलन करेंगे। मुख्यमंत्री का यह बयान उस झारखंड के वाजिब हक की आवाज है, जिसे इस बार के बजट में पूरी तरह उपेक्षित रखा गया है। देश की खनिज संपदा जरूरत का 40 प्रतिशत पूरा करनेवाले राज्य की ऐसी उपेक्षा कहीं से भी उचित नहीं कही जा सकती है।

### क्या है बकाये का मुद्दा

कोयला और दूसरे खनिजों की रॉयल्टी का यह मुद्दा पिछले साल अगस्त में पैदा हुआ। पिछले साल 14 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को 1 अप्रैल 2005 के बाद से रॉयल्टी का पिछला बकाया वसूल करने का अधिकार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 1989 के एक फैसले को पलटते हुए कहा था कि राज्यों के पास खनिजों पर टैक्स लगाने का अधिकार है। पहले यह अधिकार केंद्र सरकार के पास होता था। कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा खनन कपंनियों द्वारा खनिज संपन्न राज्यों को बकाये का भुगतान अगले 12 वर्ष में क्रमबद्ध तरीके से किया जा सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने खनिज संपन्न राज्यों को रॉयल्टी के बकाये के भुगतान पर किसी तरह का जुर्माना नहीं लगाने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश केंद्र की उस याचिका को खारिज करते हुए दिया था, जिसमें 25 जुलाई के फैसले के संभावित प्रभाव के बारे में पूछा गया था। इस फैसले में राज्यों को खनिज अधिकारों और खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने के अधिकार को बरकरार रखा गया था और उन्हें 1 अप्रैल, 2005 से रॉयल्टी का बकाया मांगने की अनुमति दी गयी थी।

### फैसले के बाद झारखंड ने की थी मांग

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद झारखंड सरकार ने हिसाब लगाया कि केंद्र सरकार के पास उसके रॉयल्टी मद में 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया हैं। इस बकाये के भुगतान के लिए मुख्यमंत्री से लेकर मुख्य सचिव तक ने केंद्र को पत्र लिखा था। सीएम हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव के ठीक पहले 24 सितंबर को भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था। चुनाव में इसे मुद्दा भी बनाया था। बड़े-बड़े होर्डिंग लगा कर कोयला रॉयल्टी के रूप में राज्य को कथित रूप से देय 1.36 लाख करोड़ रुपये के भुगतान की मांग की थी। पीएम को लिखे पत्र में सीएम ने कहा था कि कोयला कंपनियों पर हमारा 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया है। कानून में प्रावधानों और न्यायिक घोषणाओं के बावजूद कोयला कंपनियां भुगतान नहीं कर रही हैं। ये सवाल आपके कार्यालय, वित्त मंत्रालय और नीति आयोग सहित विभिन्न मंचों पर उठाये गये हैं, लेकिन अभी तक इसका भुगतान नहीं किया गया है। सीएम ने कहा था कि बकाया राशि का भुगतान न होने के कारण झारखंड का विकास और आवश्यक सामाजिक-आर्थिक परियोजनाएं बाधित हो रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, स्वच्छ पेयजल और अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी जैसी सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न योजनाएं धन की कमी के कारण जमीनी स्तर पर लागू नहीं हो पा रही हैं।




### क्या है बकाये का हिसाब

यह सही है कि झारखंड का सामाजिक-आर्थिक विकास मुख्य रूप से खनन और खनिजों से होने वाले राजस्व पर निर्भर करता है, जिसमें से 80 प्रतिशत कोयला खनन से आता है। विभिन्न स्त्रोतों से जो जानकारी सामने आयी है, उससे साफ हो गया है कि झारखंड में काम करने वाली कोयला कंपनियों पर मार्च 2022 तक राज्य सरकार का लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये का बकाया है। इसमें धुले कोयले की रॉयल्टी के मद में 2900 करोड़, पर्यावरण मंजूरी की सीमा के उल्लंघन के एवज में 32 हजार करोड़, भूमि अधिग्रहण के मुआवजे के रूप में 41 हजार 142 करोड़ और इस पर सूद की रकम के तौर पर 60 हजार करोड़ रुपये बकाया हैं।

### 2020 में ढाई सौ करोड़ दिया था कोयला मंत्रालय ने

केंद्र द्वारा बकाये से इनकार किये जाने के बाद अब यह सवाल उठाया जा रहा है कि जब झारखंड का कोई बकाया नहीं है, तब 2020 में तत्कालीन कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ढाई सौ करोड़ रुपये की रकम क्यों दी थी। यह रकम कोयला कंपनियों द्वारा जमीन लिये जाने के एवज में बकाया रकम के रूप में दी गयी थी। उस समय कहा गया था कि कोयला कंपनियों के पास झारखंड का करीब आठ हजार करोड़ रुपये बकाया हैं। यह बकाया केवल जमीन की कीमत है।

### आर्थिक मुद्दे पर पहले भी होता रहा है टकराव

आर्थिक मुद्दों पर झारखंड और केंद्र के बीच टकराव का यह पहला मौका नहीं है। इससे पहले 2019-20 में दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने झारखंड को बिना बताये उसके खाते से अपने बकाये का चार सौ करोड़ रुपया निकाल लिया था। देश के इतिहास में यह पहली बार था, जब किसी खाताधारक की अनुमति के बिना उसके खाते से किसी तीसरी पार्टी ने रकम निकाल ली हो। वह भी तब, जब डीवीसी का पूरा कारोबार झारखंड की जमीन से चलता है और उसने झारखंड के हजारों करोड़ रुपये बाकी रखे हैं। इस मुद्दे ने जब तूल पकड़ा, तो रिजर्व बैंक को बीच-बचाव करना पड़ा।

### मिलजुल कर खोजना होगा रास्ता

अर्थशास्त्री कहते हैं कि पिछले दो दशकों में केंद्र के स्तर पर सेस लगाने का चलन बढ़ा है। केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी वित्त आयोगों की सिफारिशों के आधार पर तय की जाती है, लेकिन सेस में राज्यों को कुछ नहीं मिलता। वहीं, राज्य जीएसटी के चलते अपने राजस्व स्त्रोत घटने की शिकायतें करते रहे हैं। कैश ट्रांसफर योजनाओं में भी संयम की जरूरत है। केंद्र और राज्यों को मिलजुल कर इसका रास्ता निकालना होगा।

### झारखंड के साथ टकराव से होगा नुकसान

हेमंत सोरेन की चेतावनी को वास्तव में झारखंड के अधिकार की मांग के रूप में लिये जाने की जरूरत है। लगातार दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद हेमंत सोरेन ने कहा था कि वह बकाया वसूली के लिए कानूनी विकल्प पर भी विचार कर सकते हैं। अब उन्होंने दो टूक कह दिया है कि झारखंड लड़ कर अपना अधिकार लेगा। केंद्र के साथ इस टकराव से देश का नुकसान होना तय है। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों को बैठना होगा। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि आंकड़ों का हिसाब है। झारखंड का पक्ष जानना भी जरूरी है। यदि तनाव बढ़ा, तो झारखंड में इसकी प्रतिक्रिया हो सकती है, जिसका नुकसान पहले भी दिख चुका है। खनिजों का परिवहन रोकने से लेकर आर्थिक नाकेबंदी तक का परिणाम देश भुगत चुका है। इसलिए इस बकाये के मुद्दे को जल्द से जल्द सुलझाना ही अच्छा होगा।

---

### बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट के उद्घाटन सत्र में बोलीं ममता

# विविधता में एकता हमारी ताकत है

● ममता ने बंगाल में कारोबार सुगमता के लिए समिति के गठन की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को राज्य में कारोबार को सुगम बनाने के लिए एक नयी राज्य-स्तरीय तालमेल समिति के गठन की घोषणा की। कोलकाता में आयोजित दो दिवसीय बंगाल वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन (बीजीबीएस) के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ममता ने राज्य की आर्थिक प्रगति और राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ छह आर्थिक गलियारों के निर्माण सहित राज्य में जारी बुनियादी ढांचों के विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य के व्यापार-अनुकूल माहौल पर जोर देते हुए कहा, बंगाल में हमारी सरकार स्थिर है जहां मानव श्रम दिवस का नुकसान नहीं होता।



मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि पिछले वित्त वर्ष में बंगाल का राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) राष्ट्रीय जीडीपी की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है, जो राज्य के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन को दर्शाता है।

सामाजिक कल्याण पहल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्मी भंडार जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बंगाल महिला सशक्तीकरण में अग्रणी है। ममता ने समावेशन के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि हम लोगों को विभाजित नहीं करते। विविधता में एकता हमारी ताकत है। कोलकाता के न्यूटाउन स्थित विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय इस वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन में दुनियाभर के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

### 45 आदिवासी परिवारों को 14 माह से राशन न मिलने पर सीएम गंभीर, गढ़वा डीसी को दिये निर्देश

# सभी को उनका हक दिलायें, दोषी पर कार्रवाई करें : हेमंत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गढ़वा के बिजका गांव के 45 आदिवासी परिवारों को पिछले 14 महीने से राशन नहीं मिलने के मामले को सीएम हेमंत सोरेन ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने गढ़वा डीसी से कहा है कि यह स्थिति बिल्कुल बर्दाश्त के काबिल नहीं है। तत्काल मामले का संज्ञान लें और सभी परिवारों को उनका हक दिलायें। साथ ही इस स्थिति के लिए दोषी सभी व्यक्तियों पर न्यायोचित कार्रवाई कर सूचना दें।

### कई बार शिकायत की, पर अब तक नहीं मिला राशन

बताते चलें कि इस मामले को लेकर शिकायत की गयी थी। शिकायत में कहा गया है कि कि डीलर व्यापक कटौती कर अनाज देता है। जब उन लोगों ने इसका विरोध किया, तो राशन मिलना ही बंद हो गया। ग्रामीण प्रखंड से लेकर राज्य तक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक राशन नहीं मिला है।

# मुआवजे में जोड़ा गया ब्याज दी गयी राशि का हिस्सा बन जाता है, उसे अलग नहीं कर सकते : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि भूमि अधिग्रहण के मामलों में राशि और ब्याज रहित राशि के बीच कोई अंतर नहीं है। क्योंकि एक बार ब्याज को उस राशि में शामिल कर लिया जाता है, जिसके लिए अवार्ड दिया जाता है तो उसे अलग नहीं किया जा सकता। यह फैसला संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत भूमि अधिग्रहण निष्पादन मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित आदेश रद्द करने के लिए दायर याचिका पर आया, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित निर्णय के आधार पर गणना चार्ट के विरुद्ध डिक्री धारक की गणना पर आपत्ति खारिज कर दी गयी थी।

### याचिकाकर्ता ने अदालत में दिया तर्क

याचिकाकर्ता ने सुनवाई के दौरान कोर्ट में बताया कि 1 मई 2013 से 31 अगस्त 2020 तक 15% प्रति वर्ष ब्याज के रूप में 3,27,765.12 रुपये का भुगतान करना था। लेकिन बीसीसीएल ने गणना चार्ट तैयार किया, जिसमें 1 मई 2013 से 31 जनवरी 2023 तक 15% ब्याज की गणना केवल 2,75,896.66 रुपये की मूल राशि पर की गयी। इस प्रकार कुल अवार्ड राशि में पहले से अर्जित ब्याज का एक हिस्सा शामिल नहीं है। जबकि ब्याज सहित मुआवजा 6,03,661.78 रुपये हो गया।




सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि उनकी भूमि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) द्वारा अधिग्रहित की गयी और उनके नाम पर अवार्ड तैयार किया गया, इसके बाद याचिकाकर्ता ने भूमि अधिग्रहण न्यायाधीश के समक्ष निष्पादन मामला दायर किया, जिसमें अर्जित ब्याज के साथ बढ़ी हुई दर पर मुआवजे का भुगतान करने का आदेश देने का आग्रह किया गया। इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट में हुई।

# झारखंड नगरपालिका सेवा परीक्षा का रिजल्ट जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड नगरपालिका सेवा प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। आयोग ने बागवनी अधीक्षक, सैनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सैनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक के कुल 19 पदों के परीक्षा परिणाम जारी किये हैं। वहीं शेष पदों के परिणाम जल्द घोषित किये जायेंगे। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं।



### चयनित अभ्यर्थियों की सूची

- बागवानी अधीक्षक : 3 अभ्यर्थी
- सैनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर : 5 अभ्यर्थी
- सैनेटरी सुपरवाइजर : 4 अभ्यर्थी
- राजस्व निरीक्षक : 5 अभ्यर्थी
- विधि सहायक : 2 अभ्यर्थी

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.0 °c | 16.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.38 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.27 बजे | |



### पूर्व सीएम ने डीजीपी नियुक्ति मामले में राज्य सरकार पर निशाना साधा

# राज्य सरकार ने यूपीएससी को दरकिनार कर अनुराग गुप्ता को डीजीपी बना दिया : बाबूलाल

**राज्य सरकार ने न सिर्फ संविधान की मर्यादाओं को तोड़ा है, बल्कि पुलिस को अपनी राजनीतिक साजिशों का हथियार बना लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को डीजीपी नियुक्ति मामले में राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता को धोखे में रखकर हेमंत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का खुलेआम उल्लंघन किया है। राज्य सरकार ने न सिर्फ संविधान की मर्यादाओं को तोड़ा है बल्कि राज्य की पुलिस प्रशासन व्यवस्था को अपनी राजनीतिक साजिशों का हथियार बना लिया है। उक्त बातें बाबूलाल मरांडी बुधवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2006 में प्रकाश सिंह केस की सुनवाई करते हुए निर्देश दिया था कि डीजीपी की नियुक्ति यूपीएससी के अनुशंसित पैनल से होगी। फिर भी हेमंत सरकार ने यूपीएससी को दरकिनार कर अपनी मर्जी से अनुराग गुप्ता को डीजीपी बना दिया, जिनका नाम यूपीएससी के अनुशंसित सूची में नहीं था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि जबतक राज्य सरकार कोई नया कानून नहीं बनाती तबतक यूपीएससी की प्रक्रिया से ही नियुक्ति होगी। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने को सुप्रीम कोर्ट से ऊपर समझने लगे। उन्हें कार्यकारी आदेश (एक्सक्यूटिव ऑर्डर) और अधिनियम (एक्ट) में अंतर पता नहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 2025 में एक नियमावली (रूल्स)बना दिये जबकि की (एक्ट) अधिनियम पारित नहीं हुआ। कोई भी सरकार पहले एक्ट बनाती है तब वह रूल्स बनाती है। यह यदि एक्ट पारित नहीं हुआ तो रूल्स कैसे बन गया। उन्होंने कहा कि यहां सवाल उठता है कि राज्य सरकार ने 2025 की नियमावली को भूतलक्षी प्रभाव से लागू करने की कोशिश क्यों और कैसे की? और राज्य सरकार के अधिकारियों ने इस अवैध प्रक्रिया को कैसे अनुमति दी। इस मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता अजय साह भी उपस्थित थे।

### झामुमो के केंद्रीय महासचिव ने भाजपा के आरोपों का जवाब दिया

# कई राज्य सरकारें अपनी मर्जी से डीजीपी का चयन करती हैं : सुप्रियो भट्टाचार्य

**बाबूलाल मरांडी पर तंज कसते हुए कहा कि आपको जनादेश विपक्ष में बैठने के लिए मिला है, इसलिए आप उसी भूमिका में रहें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार ने दो दिन पहले प्रभारी डीजीपी अनुराग गुप्ता को रेगुलर डीजीपी नियुक्त किया है, इसपर सूबे की राजनीति गरमा गयी है। भाजपा ने इस नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाये हैं। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के आरोपों का जवाब दिया है।

रांची स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सुप्रिया भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल मरांडी यह सोच रहे थे कि वे राज्य के मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन जब यह सपना टूट गया, तो वे अब सरकार के हर निर्णय पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि बाबूलाल मरांडी राज्य के पहले मुख्यमंत्री थे और उनके कार्यकाल में भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये थे। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि कई राज्य सरकारें अपनी मर्जी से पुलिस महानिदेशक का चयन करती हैं, यह सिर्फ झारखंड में नहीं, बल्कि अन्य राज्यों में भी यही प्रक्रिया है।

भाजपा शासित राज्यों में भी पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति सरकार ही करती है, तो फिर झारखंड सरकार के फैसले पर सवाल क्यों उठाये जा रहे हैं? उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि दक्षिण भारतीय राज्यों में भी यही परंपरा है। उन्होंने आगे कहा कि पहले झारखंड सरकार तीन नाम भेजती थी, और उनमें से किसी एक का चयन किया जाता था, लेकिन अब इस प्रक्रिया को खत्म कर दिया गया है। बाबूलाल मरांडी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आपको जनादेश विपक्ष में बैठने के लिए मिला है, इसलिए आप उसी भूमिका में रहें। सुप्रिया भट्टाचार्य ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से बाबूलाल मरांडी पर पलटवार करते हुए कहा कि आप सुप्रीम कोर्ट की बात करते हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि भाजपा अपनी नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति करे। जब आप अपनी पार्टी में एक नेता प्रतिपक्ष तक नहीं तय कर पा रहे, तो फिर यह सवाल कहां से आ रहा है? झारखंड में डीजीपी की नियुक्ति को लेकर यह सियासी विवाद अब और गहरा सकता है।

### दूसरे दिन भी पुलिस छावनी में तब्दील रहा गोला का सोसो कला गांव

# दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : एसडीएम

**ग्रामीणों ने दिया थाना में आवेदन, मुस्लिम समुदाय के लोगों पर मारपीट का आरोप**

**बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद ने ज्ञापन देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की**

**दूसरे समुदाय के लोगों ने कहा- मूर्ति विसर्जन को लेकर रूट बना हुआ है, कुछ लोग मूर्ति रूट से बाहर ले जा रहे थे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोला।** गोला के सोसो कलां गांव में मूर्ति विसर्जन को लेकर उत्पन्न विवाद के निपटारा को लेकर दिन भर पुलिस परेशान रही। बुधवार को गोला पुलिस ने गांव में दोनों समुदाय के लोगों के साथ अलग अलग बैठक की। लेकिन मार खाने वाले एक समुदाय के लोग मानने के लिए तैयार नहीं हुए। पुलिस बैरंग लौट गयी। इस बीच पूरा गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया।

इधर बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद ने गोला महादेव मंडा प्रांगण में बैठक कर घटना पर रोष प्रकट किया। बैठक के बाद बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने गोला थाना पहुंच कर एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद को पीड़ित परिवार के साथ एक आवेदन दिया। आवेदन में कहा है कि प्रतिमा विसर्जन के लिए जाने के क्रम में एक समुदाय द्वारा सुनियोजित तरीके से पूरी तैयारी के साथ, प्रतिमा को खंडित करने, महिलाओं एवं बच्चियों के साथ गलत तरीके से छेड़छाड़ एवं पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये गये। जब इसका विरोध किया गया तो मारपीट के बाद पत्थरबाजी भी की गयी। टायर जला कर हिंदू समुदाय के घरों पर जलता टायर फेंक कर आगजनी का प्रयास किया। पुलिस को दिये आवेदन में उपरोक्त घटना को अंजाम देने का आरोप इमरोज खान, शमीम खान, इंजमामुल खान, मो मोइज अंसारी, तारो मलिक, फिरोज खान, शमीम अंसारी खान, शहनवाज अंसारी, मो सादिक अंसारी, जमील अख्तर, मो जिब्राइल अंसारी, दानिश अंसारी, अफसाना बेगम, मोइनुल अंसारी, सनु अंसारी, अरबाज अंसारी, मो. सागीर अंसारी, रइस अंसारी, समसुल अंसारी, मो. नूर मोहमद, कलीम खान मो. तारो मलिक, कादीर खान, सरेली राय, अब्दुल अंसारी, मो. शाहीद अंसारी, इमरोज अंसारी, मुख्तार अंसारी, वाजिद राय, मो. यासिन राय, जसीम अंसारी, सोहेल अंसारी, मो सादीक अंसारी, भूषण अंसारी, सहालम अंसारी के अलावे दो सौ अज्ञात लोगों पर मारपीट एवं पत्थरबाजी करने का आरोप लगाया है।

**एसडीएम ने कहा : शांति बहाल करें**

**इधर बुधवार शाम को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान सोसो कला गांव एवं आसपास के गांव के गणमान्य लोगों को बुलाया गया। शांति समिति में मुख्य रूप से रामगढ़ एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, अंचल अधिकारी समरेश भंडारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर सुधा वर्मा, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि शांति बहाल करना गांव के लोगों का मुख्य काम है। दोषी जो भी होंगे उन्हें बख्शा नहीं जायेगा। दोनों समुदाय के लोगों से बारी-बारी से घटना से संबंधित विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान एक समुदाय के लोगों ने कहा कि जब हम लोग मूर्ति विसर्जन करते हैं, तब ये लोग किसी न किसी रूप में भी विवाद खड़ा करते हैं। अक्सर इस तरह की घटना घटती रहती है। दूसरे समुदाय के लोगों ने कहा कि मूर्ति विसर्जन को लेकर रूट बना हुआ है। कुछ लोग मूर्ति रूट से बाहर ले जा रहे थे। इसका विरोध करने पर मारपीट कर दी।**

# 38वें नेशनल गेम्स में जज टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में संतोषी का चयन

**रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने दी बधाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा/ रांची।** घाघरा निवासी सह रांची विश्वविद्यालय, स्कूल ऑफ योग की सहायक प्राध्यापिका संतोषी कुमारी का चयन 38वें नेशनल गेम्स में जज टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में किया गया है। 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून में किया था। इस वर्ष के राष्ट्रीय खेलों में 36 राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश भाग ले रहे हैं। 17 दिनों में 35 खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी, जिनमें 35 खेलों के लिए पदक दिये जायेंगे, योग और मल्लखंब को भी राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया गया है। इस आयोजन में देश भर से 10,000 से अधिक एथलीट भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन भारत सरकार के योगासन के तत्वावधान में उत्तराखंड के अल्मोड़ा में आयोजित किया जा रहा है। इसमें मुख्यतः 5 इवेंट शामिल किये गये हैं, ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक, रिद्मिक है। जिसमें प्रतिभागी एकल, जोड़ी और ग्रुप में भाग ले सकते हैं। इसी क्रम में संतोषी का चयन झारखंड राज्य से किया गया है, इससे पहले भी कई राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता, खेलो इंडिया में जज की भूमिका में रह चुकी हैं। संतोषी एनआइएस पटियाला से जज लेवल तीन पास की हैं। पिछले वर्ष 2024, गोवा नेशनल गेम्स में बेस्ट टेक्निकल ऑफिसर के लिए उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य और योगासन भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य द्वारा अवार्ड दिया गया था। इस उपलब्धि के लिए रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, रजिस्ट्रार डॉ गुरुचरण साहू, स्कूल ऑफ योग की डायरेक्टर डॉ मधुलिका वर्मा, योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सेक्रेटरी विपिन पांडेय, कोषाध्यक्ष मनोज तिवारी, पेट्रोन ईश्वर चंद, डॉ एसके घोसल, प्रशांत कुमार, चैताली मुखर्जी, पूजा सिंह, समाज सेवी गौरव अग्रवाल शंकर राणा, मनीष कुमार, अखिलेश कुमार, मलय दे, सुधा झा और संघ के सभी सम्मानित सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# सांसद ने 1500 जनजातीय यात्रियों को महाकुंभ के लिए रवाना किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महाकुंभ में पवित्र स्नान को रांची रेलवे स्टेशन से स्पेशल महाकुंभ ट्रेन से 1500 की संख्या में जनजातीय यात्रियों को सांसद संजय सेठ ने पुष्प वर्षा कर प्रयागराज के लिए रवाना किया। यह यात्रा वनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा आयोजित है। रांची रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर कर वनवासी कल्याण केंद्र के प्रांत प्रचार प्रमुख सुनील सिंह, सुशील मरांडी, संदीप उरांव, सोमा उरांव, मेघा उरांव, सुदान मुंडा, हिंदुआ उरांव, अंजलि लकड़ा, संगीता लकड़ा, सुलेखा कुमारी, सुजाता मुंडा, सन्नी उरांव, लाला उरांव, राजू मौजूद रहे।

### सुबह दस बजे से लेकर शाम 4 बजे तक करीब छह घंटा राजमार्ग जाम रहा

# दोहरे हत्याकांड से आक्रोशित ग्रामीणों ने रांची-गुमला मार्ग जाम किया

**रिम्स से शव पहुंचते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने दोबारा जाम लगाया, आवागमन हुआ ठप**

**प्रशासन से दोनों मृतकों के परिजनों को पचास-पचास लाख मुआवजा राशि देने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता





**पिस्कानगड़ी।** थाना क्षेत्र के कतरपा गांव में मंगलवार की शाम हुए दोहरे हत्याकांड से आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों लाठी डंडों से लैस होकर रांची गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 23 को चेकपोस्ट के पास अपराधियों की शीघ्र गिरफ़्तारी की मांग को लेकर जाम कर दिया। बुधवार को सुबह दस बजे से लेकर शाम के 04 बजे तक करीब छह घंटा राजमार्ग जाम रहा। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ़्तारी की मांग की। जाम किये ग्रामीणों के गुस्सा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सिर्फ एंबुलेंस को जाने दे रहे थे। मौके पर उपस्थित कांग्रेसी नेता अजय नाथ शाहदेव सहित स्थानीय ज़िप सदस्य पूनम देवी, समाजिक कार्यकर्ता तपेश्वर केसरी, केदार महतो, बजरंग महतो, विनोद तिर्की, चुडामनी महतो, प्रभात तिर्की, विजय धान, सुनील कच्छप, राखी देवी, शीला देवी, गुलरेज अंसारी, राजेंद्र महतो सहित दर्जनों शांति समिति के सदस्य ने कई बार ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया पर ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। करीब तीन बजे ग्रामीणों ने छह सूत्री मांग पत्र प्रशासन को सौंपा। जिसमें अपराधियों को अविलंब गिरफ़्तारी, दोनों को शहीद का दर्जा, दोनों मृतकों के परिजनों को पचास-पचास लाख मुआवजा राशि देने। सरकार इनके बच्चों को शिक्षा का पूरा ज़िम्मा ले। नगड़ी क्षेत्र को अपराध मुक्त करने की मांग रखी। मौके पर ग्रामीण एसपी के प्रयास से प्रखंड प्रमुख मदुआ कच्छप और सुनील लिंडा के समझाने और लिखित रूप पत्र से देने देने के बाद जाम कर रहे ग्रामीण और मृतक के परिजन जाम हटाने पर तैयार हुए। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने कहा कि सभी मांगों को रांची डीसी को सौंप दिया जायेगा। मौके पर नगड़ी सीओ राजेश कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत ने मृतकों के परिजनों को तत्काल दस-दस हजार रुपये की सहयोग राशि सौंपी। इस दौरान ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, मुख्यालय 2 डीएसपी अरविंद सिंह, ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल तिवारी, रातू थाना प्रभारी रामनरायण सिंह, नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय सहित सैकड़ों पुलिस के जवान जाम स्थल पर उपस्थित थे।

वहीं जब रिम्स से दोनों मृतकों का शव गांव पहुंचा तो सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित ग्रामीण लाठी-डंडा से लैस होकर पुनः का शव को रखकर रांची गुमला राजमार्ग संख्या -23 को शाम सात बजे से दोबारा जाम कर दिये।

# वेव्स 2025 'रील मेकिंग' चैलेंज के लिए 3,300 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं

### भारत समेत 20 देशों से पंजीकरण हुए

आजाद सिपाही संवददाता

**नयी दिल्ली।** विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में 'रील मेकिंग' चुनौती को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें भारत और 20 देशों से 3,379 पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। वेव्स 2025 के तहत एक प्रमुख पहल के रूप में शुरू की गयी यह प्रतियोगिता, मीडिया और मनोरंजन के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में भारत के बढ़ते प्रभाव को उजागर करती है।

साथ ही देश की तेजी से बढ़ती डिजिटल क्रिएटर अर्थव्यवस्था को भी दर्शाती है। यह भारत सरकार के 'भारत में सृजन' दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो देश भर से और अन्य देशों से प्रतिभाओं को सशक्त बनाता है। इस प्रतियोगिता में अफगानिस्तान, अल्बानिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, अंडोरा, एंटीगुआ और बारबुडा, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी सहित अन्य देशों से उल्लेखनीय अंतरराष्ट्रीय भागीदारी देखी गयी है। यह वैश्विक पहुंच भारत के रचनात्मक क्षेत्र के बढ़ते प्रभाव और दुनिया भर में कंटेंट क्रिएटर के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में वेव्स की महत्ता को उजागर करती है।

**तवांग से पोर्ट ब्लेयर तक : देश भर में कहानियों को सुनाने का बढ़ता प्रचलन**

**घरेलू स्तर पर इस चुनौती में भारत भर के विविध और दूरदराज के स्थानों से प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें तवांग (अरुणाचल प्रदेश), दीमापुर (नागालैंड), कारगिल (लद्दाख), लेह, शोपियां (कश्मीर), पोर्ट ब्लेयर (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह), तेलियामोरा (त्रिपुरा), कासरगोड (केरल) और गंगटोक (सिक्किम) शामिल हैं। छोटे शहरों और उभरते रचनात्मक केंद्रों से वेव्स की 'रील मेकिंग' चुनौती प्रतियोगिता को मिली मजबूत प्रतिक्रिया भारत की समृद्ध कहानी सुनाने की परंपराओं और बढ़ते डिजिटल क्रिएटर इकोसिस्टम को दर्शाती है। चुनौती के तहत 20 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागियों को 'विकसित भारत' जैसे विषयों पर रील बनानी होगी, जिसमें भारत की मौजूदा तकनीकी और बुनियादी ढांचे की प्रगति पर प्रकाश डाला जायेगा। 'भारत @ 2047' में इन क्षेत्रों में देश के भविष्य के विकास की कल्पना की जायेगी। ये थीम कहानीकारों को 30-60 सेकंड की संक्षिप्त फिल्मों के माध्यम से भारत की नवाचार यात्रा को प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान करती हैं, जिसमें देश की प्रगति के लिए उनकी रचनात्मकता का प्रदर्शन होगा।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक पहल

# नमो इ-लाइब्रेरी और साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर की शुरुआत जल्द

**साइबर अपराध की नकारात्मक छवि को बदलना है उद्देश्य : संजय सेठ**

**एक कंप्यूटर में उपलब्ध होगी दुनिया की सभी पुस्तकें, साइबर क्षेत्र में युवाओं को बनाया जायेगा स्किल्ड**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने रांची में डिजिटल इ-लाइब्रेरी और साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर खोलने की घोषणा की है, जहां युवाओं को दुनिया भर की सभी पुस्तक और पाठ्य सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध करायी जायेगी। इसके साथ ही साइबर सिक्योरिटी से जुड़े कई स्किल डेवलपमेंट के कार्यक्रम भी चलाये जायेंगे। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है, शीघ्र ही उद्घाटन किया जायेगा। इस बाबत रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को अपने केंद्रीय कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि नमो इ-लाइब्रेरी और साइबरपीस कम्युनिटी सेंटर रांची की जनता को देने जा रहा हूं। विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने में हम सबका योगदान हो; इस उद्देश्य के साथ इ-लाइब्रेरी और साइबरपीस कम्युनिटी सेंटर का शुभारंभ किया जा रहा है। यह केंद्र हमारे देश की उन्नति और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो विकसित भारत 2047 के हमारे सपने को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। यह नमो इ-लाइब्रेरी और साइबरपीस कम्युनिटी सेंटर मेरी पहल पर साइबरपीस फाउंडेशन, और समुदाय के संयुक्त प्रयास से स्थापित की जा रही है। इसका उद्देश्य है कि तकनीकी शिक्षा और साइबर स्किल और सुरक्षा के माध्यम से समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया जा सके।

यह केंद्र डिजिटल शिक्षा और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में ज्ञान का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनने जा रहा है। नमो इ-लाइब्रेरी में विश्व स्तरीय पुस्तकें और डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराये जायेंगे जो शिक्षार्थियों को नवीनतम ज्ञान से लैस करेगी। साथ ही, साइबरपीस कम्युनिटी सेंटर के माध्यम से हम साइबर स्किल और सुरक्षा के महत्व को बढ़ावा देंगे।

श्री सेठ ने बताया कि यह डिजिटल लाइब्रेरी पूरी तरह से समुदाय के हर वर्ग को समर्पित रहेगी, जहां उन्हें इ-पुस्तक, ऑडियो बुक, कई शोध पत्र, शैक्षणिक पत्र पत्रिकाएं उपलब्ध हो सकेंगी। यहां कई पुस्तकें ऑफलाइन भी उपलब्ध रहेंगी। दुनिया की सभी पुस्तकों का ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन लिया जायेगा, ताकि दुनिया की सभी पुस्तक एक कंप्यूटर पर उपलब्ध हो। महीने में एक बार एक परिचर्चा सत्र आयोजित होगा, जहां साइबर, ऑनलाइन शिक्षा, ज्ञान विज्ञान के प्रसार संबंधित कई विषयों पर जानकारी दी जायेगी। साइबर के क्षेत्र में लगातार मांग भी बढ़ रही है और रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। इस उद्देश्य से यह डिजिटल लाइब्रेरी कई लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी।

रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि झारखंड को जिस प्रकार से साइबर अपराध के लिए जाना जाता है, उस छवि को बदलना हमारा एक प्रमुख लक्ष्य है। यह केंद्र झारखंड के युवाओं को उनकी वास्तविक क्षमता को पहचानने और सकारात्मक दिशा में उनका मार्गदर्शन करने का कार्य करेगा।

**पूर्व में भी कर चुके हैं दो सामाजिक पहल :** इससे पूर्व भी शिक्षा के क्षेत्र में संजय सेठ ने दो बड़े सकारात्मक कार्य किये हैं। उनके द्वारा नमो बुक बैंक का संचालन विगत 4.5 वर्षों से किया जा रहा है, जिसके तहत 3 लाख से अधिक पुस्तक विद्यार्थियों के बीच निःशुल्क वितरित की गयी है। उनकी पहल पर ही कोल इंडिया के द्वारा रांची में एक साथ 5000 विद्यार्थियों को बैठने की क्षमता वाले पुस्तकालय का निर्माण भी मोराबादी में किया जा रहा है।

# गुमला निवासी मो. इमरान के साथ 39 लाख 50 हजार रुपये की ठगी, रांची पुलिस से की शिकायत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गुमला निवासी मो. इमरान ने रांची पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है कि उनके साथ 39 लाख 50 हजार रुपये की ठगी की गयी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि रांची के झामुमो के पूर्व उपाध्यक्ष मो कलाम आजाद सहित चार लोगों ने मिलकर उनसे यह ठगी की है। बुधवार को रांची स्थित अंजुमन में प्रेस कांफ्रेंस कर मो. इमरान ने बताया कि उन्होंने रांची में एक जमीन खरीदने के लिए 36 लाख रुपये का भुगतान किया था, लेकिन बाद में पता चला कि जमीन सरकार द्वारा अर्जित की गयी थी और उन्हें ठगी का शिकार बनाया गया। उन्होंने आरोप लगाया है कि मो कलाम आजाद, इश्तेयाक अहमद, मासूम मेराज और शफीक आलम ने मिलकर उनसे यह ठगी की है। उन्होंने बताया कि कलाम आजाद ने उन्हें जमीन का मालिक बताया था और उनसे 36 लाख रुपये का भुगतान करवाया था। मो. इमरान ने बताया कि मैंने वह जमीन 6 डिसमिल खाता नंबर 31 प्लॉट 1970 वाके मौजा टूंडूल, थाना नगड़ी, थाना नंबर 231 जिला रांची का जमीन खरीदा था। जब उन्होंने जमीन का म्यूटेशन नहीं होने पर कलाम आजाद से संपर्क किया, तो उन्होंने उन्हें धमकी दी और कहा कि वह रांची जिला के झारखंड मुक्ति मोर्चा राजनीतिक पार्टी का पूर्व जिला उपाध्यक्ष है और राज्य में उनका सरकार है। जहां शिकायत करना है करो कोई कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा। उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया है कि इस मामले में त्वरित जांच की जाये और आरोपियों को गिरफ्तार किया जाये। उन्होंने बताया कि उन्हें अपने पैसे वापस पाने की उम्मीद है और न्याय मिलने की आशा है। इस मौके पर मो. इमरान के वकील खुर्शीद आलम ने कहा कि इस मामले को लेकर नगड़ी थाना शिकायत करने गया था तो वहां थाने में इसे झारखंड विधानसभा थाना का मामला बता कर वहीं मामला दर्ज कराने को कहा। विधानसभा थाना जाने पर वहां भी मामला दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अगर मेरे मुवकिल को न्याय नहीं मिला तो 15 दिन के बाद हाइकोर्ट में एक रिट दाखिल करेंगे। इस मौके पर मिनहाजुद्दीन खान, पामू खान सहित अन्य मौजूद थे।

**आरोप राजनीति से प्रेरित है, मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास :मो कलाम आजाद**

वहीं इस मामले पर आरोपी मो कलाम आजाद ने कहा कि यह आरोप राजनीति से प्रेरित है, मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास है। हम एक राजनीतिक पार्टी से संबंध रखते हैं इसके चलते लोगों का मदद किया करते हैं। हम कोई जमीन दलाल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में हम कहां हैं, जबकि हमने न तो रजिस्ट्री किया है और न ही मो. इमरान के साथ कोई एग्रीमेंट किया है। उन्होंने कहा कि हम तो मदद करने की नियत से इस मामले में सामने आये थे। जमीन मालिक सफीक आलम की भी कोई गलती नहीं है, जमीन मालिक ने बताया था कि फोर लेन के लिए सरकार ने भू अर्जन किया था, लेकिन उन्होंने इसका मुआवजा नहीं लिया है। मो कलाम आजाद ने कहा कि हम तो मो. इमरान को पैसा वापस दिलाने का प्रयास भी किये अभी कुछ दिन पहले पांच लाख रुपया वापस भी दिलाया था। जमीन मालिक सफीक आलम ने भी कहा है कि उसका पैसा वापस लौटा देंगे कुछ समय चाहिए। या उस पैसे के बदले दूसरी जगह जमीन ही दे देंगे।

## आम लोगों के लिए आज से खुलेगा राजभवन उद्यान

**रांची (आजाद सिपाही)। आम लोग एक बार फिर से राजभवन के उद्यान का दीदार कर सकेंगे। राजभवन उद्यान आम लोगों के लिए छह से 12 फरवरी तक खोला जा रहा है। कोई भी व्यक्ति राजभवन के गेट नंबर दो सुबह 10 बजे से दिन के एक बजे तक प्रवेश कर सकता है। लोगों को आवश्यक जांच के बाद ही प्रवेश मिलेगा। सभी आगंतुकों को अपना परिचय पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा। उद्यान सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक खुला रहेगा।**

## महत्वपूर्ण खबरें

### भाजपा रांची महानगर जिला ने संगठनात्मक चुनाव के लिए कार्यशाला का आयोजन किया




**रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा रांची महानगर जिला ने संगठनात्मक चुनाव के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। कार्यशाला में अन्नपूर्णा देवी ने संगठन में होने वाले चुनाव की रूपरेखा के बारे में बताया और कार्यकताओं के महत्व पर बल दिया। संजय सेठ ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का आधार स्तंभ होते हैं और उनके दम पर ही पार्टी चुनाव में उतरती है। इस अवसर पर रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल और रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने भाग लिया।**

### रांची में इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन और उपायुक्त के बीच महत्वपूर्ण बैठक



**रांची (आजाद सिपाही)। इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने और नये अवसरों को विकसित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। इस बैठक में एसोसिएशन ने विभिन्न अहम बिंदु रखे, जो झारखंड के स्टार्टअप समुदाय के लिए सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। इनमें इनोवेशन फंड्स का प्रभावी उपयोग, एलओटी आधारित सिटीजन-फ्रेंडली प्रशासन, लाइवलीहुड क्रिएशन पर जोर और डिस्ट्रिक्ट एवं स्टेट रिलेटेड फंडिंग पर चर्चा शामिल थी। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने स्टार्टअप्स को रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि यह झारखंड में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में मदद करेगा। इस बैठक में इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रथिन भद्रा, राष्ट्रीय महासचिव रवि रंजन सिंह और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। यह बैठक झारखंड के स्टार्टअप समुदाय के लिए एक बड़ा कदम थी, जिसमें न केवल इनोवेशन फंड्स और सरकारी सहायता पर चर्चा हुई, बल्कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं में एलओटी और टेक्नोलॉजी के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया।**

### रांची विश्वविद्यालय में पहले स्पोर्ट्स और कल्चरल कन्वोकेशन 2023-24 की तैयारियां पूरी

**रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय में बुधवार को पहले खेल और सांस्कृतिक दीक्षांत समारोह के लिए जोर-शोर से तैयारियां की गयी। कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पूरी तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महामहीम सह कुलाधिपति संतोष गंगवार के आगमन पर स्वागत और मार्चपास्ट की तैयारियों की रिहर्सल की गयी। मार्च पास्ट में शामिल होने वाले सभी लोगों के लिए ड्रेस में पगड़ी और पट्टा शामिल किया गया है। रांची विश्वविद्यालय के पहले खेल और सांस्कृतिक दीक्षांत समारोह को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए कुलपति डॉ. सिन्हा ने अथक प्रयास किये हैं। इस अवसर पर डॉ. सिन्हा ने कहा कि यह समारोह विश्वविद्यालय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय होगा। इस समारोह को यूट्यूब पर लाइव प्रसारित करने का भी इंतजाम किया गया है। इसके लिए लिंक रांची विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है।**

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा का गुजरात स्टीम क्विज 3.0 में शानदार प्रदर्शन

**पूरे देश के सभी राज्यों से लगभग 12 लाख विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची की ग्यारहवीं की छात्रा रिया रोशन उपाध्याय ने गुजरात सरकार द्वारा आयोजित साइंस एंड टेक्नोलॉजी स्टीम क्विज 3.0 में स्कूल के साथ-साथ पूरे राज्य का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में पूरे देश के सभी राज्यों से लगभग 12 लाख विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें पहले राउंड में 1200 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। झारखंड राज्य से कुल चार विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की जिसमें ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा रिया रोशन उपाध्याय ने पहला स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए इन्हें गुजरात सरकार की ओर से एक सैमसंग का टैब और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ग्रांड फिनाले प्रतियोगिता 1 फरवरी 2025 को आयोजित की गयी थी उसमें 1200 सफल विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें रिया ने पूरे देश में 5वां स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए इन्हें गुजरात सरकार की ओर से एक डीटी वाइ ड्रोन टूलकिट और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने रिया को उनकी सफलता की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठोर परिश्रम से किसी भी कार्य में सफलता हासिल की जा सकती है। इनसे सभी विद्यार्थियों को सीख लेते हुए आगे आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु उन्होंने प्रोत्साहित किया। उन्होंने रिया के माता पिता को भी बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर ने इन्हें प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अनेकानेक शुभकामनाएं दीं।

### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने रांची विश्वविद्यालय कुलपति से की मुलाकात

# नीड बेस्ड नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द करने की मांग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने रांची विश्वविद्यालय कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात की और नीड बेस्ड नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने किया। बंधु तिर्की ने कहा कि नीड बेस्ड नियुक्ति प्रक्रिया में पूरी धांधली हो रही है और इसको अविलंब रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी हिंदी की जो मेरिट लिस्ट आयी है, उसमें एक भी झारखंडी, आदिवासी मूलवासी समाज के लोगों का नाम नहीं है। कुलपति ने कहा कि वे एचआरडी के आदेश अनुसार कार्य करवा रहे हैं। बंधु तिर्की ने कहा कि वे शिक्षा मंत्री से वार्ता करेंगे और जल्द ही एचआरडी द्वारा इसको रद्द करवा देंगे। उन्होंने कहा कि नीड बेस्ड नियुक्ति झारखंडी हित में होना चाहिए और जल्द ही सरकार द्वारा कैबिनेट से पारित कर स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

# मछलीघर में उद्यान मेला 6 से 12 फरवरी तक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर में 6 से 12 फरवरी तक उद्यान मेला का आयोजन किया जा रहा है। एक्वा वर्ल्ड के प्रबंध निदेशक प्रतुल शाह देव ने बताया कि राजभवन गार्डेन आम जन के लिए खोलने के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है। दिनभर जादूगर का शो चलता रहेगा। प्रतुल ने बताया बच्चों के लिए विशेष झूले मंगाये गये हैं। लोग दुनिया भर की रंग-बिरंगी मछली की प्रजातियों को देखने का आनंद उठा सकते हैं। अनेक फूड स्टॉल भी लगाये गये हैं। राज भवन के गार्डेन के फूलों की खींची सर्वश्रेष्ठ तस्वीर पर प्रतिदिन इनाम भी मिलेगा। इसके लिए लोगों को मछली घर में बने स्कैन बूथ में जाकर मोबाइल से स्कैन कर तस्वीरें को अपलोड करना होगा।

# डीएसपीएमयू के कुलपति ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने राज्यपाल सह झारखंड के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने उन्हें आगामी 7 फरवरी को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के द्वितीय दीक्षांत समारोह के आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थिति के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने इस मौके पर राज्यपाल को दूसरे दीक्षांत समारोह से संबंधित सारी जानकारियों से अद्यतन किया। इसके अलावा कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक स्थिति की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि वर्ष 2024 में पहले और आगामी 7 फरवरी को दूसरे दीक्षांत समारोह के आयोजन के साथ ही विश्वविद्यालय डिग्रियों के वितरण में अद्यतन स्थिती को प्राप्त कर लेगा । यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।

# संत जेवियर्स कॉलेज में 'मौसम विज्ञान डेटा संग्रह और विश्लेषण' पर संगोष्ठी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची के भूगोल विभाग ने आइक्यूएसी के सहयोग से बुधवार को 'मौसम विज्ञान डेटा संग्रह और विश्लेषण' पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ अभिषेक आनंद उपस्थित रहे, जिन्होंने उन्नत मौसम विज्ञान तकनीकों और उनके वास्तविक अनुप्रयोगों पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। मौके पर प्राचार्य फादर डॉ रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे के अलावा संकाय सदस्य डॉ राजीव रंजन श्रीवास्तव, डॉ संदीप चंद्र, एंजेलीन टोप्पो, गॉडविन परेरा और उत्कर्षा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 85 विद्यार्थी एवं अन्य उपस्थित रहे।




डॉ अभिषेक आनंद ने संयुक्त मौसम पूर्वानुमान प्रणाली पर विस्तृत चर्चा की, जो ग्राउंड स्टेशनों, हॉट एयर बैलून, सैटेलाइट, एडब्ल्यूओएस (ऑटोमैटिक वेदर ऑब्जर्विंग सिस्टम) और शिप-बोर्न उपकरणों सहित कई स्रोतों से डेटा एकत्र करती है। उन्होंने तापमान अंशांकन के महत्व को रेखांकित किया और आद्र और शुष्क बल्ब थर्मामीटर तथा अधिकतम और न्यूनतम तापमान मापने की तकनीकों पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के दौरान विभिन्न सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों, विशेष रूप से कृषि, जल विज्ञान, और मानसून के दौरान भूजल पुनर्भरण में मौसम पूर्वानुमान की भूमिका पर जोर दिया गया। चूंकि झारखंड की कृषि मुख्य रूप से मानसून पर निर्भर है, इसलिए चर्चा इस बात पर केंद्रित रही कि मौसम विज्ञान सेवाएं बेहतर योजना और जोखिम न्यूनीकरण में कैसे मदद कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त डॉ अभिषेक आनंद ने दो विश्वसनीय मौसम संबंधित मोबाइल एप से भी परिचित कराया। इनमें सचेत एप आपदा प्रबंधन और सतर्कता सूचनाओं के लिए एक व्यापक समाधान प्रदान करता है, जबकि दामिनी एप विशेष रूप से बिजली गिरने की वास्तविक समय में जानकारी और सुरक्षा उपाय प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है। यह संगोष्ठी मौसम विज्ञान डेटा संग्रह और उसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रही, जिससे आपदा प्रबंधन, पर्यावरणीय योजना, और कृषि स्थिरता में मौसम पूर्वानुमान की महत्वपूर्ण भूमिका को पुनः स्थापित किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 06 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in



## बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट-2025 : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास रंग लाया

# झारखंड में 26 हजार करोड़ के निवेश का मिला प्रस्ताव, 15 हजार को मिलेगा रोजगार

- निवेश का प्रस्ताव दे चुके निवेशकों ने सीएम से मुलाकात कर उद्यम स्थापित करने की योजना की दी जानकारी
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया भरोसा, सरकार झारखंड में उद्यम लगाने वालों को हरसंभव करेगी सहयोग
- राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से बढ़ रहे हैं आगे, निवेशकों के इश्यूज का होगा समाधान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयासों का परिणाम है कि झारखंड इन्वेस्टर्स हब बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस सिलसिले में उद्यमियों/निवेशकों द्वारा झारखंड में 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का प्रस्ताव मिल चुका है। इस निवेश से 15 हजार से ज्यादा रोजगार सृजित होगा। विदित हो कि निवेश का प्रस्ताव दे चुके इन निवेशकों ने बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण, कोलकाता में शुरू हुए दो दिवसीय बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट-2025 के तहत आयोजित एडवांटेज झारखंड में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उद्यम स्थापित करने की योजना की विस्तार से जानकारी दी। इन निवेशकों में से कई ने नये उद्यम लगाने तो कुछ उद्यमियों ने यहां पहले से स्थापित अपने उद्योगों के विस्तार के प्लान से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने निवेशकों को भरोसा देते हुए कहा कि सरकार झारखंड में उद्यम लगाने वालों को हर संभव सहयोग करेगी।

### समस्याओं का समाधान सरकार करेगी

मुख्यमंत्री के समक्ष निवेशकों ने निवेश को लेकर जमीन अधिग्रहण के साथ आ रही अन्य परेशानियों और समस्याओं को रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य में उद्यम स्थापित करने की दिशा में आपने जो इश्यूज रखे हैं, उसे सरकार संज्ञान में लेकर उसका निराकरण करेगी। हमारी सरकार राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक ऐसी नीति और योजना के साथ आगे बढ़ रही है, जिसमें निवेशकों के साथ आम लोगों को भी फायदा होगा। हमारा प्रयास वैसे उद्योगों को बढ़ावा देना है, जिससे ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन हो। इस राज्य में निवेश करने के लिए आगे बढ़ें, हमारी सरकार आपको सहयोग करेगी।

### आपको हमारा साथ चाहिए, हमें आपका

मुख्यमंत्री ने निवेशकों से कहा कि झारखंड अपार संभावनाओं वाला राज्य है। खनिज संसाधनों की प्रचुरता के साथ कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां निवेश किया जा सकता है। इसके लिए जिस तरह आपको हमारा साथ चाहिए, वैसे ही हमें आपका साथ चाहिए। सभी के सहयोग से झारखंड में विकास को गति दे सकते हैं।

### इन उद्यमियों ने सीएम हेमंत के समक्ष निवेश का दिया प्रस्ताव

1- एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड से आयरन एंड स्टील उद्योग के लिए 8485 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव मिल चुका है। इससे 1400 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और 3000 से ज्यादा लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

2- द इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट लिमिटेड ने स्टील और वायर उद्योग लगाने हेतु 1270 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दे चुकी है। इससे 600 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

3- गजानन फेरो प्राइवेट लिमिटेड ने 1050 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव रखा है। इससे 900 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा ।

4- एस एम स्टील एंड पावर लिमिटेड ने पावर जेनरेशन के क्षेत्र में 2800 करोड़ रुपये का निवेश करने का प्रस्ताव दिया है। इससे 1600 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

5- वॉल्टेक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड ने विशेष स्टील प्लांट लगाने के लिए लगभग 4000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दे चुकी है। इस प्लांट के लगने से 2000 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

6- रामकृष्णा फोरगिंस लिमिटेड में फेब्रिकेशन, ग्रे, एसजी और एडीआइ कास्टिंग प्लांट के लिए लगभग 313 करोड़ रुपये से अधिक निवेश का प्रस्ताव दे चुकी है। इससे 500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

7- बीएमडब्ल्यू इंडस्टरीज लिमिटेड ने कोल्ड रोलिंग मिल प्लांट के लिए लगभग 1100 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इस निवेश से 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

8- रश्मि मेटलिक्स लिमिटेड ने इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट के लिए 3800 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इससे 3000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

9- सुप्रीम मेटल एक्सपोर्ट लिमिटेड ने रोल्ड स्टील प्लांट लगाने के लिए 3000 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रस्ताव दे चुकी है। इससे 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

10- एसकेवाई कॉर्प ने मुख्यमंत्री को झारखंड में लेदर से जुड़े उत्पादों के निर्माण हेतु 400 करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश का प्रस्ताव दिया। इस निवेश से 1000 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे झारखंड के लेदर उद्योग में एक नयी क्रांति आयेगी।

11- टैक्सटाइल एसोसिएशन ऑफ झारखंड तथा बंगाल में टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े उद्यमियों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर झारखंड में निवेश की इच्छा जतायी। उन्होंने कहा कि झारखंड में टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश की काफी संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें कहा कि राज्य में टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ाना देने के लिए सरकार जल्द ही नयी पालिसी लेकर आयेगी।

### सीएम ने झारखंड पवेलियन का किया उद्घाटन



मुख्यमंत्री ने बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण, कोलकाता में बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट- 2025 के तहत लगे झारखंड पवेलियन का उद्घाटन किया। इस पवेलियन में झारखंड के विभिन्न सेक्टरों के द्वारा स्टाल लगाये गये हैं। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सचिव मनोज कुमार, सचिव जितेंद्र सिंह और सचिव विप्रा भाल समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### स्कूल ऑफ योग में नि:शुल्क योग शिविर का शुभारंभ



रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ योग में समग्र स्वास्थ्य पर 15 दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के माध्यम से किया गया। विभाग की निदेशक डॉ मधुलिका वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया। कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने योग के अपने अनुभवों को साझा करते हुए सभी प्रतिभागियों को अपने दैनिक जीवन में इसे अपनाने के लिए कहा तथा सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। सीवीएस की डिप्टी डायरेक्टर डॉ स्मृति सिंह ने समग्र स्वास्थ्य प्राप्ति में योग को महत्वपूर्ण बतलाते हुए सभी को नियमित रूप से योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ बीबी रॉय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का समापन पौधरोपण के माध्यम से किया गया।

### आइबीपीएस साक्षात्कार का विशेष बैच एनआइबीएम में



रांची (आजाद सिपाही)। आइबीपीएस पीओ मुख्य परीक्षा में कई छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। इसके साक्षात्कार में बेहतर मार्क्स के लिए साक्षात्कार के विशेषज्ञ और विभिन्न बैंक के रिटायर्ड चीफ मैनेजर, एजीएम द्वारा बैंकिंग इकोनामिक एवं बायोडाटा और अन्य का क्लास मैटेरियल के साथ सिंगल, बोर्ड मॉक शुरू किया जा रहा है। पिछले 26 वर्ष से लगातार रिकॉर्ड रिजल्ट देने वाली संस्थान में अगले आइबीपीएस बैंकिंग, एसएससी, रेलवे की पीटी और मुख्य परीक्षा के विशेष बैच हिंदी-अंग्रेजी माध्यम में शुरू किये जा रहे हैं। संस्था में अभी ऑफर के तहत लाइब्रेरी तथा रीडिंग बिल्कुल निशुल्क दी जा रही है। निदेशक एमके गुप्ता ने बताया कि अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए विशेष छूट की व्यवस्था है। विशेष जानकारी के लिए रांची श्री साईं टावर चौथी मंजिल स्थित एनआइबीएम या फोन नंबर 8825250625 एवं 9334726278 पर संपर्क कर सकते हैं।

### संत माइकल्स स्कूल में अलंकरण समारोह




रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को संत माइकल्स स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि संत माइकल्स स्कूल के अध्यक्ष कमल बहल, निदेशक रजत बहल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सुभाष कुमार ने सत्र 2025-26 के होने वाले नये परिषद के सदस्यों को नयी जिम्मेदारी सौंपी। प्रधानाचार्य डॉ. सुभाष कुमार ने नये परिषद के सदस्यों को दिये गये पद को ईमानदारी पूर्वक निभाने की शपथ दिलायी। हेड व्वॉय कुणाल गौरव रवानी एवं हेड गर्ल पारुल कुमारी ने प्रदत्त पद के लिए विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक निभाने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सवार्गीण विकास भी आवश्यक है। छात्रा जिया सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन अभिनव गोराई एवं एंजेल कश्यप के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

## एसबीयू की मेजबानी में इस्ट जोन चेस चैंपियनशिप का दूसरा दिन

# बीएचयू ने उत्कल विवि को मात दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय की मेजबानी में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआइयू) द्वारा आयोजित इस्ट जोन चेस चैंपियनशिप (पुरुष) के दूसरे दिन के मुकाबलों के तीन चक्रों के बाद कोलकाता, जादवपुर और एलएन मिथिला विश्वविद्यालय के प्रतिभागी आगे चल रहे हैं। बुधवार को हुए मुकाबलों में कोलकाता विवि ने पटना विवि, जादवपुर विवि ने एसओए को और बीएचयू ने उत्कल विवि को मात दी। एलएन मिथिला विश्वविद्यालय और कीट के बीच हुआ मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

इस दौरान एआइयू के ऑब्जर्वर डॉ एनआर राजकुमार, चीफ आर्बिटर असित वरन चौधरी, डॉ नीलिमा पाठक, एस डांडीन, प्रवीण कुमार, आयोजन समिति के सचिव सुभाष शाहदेव एवं सह संयोजक राहुल रंजन भी उपस्थित रहे। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में दो दिवसीय इंटर हाउस स्पोर्ट्स मीट संपन्न

# रायटियस हाउस 100 मेडल्स के साथ ओवरऑल विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में अंतरसदन खेल संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में चारों हाउस-रायट्यिस, विजडम, एक्ज्यूबरेंट एवं करेज के केजी से लेकर ग्यारहवीं तक के छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरुप ने मशाल जलाकर किया। स्पोर्ट्स मीट में 100 मीटर 200 मीटर एवं 400 मीटर, 400 मीटर रिले रेस, शार्टपुट (बालक और बालिका वर्ग) डिस्कस थ्रो, लांग जंप, टग ऑफ वॉर, म्यूजिकल चेयर, योगा आदि खेलों का प्रदर्शन छात्रों ने उत्साहपूर्वक किया। कार्यक्रम स्थल पर विद्यालय के चेयरमैन संजय शारदा, डायरेक्टर दीपक बंका एवं अनुज रंजन, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरुप, प्राचार्या जसमीत कौर, दीपा बंका, आकांक्षा सिन्हा, शिक्षक एवं छात्रवृंद उपस्थित थे। विद्यालय के चारों हाउस के एनसीसी के छात्रों ने बड़े ही अनुशासित रूप से अतिथि को सैल्यूट किया।

विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरुप ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्या ने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का उपयोग भविष्य में कितना महत्व रखता है, समझाया।

**विजयी टीम : प्रथम स्थान** - रायट्यिस हाउस - 100 मेडल्स

**द्वितीय स्थान** : विजडम हाउस - 89 मेडल्स।

**तृतीय स्थान** : एक्ज्यूबरेंट हाउस - 65 मेडल्स।

**चतुर्थ स्थान** : करेज हाउस - 64 मेडल्स।

विद्यालय मैनेजमेंट ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी।

# स्व गंगा प्रसाद बुधिया की 121वीं जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मारवाड़ी महाविद्यालय प्रांगण में कॉलेज के संस्थापक स्व गंगा प्रसाद बुधिया की 121वीं जयंती मनायी गयी। सर्वप्रथम उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मारवाड़ी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ जावेद अहमद ने कहा कि आज के समय में गंगा बाबू के जीवन से शिक्षा लेकर काम करने की प्रेरणा लेने के लिए ही हमलोग उनकी जयंती मना रहे हैं। सादा जीवन उच्च विचार की भावना से उन्होंने इस कॉलेज का निर्माण कराया। इसमें 18 से 20 हजार छात्र-छात्रा पढ़ रहे हैं। यहां से पढ़े लोग पूरे विश्व में कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं। मारवाड़ी शिक्षा ट्रस्ट के सचिव अरुण बुधिया अपने उद्गार व्यक्त किये। राहुल कुमार ने संचालन किया। महाविद्यालय के संकायाध्यक्ष तरुण चक्रवर्ती, परीक्षा नियंत्रक उमेश कुमार, अनुभव चक्रवर्ती, अवध कुमार सहित कई लोगों ने गंगा बाबू के सत कार्यों की चर्चा की और उन्हें जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। एलूमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव मित्तल, सचिव शुभम मंत्री, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कॉलेज के पूर्व प्राचार्य, बुधिया परिवार की वरिष्ठ महिला शारदा बुधिया एवं अरुण बुधिया को शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल, पवन मंत्री, रजनी बुधिया, गणेश भावसिंहका, अर्जुन जालान, विश्वजीत बोस, हरबिंदर सलूजा, सुरेश जैन, पवन शर्मा, सतनाम कौर, सुनीता जैन, अमृतेश पाठक, मंजू हेतंसरिया, आदित्य, डॉ आफताब जमील सहित भारी संख्या में समाज के लोग और छात्र छात्रा उपस्थित थे। सबने अपने अपने उद्गार व्यक्त कर सृजन शील गंगा प्रसाद बुधिया के वृहद सामाजिक जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवक भी मौजूद थे।

### संरक्षा आयुक्त (रेलवे) ने किया नवादा-तिलैया रेलखंड का निरीक्षण

हाजीपुर (आजाद सिपाही)। सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा बुधवार को दानापुर मंडल के किऊल-गया दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत लगभग 17 किमी लंबे नव-दोहरीकृत नवादा-तिलैया रेलखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान संरक्षा आयुक्त द्वारा नवादा और तिलैया के मध्य नवनिर्मित दोहरीलाइन और तिलैया स्टेशन के मध्य स्टेशन भवन, पैनलरूम, रिले रूम और आइपीएस रूम का निरीक्षण किया गया। साथ ही संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा विशेष ट्रेन से नवादा से तिलैया के मध्य 120 किमी/घंटा की गति से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। संरक्षा आयुक्त की अनुमति प्राप्त होते ही नव-दोहरीकृत रेलखंड पर ट्रेनों का आवागमन शुरू हो जायेगा। इस अवसर पर दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी सहित निर्माण विभाग, दानापुर के उच्चाधिकारी भी उपस्थित थे ।

### कांग्रेस पार्टी ने झारखंड में कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन किया

रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन किया है। इस समिति का उद्देश्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित करना है। समिति के सदस्यों की घोषणा करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि नागेंद्र कुमार को कार्यक्रम कार्यान्वयन समन्वयक बनाया गया है। इसके अलावा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कामेश्वर गिरी को गुमला, लोहरदगा, खूंटी और सिमडेगा जिले का प्रभार दिया गया है। डॉ राजेश गुप्ता को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, रांची ग्रामीण, सरायकेला खरसावां का प्रभार सौंपा गया है। शांतनु मिश्रा को बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, कोडरमा, रांची नगर का प्रभार दिया गया है, जबकि सुरेन राम को गढ़वा, पलामू और लातेहार का प्रभार सौंपा गया है। नेली नाथन को दुमका, देवघर और गोड्डा का प्रभार दिया गया है, जबकि अख्तर अली को पाकुड़, साहेबगंज, जामताड़ा और जितेंद्र त्रिवेदी को रामगढ़, हजारीबाग और चतरा का प्रभार सौंपा गया है।


भाकृअनुप-केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753006 (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 40/SRF/2024-25 दिनांक / Date: 06.02.2025

प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु सूचना / Notice for Walk-In-Interview

प्रधान अन्वेषक, ईएपी-442 योजना के तहत सभी योग्य उम्मीदवारों को एक (01) सीनियर रिसर्च फेलो (एसआरएफ) के चयन हेतु दिनांक 04.03.2025 को भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., कटक, ओड़िशा में वॉक-इन इंटरव्यु हेतु आमंत्रित करते है। अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., की वेबसाइट: https://icar-nrri.in/walk-in-intervew पर जाएं।

PI of the project EAP-442, invites all the eligible candidates for Walk-in Interview for the post of one (01) Senior Research Fellow (SRF) on dated 04.03.2025 at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. For further details please visit to ICAR-CRRI website: https://icar-nrri.in/walk-in-intervew.

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR



OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(An undertaking of Jharkhand Govt.)
House No. 399/B, Road No.-4/C, Ashok Nagar, Ranchi-834002
0651-2214712, Fax:0651-2202400 (CIN: U45200JH2002SGC012154)

Notice Inviting Tender No. NIT-18/2024-25

Letter No.: CE/3812/135 Date: 31.01.2025

Jharkhand Police Housing Corporation Limited, Ranchi invites open tender for works mentioned below:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply of Manpower at Jharkhand Police Housing Corporation Limited |
| 2 | Availability of BID Documents | Online http://www.jphcl.jhpolice.gov.in/ at Tender section (Other details such as date of submission, Estimated cost, Tender fee and Earnest money etc. are available at above website.) Helpline: jphcl.com@gmail.com Phone No. 0651-2214712 |

Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 06 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# बेहतर की आशा

एजुकेशन टेस्टिंग सर्विसेज (इटीएस) की ताजा ह्यूमन प्रोग्रेस रिपोर्ट में जो बात सबसे पहले ध्यान खींचती है, वह है, उससे निकले निष्कर्षों का विरोधाभास। रिपोर्ट के मुताबिक जहां भारतीय अपनी शिक्षा व्यवस्था से सबसे ज्यादा उम्मीदें पाले हुए हैं, वहीं इस व्यवस्था की खामियों की ओर उंगली उठाने में भी वे पीछे नहीं दिखते। ये दोनों बातें इस लिहाज से महत्वपूर्ण हैं कि अगर इन पर ध्यान देते हुए कायदे से प्रयास किये गये तो बेहतर भविष्य की राह निकालना बहुत मुश्किल नहीं होगा।

**उम्मीदें लबालब :** सर्वे के मुताबिक जहां अन्य देशों में मौजूदा शिक्षा व्यवस्था से लोग निराश हैं, वहीं भारत में एकदम उलटी स्थिति है। अन्य देशों में औसतन 30% लोगों ने ही मौजूदा शिक्षा व्यवस्था से उम्मीद जतायी, लेकिन भारत में ऐसे लोग 70% हैं। भविष्य में स्थिति सुधरने की गुंजाइश का जहां तक सवाल है, तो वैश्विक औसत 64% है, लेकिन भारतीय यहां भी आगे (76%) हैं।

**कड़वी हकीकत :** ऐसे में स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि क्या ये उम्मीदें हवा-हवाई हैं। क्या सर्वे में शिरकत करने वाले लोगों को भारत में शिक्षा की स्थिति की बिल्कुल जानकारी नहीं है? यहां सर्वे की रिपोर्ट फिर हैरान करती है, क्योंकि पार्टिसिपेंट्स जमीनी हकीकत से अच्छी तरह वाकिफ हैं, तभी तो 84% लोग मानते हैं कि यहां क्वॉलिटी एजुकेशन तक पहुंच बहुत मुश्किल है। यही नहीं, 78% लोग स्वीकारते हैं कि शिक्षा के अवसर कुछ विशेषाधिकार प्राप्त तबकों तक सीमित होते जा रहे हैं और 74% कहते हैं कि शिक्षकों की कमी भारत में शैक्षिक प्रगति की राह में बहुत बड़ी बाधा है।

**रिपोर्ट के मुताबिक जहां भारतीय अपनी शिक्षा व्यवस्था से सबसे ज्यादा उम्मीदें पाले हुए हैं, वहीं इस व्यवस्था की खामियों की ओर उंगली उठाने में भी वे पीछे नहीं दिखते। ये दोनों बातें इस लिहाज से महत्वपूर्ण हैं कि अगर इन पर ध्यान देते हुए कायदे से प्रयास किये गये तो बेहतर भविष्य की राह निकालना बहुत मुश्किल नहीं होगा।**


**बड़ी चुनौतियां :** सर्वे देश में शिक्षा के बदलते लैंडस्केप को समझने में मदद करता है। बावजूद इसके, इन सर्वे की सीमाओं को भी ध्यान में रखते हुए चलना होगा। निश्चित रूप से जब सर्वे रिपोर्ट बताती है कि अन्य देशों के मुकाबले भारतीयों की नजर में हाई क्वॉलिटी एजुकेशनल प्रोग्राम और इंस्टिट्यूशंस की कमी ज्यादा बड़ी बाधा है, तो यह आज के दौर की सचाई ही सामने लाती है, लेकिन एक राष्ट्र के तौर पर हमारे सामने कुछ हाई क्वॉलिटी इंस्टिट्यूशंस खड़ा करने से बड़ी चुनौती है देश भर में फैले सामान्य शैक्षिक ढांचे के जरिए मिल रही शिक्षा का स्तर ऊंचा करना।

**माइंड द गैप :** इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में अलग-अलग राज्यों में शिक्षा के क्षेत्र में क्वॉलिटी लाने के प्रयास कई स्तरों पर चलाये जा रहे हैं। लेकिन जॉब्स मार्केट की लगातार बदलती जरूरत और शैक्षिक ढांचे में करायी जा रही तैयारियों के बीच का गैप बताता है कि अभी इस मोर्चे पर बहुत कुछ किये जाने की जरूरत है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**जेम्स एलन एक ब्रिटिश दार्शनिक लेखक थे, जो अपनी प्रेरणादायक पुस्तकों और कविताओं के लिए जाने जाते थे और स्वयं सहायता आंदोलन के अग्रणी के रूप में जाने जाते थे। उनकी सबसे प्रसिद्ध कृति, एज ए मैन थिंकेथ (जैसा आदमी सोचता है), 1903 में इसके प्रकाशन के बाद से बड़े पैमाने पर उत्पादित की गयी है। इसमें एलन दर्शाते है कि हमारी ये पलकें हमारे व्यक्तित्व, हमारी परिस्थितियों और हमारी भलाई पर विचारों की शक्ति को प्रकट करती हैं।**

# जीवन में मनुष्य जैसा सोचता है...



डॉ मयंक मुरारी



बृहदारण्यक उपनिषद (4.4.5) में कहा गया है कि आप वह हैं, जो आपकी गहन इच्छा है, जैसी आपकी इच्छा है, वहीं आपकी आकांक्षा है। जैसी आकांक्षा है, वैसा आपका कर्म है, जैसा आपका कर्म है, वैसा ही आपका भाग्य है। मनुष्य अपनी इच्छाओं का योग है। जैसा मनुष्य सोचता है, वैसा ही बन जाता है। सवाल यह है कि क्या हमने कभी सोचा है कि हम इंसान कैसे हैं? हम मनुष्य अपने विचारों का योग है। जिस तरह एक छोटा सा बीज एक पौधे को जन्म देता है, उसी तरह हम जो भी काम करते हैं, वह हमारे विचारों का ही परिणाम होता है। इन कामों से पैटर्न बनते हैं। बदले में, ये पैटर्न हमारे चरित्र का निर्माण करते हैं। हमारा चरित्र या व्यक्तित्व हमारे विचारों से शुरू होता है। अगर हमारे विचार हमारे चरित्र को आकार देते हैं, तो यह तर्कसंगत है कि हमारे विचारों को बदलने से हमारा चरित्र भी बदल जायेगा। अपने विचारों की प्रकृति को बदल कर, निराशावादी लोग पा सकते हैं कि उनके पास मुस्कुराने के लिए कुछ और है। जो कोई भी अपने विचारों पर काबू पाने का प्रयास करता है, वह नकारात्मक चरित्र लक्षणों को खत्म करने से कहीं अधिक कर सकता है। अपने विचारों पर सही तरीके से काम करके, एक व्यक्ति वह भी प्राप्त कर सकता है जिसे दिव्य पूर्णता के रूप में संदर्भित किया जाता है।

**प्रकाश की गति प्रति सेकंड 1.86 लाख मील होता है, जबकि विचार की गति प्रकाश से तेज होती है।**

जेम्स एलन एक ब्रिटिश दार्शनिक लेखक थे, जो अपनी प्रेरणादायक पुस्तकों और कविताओं के लिए जाने जाते थे और स्वयं सहायता आंदोलन के अग्रणी के रूप में जाने जाते थे। उनकी सबसे प्रसिद्ध कृति, एज ए मैन थिंकेथ (जैसा आदमी सोचता है), 1903 में इसके प्रकाशन के बाद से बड़े पैमाने पर उत्पादित की गयी है। इसमें एलन दर्शार्ते है कि हमारी ये पलकें हमारे व्यक्तित्व, हमारी परिस्थितियों और हमारी भलाई पर विचारों की शक्ति को प्रकट करती हैं। हम अपने मन को नियंत्रित करना और अपने विचारों को उन लक्ष्यों की ओर निर्देशित करना सीखने के लाभों की खोज करते हैं, जिन्हें हम प्राप्त करना चाहते हैं। अपने मन को खुशनुमा विचारों से भरें। हर नकारात्मक विचार को सकारात्मक विचार से बदलें। सोचें कि हम क्या बनना चाहते हैं और उसके लिए काम करें। हम देखेंगे कि हमारा पूरा जीवन बदल रहा है। खराब या बेकार विचारों को दूर करके, एक व्यक्ति अपने जीवन में खुशी, शक्ति, शांति और ज्ञान ला सकता है तो इसके लिए प्रयास जरूर किया जाना चाहिए।

जब मनुष्य के विचार में ताकत है, तो हरेक व्यक्ति को आज से ही अपने विचारों पर नियंत्रण करना शुरू कर देना चाहिए। अनियंत्रित विचार हमारी सबसे बड़ी बाधा बना सकता हैं। नकारात्मक दृष्टिकोण में सचमुच ही उन चीजों को नष्ट करने की शक्ति होती है, जिन्हें हम जीवनभर संजोते और प्यार करते हैं। हमारे जीवन में दो चीजें हमारी मनोवृत्ति और हमारी क्रियाविधि एक-दूसरे से जुड़ी होती है। कम उपलब्धि वाले लोग खुद को निराश करते हैं, क्योंकि वे शुरू में खुद के बारे में बहुत कम सोचते हैं। हमारी मनोवृत्ति की समस्याएं अक्सर बढ़ती जाती हैं और गंभीर परिणाम देती हैं। फिर भी, इसका एक बहुत ही सरल समाधान है। विचारों और कार्यों के बीच संबंधों पर अपनी गहन अंतर्दृष्टि से विकास और आत्म-सुधार के लिए एक शक्तिशाली अवसर मिलता है। हमारी क्रियाविधि के साथ हमारा सकारात्मक रवैया हमारे इच्छित जीवन के निर्माण में तथा हमारे अपने भाग्य को आकार देने में प्रभाव डालती है। बचपन में मैं पीपल के वृक्ष को जल अर्पित करता था, ताकि बेहतर पढ़ाई हो। बाद में पूजा-अर्चना के पीछे कुछ पाने की इच्छा रहती थी, लेकिन बाद में समझ आया कि हमें वह नहीं मिलता जो हम चाहते हैं और जिसके लिए प्रार्थना करते हैं। हमें वह मिलता है जो हम न्यायपूर्वक कमाते हैं। हमारी इच्छाएं और प्रार्थनाएं, तभी पूरी होती हैं और उनका उत्तर मिलता है, जब वे हमारे विचारों और कार्यों के साथ सामंजस्य बिठाती हैं।

प्रकाश की गति प्रति सेकंड 1.86 लाख मील होता है, जबकि विचार की गति प्रकाश से तेज होती है। विचार बिजली के माध्यम ईथर से भी सूक्ष्म होता है। जैसे बिजली की गति सभी दिशाओं में गमन करती है। वैसे ही हमारे मन में भरा ईर्ष्या, प्रतिशोध और घृणा भी सूक्ष्म रूप में सभी दिशाओं में लोगों तक पहुंचता है। यह तब भी होता है, जब हम मन से बाहर ने लाते हैं। यह दिया के प्रकाश और पानी में गिरने वाले पत्थर से बने तरंग की तरह प्रवाहित होती है। मन भी आकाश तत्व की तरह सारे अंतरिक्ष को भरता है, जो विचार के लिए वाहन का काम करता है। जैसे आकाश प्रकाश के लिए वाहन है और वायु ध्वनि के लिए वाहन है। दिव्य जीवन सोसाइटी के स्वामी शिवानंद ने एक किताब लिखी-विचार शक्ति। इसमें बताया गया है कि विचार एक सूक्ष्म शक्ति है। यह हमें भोजन से मिलती है। छांदोग्य उपनिषद में वर्णन है कि यदि भोजन शुद्ध है, तो विचार भी शुद्ध होगे। जिसके विचार शुद्ध होंगे, उनकी वाणी में शक्ति होगी। भारतीय चिंतन में बताया गया है कि संपूर्ण सृष्टि की उत्पत्ति भी एक ब्रह्मांडीय मन के रूप में हुई है। सृष्टि का जो मूल विचार था, उसे हिरण्यगर्भ, ब्रह्मांडीय आत्मा की इच्छा कहा गया। यह स्पंदन के रूप में उत्पन्न हुआ। विचार ही सारा संसार है। यह मनुष्य को बांधता है। हमारे चारों ओर जो विचार हम देखते हैं, वे केवल मन के रूप या पदार्थ हैं। विचार ही सृजन करता है, विचार ही विनाश करता है। एक विचार कई विचार को जन्म देता है। चाय की इच्छा के साथ दूध, पानी, चीनी, मेज, कुर्सी, बिस्कुट आदि के विचारों को आमंत्रित करता है। भारतीय जीवन में कहा गया- मनोमात्रं जगत। भारतीय परंपरा कहती है कि प्रारब्ध पिछले जन्म का पुरुषार्थ है। हम कर्म बोते हैं और आदत काटते हैं। आदत बोने से चरित्र बनता है और चरित्र बोने से भाग्य काटते हैं। जब लोग कहते है कि शक्ति कहां है? सभी क्षमताओं और ऊर्जाओं का उद्गम विचार से होता है।

परिस्थितियों की बाहरी दुनिया खुद को विचार की आंतरिक दुनिया के रूप में आकार देती है। सुखद और अप्रिय दोनों बाहरी परिस्थितियां ऐसे कारक हैं, जो व्यक्ति के अंतिम भले के लिए होते हैं। मनुष्य दुख और आनंद दोनों से सीखता है। शरीर मन का सेवक है। यह मन के कार्यों का पालन करता है, चाहे वे जानबूझकर चुने गए हों या स्वचालित रूप से व्यक्त किए गए हो। मनुष्य को अपने हृदय में एक उचित और ऊर्ध्व उद्देश्य की कल्पना करनी चाहिए, और उसे पूरा करने के लिए प्रयास करना चाहिए। उस उद्देश्य को अपने विचारों का केंद्र बिंदु बनाना चाहिए। यह आध्यात्मिक आदर्श का रूप ले सकता है, या यह सांसारिक वस्तु हो सकती है, जो उस समय उसकी प्रकृति के अनुसार हो। लेकिन जो भी हो, उसे अपनी विचार-शक्ति को उस वस्तु पर केंद्रित करना चाहिए, जिसे उसने अपने सामने रखा है। मनुष्य जो कुछ भी प्राप्त करता है और जो कुछ भी प्राप्त करने में विफल रहता है, वह उसके अपने विचारों का प्रत्यक्ष परिणाम है। इससे पहले कि कोई व्यक्ति कुछ भी प्राप्त कर सके, चाहे वह सांसारिक चीजें ही क्यों न हों, उसे अपने विचारों को गुलामीपूर्ण पशु भोग से ऊपर उठाना चाहिए।

## कोल्हान की खबरें

# साउथ प्वाइंट स्कूल में विदाई और आशीर्वाद समारोह का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**पटमदा।** गोबरघुसी साउथ प्वाइंट स्कूल में 12वीं कक्षा के लिए विदाई और 10वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित समारोह का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन शिवप्रकाश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर चेयरमैन ने कहा सभी छात्र छात्राएं अब जिस उम्र के पड़ाव तक पहुंचे निश्चित रूप से आपकी मेधा प्रखर हो चुकी है। सभी समय का सदुपयोग करने में स्वयं सक्षम हो चुके हैं। अनुशासन में रहकर अगर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करेंगे तो अवश्य परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पायेंगे। मौके पर मिस साउथ प्वाइंट दामिनी शर्मा व मिस्टर साउथ प्वाइंट श्रीकांत रजक को सम्मानित किया गया। साथ ही मिस इंटेलेक्चुअल अंकिता महतो, मिस गेमर, रीया दास, मिस क्रिएटिव श्रेया कुमारी, मिस डिसिप्लिन सुहानी दास व मिस फ्लाइंग युवती के रूप में नमिता महतो को खिताब से नवाजा गया।

कार्यक्रम का संचालन छात्रा तनिषा यास्मीन व छात्र प्रियांशु कुंभकार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह, सुभाष चंद्र माझी, युधिष्ठिर माझी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्तित रहे।

# आदित्यपुर के औद्योगिक क्षेत्र में जियाडा ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**आदित्यपुर।** जियाडा ने औद्योगिक क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदूर और सुगम बनाने के लिए पुनः प्रयास शुरू कर दी। बुधवार को जियाडा के द्वारा आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र फेज-7 एपेक्स ऑटो के पास से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। मौके पर जियाडा के पदाधिकारी व काफी संख्या में स्थानीय पुलिस बल मौजूद रहे। जियाडा के पदाधिकारी शनि तिर्की ने बताया पूर्व में मोहलत दिए जाने के बाद ही दोबारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा। लगभग 150 से 200 अवैध तरीके से सड़क किनारे अतिक्रमण कर बनाये गये दुकानें को हटाया जायेगा।

# आजसू पार्टी की कोल्हान प्रमंडल स्तरीय बैठक 10 को, केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो होंगे शामिल

**ग्राम संगठन का होगा गठन, जमीनी स्तर पर मजबूती के लिए बनेगी रणनीति : रामचंद्र सहिस**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति का एक बैठक जमशेदपुर के निर्मल गेस्ट हाउस में की गयी। बुधवार को जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि पार्टी के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, विशिष्ट अतिथि वरिष्ट केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह सहित सभी नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा आगामी 10 फरवरी को दलमा हिलटॉप में कोल्हान प्रमंडल स्तरीय संगठन विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जायेगा। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा आगामी 10 फरवरी को केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के उपस्थिति में आजसू पार्टी के संगठन का विस्तार होगा। उन्होंने कोल्हान के तीनों जिले से सभी केंद्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, सचिव, मंडल अध्यक्ष सचिव के आलावे चयनित पदाधिकारी को शामिल होने के लिए आग्रह किया। केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा आगामी बैठक में ग्राम संगठन का गठन कर आजसू पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए रणनीति तैयार की जायेगी। महिला इकाई की मजबूती व एकजुटता पहली प्राथमिकता होगी। युवाओं को पार्टी से जोड़ने व उनकी ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा होगी। नगर इकाई के आगामी चुनावों को लेकर विचार-विमर्श किया जायेगा। श्री सहिस ने कहा सोशल मीडिया टीम को सशक्त बनाने व डिजिटल प्रचार-प्रसार को और प्रभावी बनाने के उपायों पर चर्चा की जायेगी। मौके पर रामचंद्र सहिस ने आजसू पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्र के पार्टी से जुड़े सभी नेता कार्यकर्ता, पदाधिकारियों व समर्थकों को सूचित कर आगामी बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही।

# कॉरपोरेट घरानों के इशारे पर पेसा नियमावली बनाने पर होगा भारी विरोध : रमेश हांसदा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के कुकड़ू प्रखंड स्थित चोकेगाड़िया में श्यामल मार्डी के अध्यक्षता में पेसा एक्ट -1996 पर विचार विमर्श की गयी। बुधवार को माझी परगना महाल पातकोम दिशोम व आदिवासी भूमिज मुंडा युवा संगठन चांडिल अनुमंडल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित बैठक में भाजपा नेता रमेश हसदा शामिल हुए। मौके पर उन्होंने पेसा एक्ट 1996 के सभी मूल प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही वर्तमान सरकार के पंचायती राज विभाग के प्रस्तावित पेसा नियमावली के त्रुटिया उपस्थित लोगों के बीच रखा। वही केन्द्र सरकार के नियमावली के अनुसार पेसा कानून लागू करने पर अपने बाते को रखी। बैठक में सर्वसम्मति से पेसा कानून लागू करने से पहले पेसा नियमावली की प्रारूप को सार्वजनिक करने के लिए सरकार से मांग की गयी।

वही संवैधानिक नियम कानून के तहत टीएसी का पहले गठन करने की मांग की गयी और टीएसी गठन के बाद पेसा नियमावली को पहले टीएसी से स्वीकृति लेने की मांग की गयी। रमेश हसदा ने कहा मूल प्रावधानों के विपरीत पेसा नियमावली बनाने पर सभी 13 पांचवीं अनुसूचित जिले में सरकार को भारी विरोध का सामना करना पड़ेगा। मौके पर रविंद्र सरदार, रमेश हांसदा अध्यक्ष आदिवासी सुरक्षा परिषद, डोमन बासके, नारायण हांसदा, पानशांत मुर्मू, मकर चन्द्र मांझी, संजीत मांझी, बुद्धेश्वर मांझी, श्रीधर हांसदा, हेंगो हांसदा, पुतरु हांसदा,राजकिशोर मूर्मू, सतीश मांझी,महेंद्र नाथ टुडू, सनातन मुर्मू,महाबीर मांझी, गोपाल मूर्मू, महेश्वर मांझी, परंपारिक प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# चाकुलिया में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बहरागोड़ा।** चाकुलिया प्रखंड के चंदनपुर लैंप्स का उद्घाटन समारोह में मुख्य अथिति विधायक समीर मोहंती शामिल हुए। बुधवार को विधायक ने चंदनपुर लैंप्स धान अधिप्राप्ति केंद्र का फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर झामुमो नेता समीर दास,भित्ति सुंदर महतो, सुनाराम हांसदा, मुखिया माधो टुडू, सरकार मुर्मू,विभूति मुंडा, श्याम हांसदा, मासंग सोरेन, अर्जुन मुर्मू, मिथुन कर, गुहीराम टुडू, शिवू मंडी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने सदस्यता अभियान को लेकर की बैठक

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** ईचागढ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल, नीमडीह, ईचागढ, कुकडु व कपाली नप मे सदस्यता अभियान चलाने के लिए झामुमो जिला संयोजक मंडली द्वारा निर्देश दिया गया। बुधवार को कुकडू पंचायत भवन व ईचागढ़ के टीकर मे सदस्यता अभियान को लेकर विधायक सविता महतो व झामुमो जिला संयोजक सदस्य ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में झामुमो जिला संयोजक मंडली ने यथाशीघ्र सदस्यता अभियान को लेकर निर्देश दिए। इस दौरान ईचागढ विधायक सविता महतो ने पदाधिकारीग व कार्यकर्ताओ को सदस्यता अभियान चलाने को लेकर केद्रीय समिति का निर्देश को पालन करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओ से गांव गांव जाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किए गए कार्या को पहुंचाने व सदस्ता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने का निर्देश दिया। इस अवसर पर झामुमो जिला संयोजक प्रमुख डा शुभेन्दू महतो, सदस्य चारूचांद किस्कू, सुधीर महतो, काबलु महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, अरुण टुडू, इंद्रजीत महतो, नव किशोर हांसदा, हरेकृष्ण महतो, हरि महतो, युधिष्ठिर मांझी, निरंजन महतो, झूलन कुम्हार, कित्तीवास महतो, रफीक अंसारी, धरमु गोप, बैद्यनाथ टुडू, नीताई उरांव, अभय यादव, नरेन गोप, गुप्तेश्वर महतो, संजय महतो, किसन किस्कु, पशुपति बागचीं, सपन सिंह देव क दोनों प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इग्नू में नामांकन की तिथि 15 फरवरी तक विस्तारित

गढ़वा (आजाद सिपाही)। इग्नु (इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय) द्वारा संचालित इस वर्ष के जनवरी सत्र अंतर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन की तिथि 15 फरवरी तक बढ़ा दी गयी है। उक्त जानकारी सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज इग्नु अध्ययन केन्द्र के समन्वयक प्रो अर्जुन प्रसाद ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस केन्द्र पर संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में बीए, बीकॉम, पीजीडीआरडी के साथ-साथ एमए हिन्दी, इतिहास, राजनीति विज्ञान तथा समाजशास्त्र में जनवरी सत्र अंतर्गत नामांकन की तिथि 15 फरवरी तक विस्तारित कर दी गयी है। इन विषयों में ऑनलाईन मोड से नामांकन कराया जा सकता है अथवा महाविद्यालय के इग्नु अध्ययन केन्द्र से विशेष जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

### जिला परिषद की मासिक बैठक संपन्न, कई मामलों पर हुई चर्चा

# पेयजल से लेकर स्वास्थ्य तक के मामले उठाये गये, निदान का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। जिला परिषद की मासिक बैठक जिला परिषद के अध्यक्ष शांति देवी की अध्यक्षता में जिला परिषद कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। सर्वप्रथम अध्यक्ष, जिला परिषद, गढ़वा शांति देवी और उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गढ़वा पशुपतिनाथ मिश्रा तथा जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में पूर्व की कार्यवाही का विभागवार अनुपालन की समीक्षा प्रारंभ किया गया। पेयजल और स्वच्छता के तहत विभिन्न प्रखंडों में लगाये गये जलमीनार और चापानलों के खराब होने की बात से अवगत करायी गयी तथा गर्मी के मौसम आने से पूर्व ससमय ठीक कराने की मांग की गयी। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग, भूमि संरक्षण, पशुपालन, मत्स्य, आपूर्ति, समाज कल्याण, कल्याण समेत अन्य विभागों द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में बताया गया तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं से आच्छादित करने में सहयोग करने हेतु अपील की गयी। भवन प्रमंडल विभाग एवं आरईओ द्वारा जिला अंतर्गत कराये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्य यथा-गो-डाउन, स्कूल, वॉच व्यू पॉइंट, हेल्थ सेंटर समेत अन्य परियोजनाओं के बारे में बतायी गयी। जिला परिषद सदस्यों एवं प्रखंड प्रमुखों द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मनरेगा के तहत कराये जा रहे योजनाओं में गड़बड़ी की शिकायत की गयी। उन्होंने बताया कि योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर न होकर सिर्फ कागजों में रह गया है तथा फर्जी निकासी की जा रही है। उक्त मामले के गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा उक्त शिकायतों का जांच करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गयी। जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी द्वारा डाक बंगला भवन और नगर परिषद गढ़वा मे स्थित पार्क को जिला परिषद गढ़वा को हैंड ओवर करने की मांग की गयी। साथ ही जिन कार्यालय में तीन या तीन वर्षों से अधिक समय तक जो भी कर्मचारी व पदाधिकारी पदस्थापित या प्रतिनियुक्त हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से जनहित में स्थानांतरित करने की मांग की गयी। जिला परिषद के उक्त बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों और सदस्यगणों के अतिरिक्त उपाध्यक्ष जिला परिषद गढ़वा सत्यनारायण यादव, गढ़वा जिले के विभिन्न जिला परिषद सदस्य, विभिन्न प्रखंड प्रमुख, जिला स्तर के सभी संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, कर्मचारी समेत अन्य लोग उपस्थित थें।

# जिला कांग्रेस का 'चलो गांव की ओर' नामक कार्यक्रम का पोस्टर लांच

आजाद सिपाही संवाददाता



गढवा। गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा बुधवार को गढवा जिला कांग्रेस चला गांव की ओर नामक कार्यक्रम का पोस्टर लांच किया। अपने जन्मदिन के अवसर पर जिला अध्यक्ष ओबोदुल्लाह हक अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेंद्र नाथ तिवारी, उदय नारायण तिवारी, राम करेश चौबे, मोसहिद हुसैन ने संयुक्त रूप से पोस्टर लॉन्च किया। इस मौके पर अध्यक्ष ई ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे जिला में चलाया जायेगा, जिसकी बुधवार से शुरूआत की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जिला, प्रखंड, पंचायत फिर गांव तक पहुंचेगा। जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को सुना जायेगा और उनके समाधान के लिए पहल किया जायेगा और राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा कल्याणकारी योजनाओं को आम जन को बताया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार में शामिल कांग्रेसी कोटे के चारों मंत्री भी समय-समय पर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और समस्याओं को सुनेंगे और समाधान करेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि आम जन भावना को समझते हुए गढ़वा जिला कांग्रेस ने इस तरह के कार्यक्रम की योजना बनायी है, ताकि जो आम गरीब, वंचित नागरिकों की समस्या को उनके घर गांव जाकर समस्या का समाधान कर सके, ताकि लोगों का विश्वास पार्टी के प्रति बढ़े। मौके पर इजहार अंसारी, अफसर अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

# कांडी में महायज्ञ महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



कांडी। प्रखंड के ग्राम राणाडीह में श्री राम चरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ महोत्सव का विराट पैंतीसवां अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सुबह से शाम वैदिक मंत्रों द्वारा आवाहित देवी व देवताओं का पूजन पाठ किया जा रहा है, वहीं नौ ब्राह्मणों की टीम द्वारा सुबह से लेकर दोपहर तक रामायण पाठ किया जा रहा है। प्रवचन सत्र के दूसरे दिन वाराणसी से पधारे पंडित सच्चितानंद त्रिपाठी और कानपुर से पधारी मानस मंजरी रामकथा वाचिका साध्वी पुष्पांजलि शुक्ला द्वारा बारी बारी से संगीतमय कथा कही जा रही है। पंडित सच्चितानंद त्रिपाठी ने कहा कि लोगों को कष्ट से छुटकारा पाने के लिए ओझा गुणी की शरण में जाने के बजाए हनुमान जी के शरण में जाना चाहिए। उन्होंने संगीतमय भजन 'जी रहे हैं लोग कैसे आज के वातावरण में' सहित अन्य कई भजनों को सुनाकर लोगों को भक्तिरस में बांधे रखा। यह यज्ञ 12 फरवरी तक चलेगा। यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष श्याम बिहारी दुबे, सचिव ब्रजमोहन मिश्रा, संरक्षक श्यामसुंदर शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय चौबे, उपाध्यक्ष विजय पांडेय, भंडारी उपेंद्र चौबे, सत्यनारायण पांडेय सहित सभी ग्रामीण लगे हुए हैं।

## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा में धूमधाम से की गयी सरस्वती पूजा



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में सरस्वती पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसके मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक कुमार पांडे ने माता की पूजा अर्चना की और दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने स्वागत भाषण दिया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ अरविंद कुमार सिंह पूजा समिति के अध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर कुलपति एमके सिंह कुलसचिव डॉ अजय भूषण, परीक्षा नियंत्रक ललन कुमार, पूजा समिति के उपाध्यक्ष डॉ अमित मिश्रा कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह साथ में सभी कॉलेजों के प्राचार्य और सभी कॉलेजों के छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## भारतीय बोर वेल्स मशीन का शुभारंभ




भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर हाई स्कूल के पास में भारतीय वोर वेल्स मशीन का शुभारंभ बुधवार को विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया गया। भारतीय वोर वेल्स के प्रोपाइटर ने बताया कि डिप बोर, पोल पाईलिंग, पोकलेन, जेसीबी मशीन, मकान का पायलिंग हाई एवं पथरीला नामिन के साथ बालू वाले जमीन में भी बोर किया जाता है। इस मौके पर सुधीर सिंह, शबाबा खान, प्रभाकर सिंह, मुकेश यादव, अखिलेश, रामाधार पांडेय, पपन सिंह, राजेश कुमार सिंह, राकेश सिंह, पूर्व मुखिया बैजू गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गुलाब इंटरनेशनल स्कूल में नामांकन शुरू



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ पंचायत के मोटांगवा में गुलाब इंटरनेशनल स्कूल का प्रचार गाड़ी डायरेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ छोटन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर केतार सहित अन्य प्रखंडों में रवाना किया। गुलाब इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ छोटन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण केतार प्रखंड में आधुनिक सुविधाओं से लैस कोई विद्यालय नहीं है, जिससे बच्चों को दूसरे प्रखंडों में जाना पड़ता है। इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को सीबीएसई पैटर्न पर आधारित गुणवाता पूर्ण शिक्षा मिलेगी। सत्र 2025-26 में नामांकन शुरू है। इस विद्यालय में स्मार्ट क्लास रूम, प्रशिक्षित शिक्षक, कंप्यूटर क्लास, वोकेशनल ट्रेनिंग, स्कूल बस सुविधा, खेल का मैदान, लाइब्रेरी, मेडिकल सुविधा, आरओ पानी सुविधा, शिक्षण यात्रा, समर कैंप सहित सीसी टीवी कैमरे की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही मेधावी छात्रों को 80% तक छात्रवृति की सुविधा है। मौके पर मैनेजिंग डायरेक्टर वेद प्रकाश आर्य, शिक्षक प्रभात कुमार, मनीष कुमार गुप्ता, आस्था सिंह, आकृति कुमारी, समाजसेवी नवनीत सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पुलिस इंस्पेक्टर को पितृ शोक



फाइल फोटो महेश्वर प्रसाद।

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना मुख्यालय के बाजार टोला निवासी और पुलिस इंस्पेक्टर लव कुमार के पिता महेश्वर प्रसाद का निधन बुधवार प्रातः चार बजे अचानक हृदय घात से हो गया। 65 वर्षीय महेश्वर प्रसाद अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र और दो पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गये। जानकारी के अनुसार उनका स्वास्थ्य पूरी तरह से फिट था और अपना सारा दैनिक कार्य करने के बाद मंगलवार की रात्रि में एक बर्थडे पार्टी से आकर सोये थे। करीब चार बजे अचानक सीने में तेज दर्द हुआ, आनन फानन में स्थानीय अस्पताल में लाया गया, जहां नाजुक स्थिति को देखते हुए परमेश्वरी मेडिकल सेंटर गढ़वा में भेज दिया गया। वहां जांच के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। धनबाद बैंक मोड़ थाना प्रभारी पुलिस इंस्पेक्टर लव कुमार के पिता के असामयिक निधन से बाजार टोला में शोक की लहर दौड़ गयी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय सरस्वतीया नदी श्मशान घाट पर किया गया। घटना जानकारी मिलने पर मुखिया राम सागर महतो, संजय, सुनील, महेंद्र, मुखिया पति मुन्ना राम सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

# मंडल स्तरीय संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




गढ़वा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के द्वारा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के अध्यक्षता में मंडल स्तरीय संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। मंडल कार्यालय पुरानी बाजार रुक्मणी साहून धर्मशाला में कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मंडल चुनाव प्रभारी हरेंद्र द्विवेदी सह प्रभारी मीना गुप्ता थे। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का चुनाव होता है। इस पार्टी में परिवारवाद नहीं होती। बूथ अध्यक्ष के चुनाव हेतु सभी शक्ति केंद्र के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किये गये, इसमें कैलाश कश्यप, लखन गुप्ता, टिंकू गुप्ता, सुप्रीत केसरी, दीपक तिवारी, आशीष कश्यप, मनोज पाठक, रंजीत चौरसिया, राजू कुशवाहा, आनंद लाल महतो, रविंदर जायसवाल, अविनाश पासवान का नाम तय किया गया। कार्यक्रम प्रभारी हरेंद्र द्विवेदी के द्वारा कहा गया कि सभी लोग अपने अपने बूथ पर कम से कम दो सौ सदस्यों को ऑनलाइन के माध्यम से जोड़ें और सक्रिय सदस्य बनायें। मीना गुप्ता ने कहा कि भाजपा में एक एक कार्यकर्ताओं को महत्व दिया जाता है, इसमें कोई भेदभाव नहीं होता है। सभी यहां अपने आप को कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं। बैठक में उपस्थित मंडल महामंत्री देवेंद्र गुप्ता, लखन गुप्ता, मनोज महतो, सतेंदर सोनी, सुरेश अग्रवाल, संतोष कश्यप, विशाल गुप्ता सहित कई भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित है।

# जंगल की जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



जंगल में बने अवैध घर को प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी से किया जा रहा नष्ट।

भवनाथपुर। प्रखंड अंतर्गत सिंघीताली गरदा के दुधवानिया घाटी स्थित सुरक्षित वन क्षेत्र के जंगल में अवैध तरीके से झोपड़ी बनाकर जंगल के जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध बुधवार को वन क्षेत्र पदाधिकारी के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में झुग्गी झोपड़ी और मिट्टी के मकान को जेसीबी मशीन से तुड़वाकर जंगल के जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया। अतिक्रमण हटाओ अभियान में भवनाथपुर वन कर्मियों के अलावे पुलिस पदाधिकारी के साथ साथ महिला पुलिस भी शामिल थी। इस संबंध में वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि गरदा के दुधवनिया घाटी स्थित सुरक्षित वन क्षेत्र के जंगल में लोगों द्वारा सिर्फ वन पट्टा पाने के उदेश्य से वन भूमि में अवैध तरीके से झुग्गी झोपड़ी लगाते हुए मिट्टी का घर बनाकर कब्जा किया गया था, जिसे वरीय पदाधिकारियों के निर्देश के आलोक में बुधवार को एक अभियान चलाकर उक्त वन भूमि में बने मकान को ध्वस्त कराते हुए वन भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। इस मौके पर वनपाल राहुल सिंह, वनरक्षी अनूप कुमार सिंह, कुंदन यादव, ओमप्रकाश उरांव आदि उपस्थित थे।

# कन्या विवाह विकास सोसाइटी अध्यक्ष ने रंका में किया भिक्षाटन, मिला सहयोग



आजाद सिपाही संवाददाता

रंका। कन्या विवाह विकास सोसाइटी के गढ़वा जिलाध्यक्ष विकास कुमार माली ने 19 फरवरी 2025 को गढ़वा में 251 कन्याओं की सामुहिक विवाह कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर रंका में अपने सदस्यों के साथ भिक्षाटन किया। इस अवसर पर रंका के व्यवसायियों और दुकानदारों ने बढ़-चढ़ कर यथासंभव सहयोग प्रदान किया और इस पुनीत कार्य की सफलता के लिए शुभ कामनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर विकास कुमार माली ने आजाद सिपाही को बताया कि आगामी 19 फरवरी को गढ़वा शहर स्थित दानरो नदी तट पर कन्या विवाह विकास सोसाइटी के द्वारा इस बार 251 गरीब परिवार बेटियों का विवाह करने का दृढ़ संकल्प लिया है। इस कन्या विवाह कार्यक्रम में सभी धर्म संस्कृति के अनुसार उनके रीति रिवाज के तहत संपन्न किया जायेगा।

इस नेक कार्य में समाजसेवी सह पीएलवी अमरेंद्र कुमार ने सराहनीय भूमिका निभायी, वहीं झामुमो के युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, शिक्षक सुनिल कुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने साथ दिया है।


राँची समाहरणालय, राँची
(जिला भू-अर्जन शाखा)

आम सूचना

खेलगाँव से नामकुम पथ तक (लं0-6.275 कि0मी0) निर्माण कार्य परियोजना अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची के पत्रांक-2231(अनु0), दिनांक-25/11/2024 के द्वारा मौजा-सामलोंग एवं लोवाडीह का भूमि अधिग्रहण हेतु अधियाचना प्राप्त है। जिसके आलोक में दिनांक-03/02/2025 को ग्राम सभा आहुत की गई थी, परन्तु निर्धारित तिथि को कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित होने के कारण उक्त ग्राम सभा नहीं किया जा सका।

अतः प्राप्त अधियाचना के आलोक में पुनः ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है:-

| शिविर की तिथि/दिनांक | ग्राम सभा का आयोजन स्थल | संबंधित अंचल का नाम | मौजा | समय | आम सभा/जन सुनवाई में भाग लेने वाले कर्मी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 07/02/2025 (शुक्रवार) | अंचल कार्यालय | अरगोड़ा | सामलोंग एवं लोवाडीह | 11.00 पूर्वाह्न | श्री पंकज कुमार सिन्हा, कानूनगो/ श्री राज कुमार महतो/ श्री सुरज कुमार तिवारी, अमीन |

अतः संबंधित मौजा के भू-धारियों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को ससमय निर्धारित स्थान पर अपने राजस्व कागजातों के साथ उपस्थित होने का कष्ट करें।

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी
राँची

PR 345797 Land Reforms(24-25).D



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा

"मिनी रोजगार मेला-2024"

-: सूचना :-

एतद् द्वारा सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा के द्वारा दिनांक : **08 फरवरी, 2025** को **जिला नियोजनालय, कोडरमा कार्यालय** में पूर्वाह्न **10:00** बजे से अपराह्न **03:00** बजे तक एक दिवसीय **"मिनी रोजगार मेला- 2025"** का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निम्नलिखित प्रतिष्ठानों ने अपनी उपस्थिति की सहमति जताई है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :-

| S.N | Name of the Establishment & Address | Name of the Post | No of Post | Qualification | Age | Pay & Allow. | Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | The Koderma Holy Family Hospital, Koderma | GNM | 06 | Diploma in GNM | 22-25 Yrs. | 12,000 /Month | 1 Yrs. |
| | | ANM | 10 | Diploma in ANM | 20-25 Yrs. | 11,000 /Month | 1 Yrs. |
| | | Lab. Technician | 01 | Diploma | 20-25 Yrs. | 11,000 /Month | 1 Yrs. |
| | | GDA Duty Asst. | 01 | 12th Pass | 18-20 Yrs. | 10,000 /Month | --- |
| | | Guard-cum-Trainee | 01 | 12th Pass | 18-30 Yrs. | 10,000 /Month | --- |
| 02 | ST. Clare's School, Lokai, Koderma | English Teacher (Primary School) | 01 | BA/MA (Eng. Honrs.) | 18-40 Yrs. | Negotiable | 2 Yrs. |
| | | English Teacher (Middle School) | 01 | BA/MA (Eng. Honrs.) | 18-40 Yrs. | Negotiable | 2 Yrs. |
| | | English Teacher (High School) | 01 | BA/MA (Eng. Honrs.) | 18-40 Yrs. | Negotiable | 2 Yrs. |
| 03 | Appreciable Public School, Katiya, Prasabad, Koderma | Senior Teacher | 01 | MA/B.Ed | 24-50 Yrs. | 12000-15000 PM | 2 Yrs. |
| | | Junior Teacher | 01 | MA | 24-50 Yrs. | 10000-15000 PM | 2 Yrs. |
| | | Pre-Primary Teacher | 02 | BA/MA | 21-35 Yrs. | 10000-15000 PM | 1 Yrs. |
| | | Peon | 01 | 10th Pass | 22-40 Yrs. | 8000-12000 PM | -------- |
| 04 | Kaundinya Public School, J. Telaiya, Koderma | Math (PRT) | 02 | B.Sc/B.Ed | 23-35 Yrs. | Negotiable | 2 Yrs. |
| | | Kinder Garden | 01 | B.Ed | 22-30 Yrs. | Negotiable | 5 Yrs. |
| | | Computer Teacher | 01 | BCA, B.Sc, PGDCA,DCA | 22-35 Yrs. | Negotiable | 3 Yrs. |
| 05 | Jharkhand Public School, Salaidih, Inderwa, Koderma | PGT Chemistry | 01 | Master Degree/B.Ed | 21-40 Yrs. | 19,500 /Month | 1 Yrs. |
| | | PGT Biology | 01 | Master Degree/B.Ed | 21-40 Yrs. | 19,500 /Month | 1 Yrs. |
| | | PGT Hindi | 01 | Master Degree/B.Ed | 21-40 Yrs. | 19,500 /Month | 1 Yrs. |
| | | PGT Math | 01 | Master Degree/B.Ed | 21-40 Yrs. | 19,500 /Month | 1 Yrs. |
| | | PGT Computer Science | 01 | Master Degree/B.Ed | 21-40 Yrs. | 19,500 /Month | 1 Yrs. |
| | | PGT Physical Edu. | 01 | Master Degree/B.Ed | 21-40 Yrs. | 19,500 /Month | 1 Yrs. |
| 06 | Sacred Heart School, J. Telaiya, Koderma | PGT Physics | 01 | M.Sc,B.Ed | 18-40 Yrs. | Negotiable | 5 Yrs. |
| | | PGT IT/CS | 01 | B.Tech./BCA/MCA | 18-40 Yrs. | Negotiable | 5 Yrs. |
| 07 | Chaitanya India Fin Credit Pvt. Ltd, Hazaribagh | Customer Relationship Executive | 35 | 10th Pass Bike+DL | 18-30 Yrs. | 12,770 /Month | Fresher |
| 08 | Grizzly Vidyalaya, Telaiya Dam, Koderma | PGT B.ST | 01 | MBA, M.Com, B.Ed | 18-45 Yrs. | Negotiable | 3 Yrs. |
| | | TGT Maths | 01 | M.Sc/B.Ed | 18-45 Yrs. | Negotiable | 2 Yrs. |
| | | TGT English | 02 | MA/B.Ed | 18-45 Yrs. | Negotiable | 2 Yrs. |
| | | TGT Hindi | 01 | MA/B.Ed | 18-45 Yrs. | Negotiable | 2 Yrs. |
| | | TGT Biology | 01 | M.Sc/B.Ed | 18-45 Yrs. | Negotiable | 2 Yrs. |
| | | PRT Hindi | 01 | MA/BA/B.Ed | 18-45 Yrs. | Negotiable | 2 Yrs. |
| | | PRT English | 01 | MA/BA/B.Ed | 18-45 Yrs. | Negotiable | 2 Yrs. |
| | | PRT Math | 01 | M.Sc/B.Sc/B.Ed | 18-45 Yrs. | Negotiable | 2 Yrs. |
| | | Note Book Verification | 02 | MA/BA/M.Sc/B.Sc/ B.Tech | 18-45 Yrs. | Negotiable | 2 Yrs. |
| | | PRT Computer | 01 | MCA/BCA | 18-45 Yrs. | Negotiable | 2 Yrs. |
| | | Aaya | 02 | Non Matric | 18-30 Yrs. | Negotiable | ----- |
| | | Driver | 01 | Non Matric | 18-30 Yrs. | Negotiable | ----- |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय, कोडरमा में अथवा **www.jharniyojan.jharkhand.gov.in** पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त **"मिनी रोजगार मेला- 2024"** में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। वैसे उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा।

अतः सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में **"मिनी रोजगार मेला- 2024"** में शामिल होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें।

ह/0
जिला नियोजन पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 345835 (Labour Employment and Traning)24-25*D

## जनता मजदूर संघ का सद्भावना भोज




**डकरा (आजाद सिपाही)।** जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में बुधवार को सद्भावना भोज का आयोजन किया गया। पिछले वर्ष की तरह संगठन सदस्यता कटौती में प्रथम स्थान पर रहा है। सद्भावना भोज को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश सिंह ने सभी पदाधिकारियों के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष, सचिव को सदस्यता में प्रथम होने के लिए बधाई और अभिनंदन किया। सिंह ने कहा कि संघ पूरे कोयलांचल के, जिसमें श्रमिक, गरीब, ग्रामीण विस्थापित प्रभावितों को केंद्र विंदु रखते हुए कोयलांचल के समावेशी विकास का पक्षधर रहा है। सद्भावना भोज की अध्यक्षता गोल्टन प्रसाद यादव संचालन डीपी सिंह धन्यवाद ज्ञापन सुधीर चौहान ने किया। भोज में शामिल होने वालों अजय चौहान, टोपा महतो, ईशान गंझू, रामेश्वर यादव, अमिताभ चौहान, टेक्लाल महतो सहित काफी संख्या क्षेत्र के श्रमिक यूनियन पदाधिकारी मौजूद थे।

## गांव के बच्चों में प्रतिभाओं की कमी नहीं: किशुन दास



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती पूजा के अवसर पर न्यू गुप्ता क्लब के तत्वावधान में बुधवार को डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सर्किल इंस्पेक्टर खूंटी किशुन दास और विशिष्ट अतिथि मुखिया ज्योति डोडराय, थाना प्रभारी रामदेव यादव, श्योर सक्सेस के निदेशक सकलदीप भगत शामिल हुए। हिंदी, नागपुरी और भोजपुरी गीतों पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किया और लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि किशुन दास ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। विशिष्ट अतिथि मुखिया ज्योति डोडराय ने कहा कि सभी बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। आप सभी डांस के साथ-साथ पढ़ाई में भी बेहतर प्रदर्शन कर पंचायत और जिले का नाम रोशन करें। सभी प्रतिभागियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ऋषि गुप्ता ने किया। मौके पर क्लब के कन्हैया, भोलू, आयुष, जीतू, अंशु, ऋतिक, उमंग, टिंकू, महेश, मोहित आदि ने योगदान दिया।

## दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है राजा कुंजला का टूटा हुआ बिजली का खंभा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू प्रखंड के ग्राम राजा कुंजला चौक में दो महीने से तोरपा रोड के किनारे एक बिजली का पोल टूटा पड़ा है। इसके कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ती जा रही है। इस संबंध में कुंजला के रहने वाले और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने बताया कि टूटे बिजली खंभे को बदलने के लिए विभाग को कई बार सूचना दी, लेकिन इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इस रोड पर काफी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। जहां बिजली का खंभा टूटा है, वहीं पर स्कूल भी है, जहां हर रोज सैकड़ों बच्चे-बच्चियां उसी रस्ते से स्कूल जाते है। काशीनाथ महतो ने कहा कि यदि शीर्घ ही टूटे पोल को नहीं बदला गया, तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## रोहिणी कॉलोनी में मधुमक्खियों ने किया हमला, दर्जनों लोग हुए घायल

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रोहिणी कॉलोनी में बुधवार को मधुमखियों के हमले में अधिकारी कर्मचारी सहित दर्जनों लोग घायल हो गये। घायल लोगो मे एसपी निगम, सुधीर सिंह, नंदकिशोर उरांव, संजय, रौनित सहित कई बच्चे शामिल है। घायल लोगो को रोहिणी और डकरा अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को रोहिणी कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम चल रहा था कि अचानक काफी संख्या में मधुमक्खी ने हमला कर दिया। जिसके कारण वहां अफरा तफरी मच गयी। लोगा ने जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलने पर सेंट्रल अस्पताल डकरा और रोहिणी से एंबुलेंस कॉलोनी में भेजा गया। इसके बाद कई लोग स्वयं अस्पताल गये और कई लोगो को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज किया गया।

## फ्रेंड्स क्लब के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने मोहा दर्शकों का मन




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** फ्रेंड्स क्लब तोरपा द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीश्री बसंत पंचमी सरस्वती पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर फ्रेंड्स क्लब द्वारा महाप्रसाद का वितरण किया गया और स्थानीय बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाजे-गाजे के साथ बुधवार को विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गयी और सभी प्रतिमाओं को तोरपा के बांसटोली तालाब में विसर्जित कर दिया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु लोगों ने महाप्रसाद प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा और विशिष्ट अतिथि प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुरेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। एसडीपीओ ने कहा कि इस तरह के आयोजन से स्थानीय बच्चों को अपने कला के प्रदर्शन का अच्छा मौका मिलता है, जिससे उनके मंच का डर समाप्त होता है। डॉ सुरेश कुमार ने कहा कि क्लब द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रम से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है, बच्चों के मानसिक विकास के लिए ये अति महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन शुभम कर ने किया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका शैलेश कुमार राजकला, सावन महतो और आकाशदीप चौधरी ने निभायी। एकल नृत्य प्रतियोगिता मे प्रथम किट्टू चौधरी, द्वितीय अंशिका सिंह, तृतीय मिथलेश कुमार, सामूहिक नृत्य मे प्रथम डायनामाइट डांस अकादमी ग्रुप, द्वितीय राशी एवं धनराज ग्रुप, तृतीय ऋतिका ग्रुप स्थान पर रहे। मौके पर क्लब के सोनू तिग्गा, निखिल कुमार, विशाल कुमार, राजेश सिंह, पीयूष कुमार, आकाश कुमार, आकाशदीप चौधरी, प्रिंस कुमार, अमित कुमार, रजनीश कुमार, विक्की गुप्ता, पीके सिंह, अभिषेक राय, प्रणय जयसवाल, रोहित जायसवाल, चंदन सिंह इत्यादि मौजूद थे।

# बड़ालापांग गांव के तीन घरों में चोरी, जांच में जुटी है पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** तिरुलडीह थाना अंतर्गत बड़ालापांग गांव में एक ही मंगलवार रात को तीन घरों में चोरी की घटना घटी है। जानकारी के अनुसार चोरों ने बड़ालापांग के दुलाल लोहार, साहेबराम महतो और सतीश महतो के घर में चोरी कर नकद रुपये, आभूषण और अन्य सामान ले गये। बताया गया कि बड़ालापांग के दुलाल लोहार के घर से बक्सा तोड़कर एक जोड़ा पायल चोरी किया गया। वहीं साहेबराम महतो के घर से बक्सा ही ले उड़े।



गांव के ही सतीश महतो के घर से चोरों ने ताला तोड़कर अलमारी में रखें एक पायल और एक चांदी का चैन, एक सोना का लॉकेट, एक सोना का नाक का चोरी कर लिया। इस संबध में तिरुलडीह थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। वहीं बड़ालापांग गांव में चोरी की घटना मिलने के बाद तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बड़ालापांग गांव पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। उन्होंने बारी-बारी से तीनों घरों में घटना की जानकारी ली और लोगों से आवश्यक पूछ-ताछ किया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जायेगा।

## दो बाइक में भिड़ंत में दो युवकों की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी खूंटी जिले में सड़क हादसों में कोई कमी नहीं आ रही है। खूंटी-सिमडेगा रोड पर तोरपा थाना क्षेत्र के डोड़मा स्थित निर्माल हाई स्कूल के पास बुधवार को दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई सीधी भिड़ंत में दो युवको की जान चली गयी। मृतकों में तोरपा थाना क्षेत्र के बास्की गांव निवासी प्रवीण टोपनो(35 वर्ष) और मुरहू थाना क्षेत्र के बिचना पांडू गांव निवासी वीरेंद्र पूर्ति(32 वर्ष) शालि हैं। जानकारी के अनुसार वीरेंद्र पूर्ति अपनी बाइक से राउरकेला(ओड़िशा) से अपने गांव पांडू आ रहा था, जबकि प्रवीण टोपनो मोटरसाइकिल से रांची से अपने गांव बास्की आ रहा था। दोनों मोटरसाइकिलों में सीधी टक्कर हो गयी, जिसमें दोनो युवकों की घटनास्थल पर मौत हो गयी। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही दोनों युवकों को 108 एंबुलेंस से रेफरल अस्पताल तोरपा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक वीरेंद्र पूर्ति की पत्नी ने बताया कि वीरेंद्र पूर्ति राउरकेला की एक रोलिंग मिल में काम करता था। बुधवार को वह बाइक से गांव आ रहा था, लेकिन गांव पहुंचने से दस मिलोमीटर दूर वह दुर्घटना का शिकार हो गया।

## बचरा संगम विहार में जीएम संजीव कुमार ने किया मंत्री इरफान अंसारी का स्वागत



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार दौरे पर आये झारखंड सरकार के मंत्री डॉ इरफान अंसारी का बचरा संगम विहार क्लब में स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार टंडवा में संपन्न हुए सहित शेख भिखारी और टिकेत उमराव सिंह की शहादत के बाद मंत्री इरफान अंसारी पुनः पिपरवार अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। जीएम संजीव कुमार ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया,जबकि शॉल एवं श्रीफल प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। वही समस्या सुनने के बाद मंत्री इरफान अंसारी ने समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## पिपरवार के बहेरा गांव में जलसा-ए-दस्तारबंदी और पैयाम-ए-इंसानियत कांफ्रेस आज



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा गांव में आज जलसा ऐ दस्तारबंदी और पयामे इंसानियत कांफ्रेस (दीक्षांत समारोह) का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम मे देश के बड़े विद्वान और चारों वेद के जानकार हजरत मौलाना अब्दुल्लाह सलीम चतुवेर्दी सहित देश के कई उलेमा, मौलाना और नातखां शामिल होगे। जलशा को लेकर सारी तैयारी पुरी कर ली गयी है। आयोजन समिति के सदस्यो ने बताया कि जलशा को लेकर आयोजन स्थल पर भव्य स्टैज और पंडाल का निर्माण कराया गया है, जिसमे करीब दस हजार लोगो के लिए बैठने की व्यवस्था की गयी है। जलशा की अंतिम तैयारी को लेकर उर्दू स्कुल मैंदान बहेरा में आयोजन समिति के अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना की अध्यक्षता मे जलसा कमेटी की बैठक हुई। जिसमे जलशा को सफल बनाने के लिए सभी को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गयी। अतिथियो और लोगो के स्वागत के लिए युवाओ को अलग अलग जिम्मेवारी सौंपी गयी। वहीं कई जगहो पर भोलीएंटर की नियुक्ति की जायेगी। आयोजन समिति के लोगो ने क्षेत्र के सभी लोगो से जलशा मे शामिल होने की अपील की है। बैठक मे इकबाल हुसैन, कासिम उर्फ मुन्ना, मोहम्मद असलम, सलीम जावेद, इस्लाम अंसारी, तोहिद अंसारी, सकील अंसारी, मोहम्मद इरफान, इदरीश अंसारी, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद शाजहां, फहीम रजा सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

## खूंटी खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित खूंटी खेल महोत्सव 2025 का बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम और बिरसा मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में बुधवार को भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस खेल महोत्सव का विधिवत उद्घाटन खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा, तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया, उपायुक्त लोकेश मिश्रा समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनका हौसला बढ़ाया और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा में भाग लेने का सभी खिलाड़ियों का आह्वान किया। आवश्यकता है उन्हें सही दिशा, संसाधन और अवसर प्रदान करने की। यह महोत्सव खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। उपायुक्त ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि यह व्यक्तित्व के समग्र विकास, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। जिला प्रशासन खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, संसाधन और अवसरों को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। खेल के क्षेत्र में उभरते खिलाड़ियों को उचित मार्गदर्शन और सहयोग दिया जायेगा। तीन दिवसीय इस खेल महोत्सव में जिले के सभी छह प्रखंडों की बालक एवं बालिका टीमें एथलेटिक्स, हॉकी और फुटबॉल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। इसके अतिरिक्त उत्कर्ष और आवासीय केंद्र खूंटी के खिलाड़ी भी इन प्रतियोगिताओं में शामिल हो रहे हैं। खेलों को बढ़ावा देने और युवा खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस महोत्सव को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। जिला खेल पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस खेल महोत्सव के सफल आयोजन से जिले में खेल संस्कृति को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।

## डकरा साइडिंग में सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गयी विदाई



**डकरा (आजाद सिपाही)।** डकरा साईडिंग में एक अधिकारी और तीन कर्मियों को विदाई दी गयी। साइंडिंग परिसर में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डकरा परियोजना मैनेजर अशोक कुमार, साइडिंग मैनेजर मोहन शर्मा, कार्मिक अधिकारी दीपक गिरी और साइडिंग मैनेजर आंदर्श डे उपस्थित थे। सेवानिवृत्त पूर्व मैनेजर एलएन राणा, सुभाष राउत, वनवास नाहक, सारंग बिसाई को उपस्थित अधिकारीयो ने बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वही कर्मचारियों ने भी माला पहनाकर और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर टीआइ उमेश कुमार, शैलेंद्र कुमार सिंह, अरूण सिंह, विनोद राम, जावेद खान, सकेंद्र महतो, जयशंकर प्रसाद ठाकुर, कृष्णा तिवारी, बृहस्पति राम, प्रेम मुंडा, श्रवण कुमार भोगता, प्रदीप सिंह, महेश तूरी, किनवा गंझू, दीपक प्रसाद, अजय उरांव, अजय चौहान, गोविंद यादव, अरुण सिंह, सुनील महतो, भारती महाकूड़ा, मंदोदरी चौहान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# केंद्रीय संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर एटक ने पिपरवार में मनाया बजट विरोध दिवस

## अशोक परियोजना में कोयला मजदूरों ने बजट के खिलाफ की नारेबाजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** केंद्रीय संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर एटक के नेतृत्व में धनेश्वर गंझु की अध्यक्षता में पिपरवार के अशोक परियोजना के पीट ऑफिस और वर्कशॉप में एटक और यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के द्वारा बजट विरोध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कामगारों को संबोधित करते हुए एटक नेता अरविंद शर्मा ने कहा कि बजट आम जनता को ध्यान में रखकर नहीं बनाया गया है। यदि कहें तो यह बजट देश के सौ कारपोरेट घरानों के फायदा, लगभग एक करोड़ करदाताओं के लिए लुभावना और सवा सौ करोड़ जनता के लिए जुमला और शब्दों के बाजीगरी के अलावा कुछ नहीं है। दिसंबर 2024 में ट्रेड यूनियन के संयुक्त मंच द्वारा वित्त मंत्री के समक्ष बजट के संबंध में अपनी मांगों को रखा गया था। जिसमें महंगाई पर नियंत्रण के लिए कदम, जीएसटी और उत्पाद शुल्क में कमी, मध्यम वर्ग के लोगों के आयकर में राहत, कॉरपोरेट और अति अमिर पर ज्यादा टैक्स, सरकारी विभागों में सभी मौजूदा



रिक्तियों को तुरंत भरना, मनरेगा के लिए आवंटन बढ़ाना, शहरी क्षेत्र में रोजगार गारंटी योजना को लागू करना, सार्वजनिक संगठन के निजीकरण और राष्ट्रीय संसाधनों के लूट को रोकना, वैधानिक एमएसपी सुनिश्चित करना, खेत, मजदूर, ठेका मजदूर, स्कीम वर्करों सहित हाशिए पर पड़े देश के तमाम मेहनतकश लोगों को राहत और सामाजिक सुरक्षा सुरक्षित करना शामिल था। इसलिए इस बजट का देश के आम जनता विरोध करता है और हम सभी विरोध करते हैं। विरोध दिवस को रहमतुल्लाह, गुरुदयाल सिंह, शिवनाथ भोगता,सोमर गंझु, दिलीप महतो, सेवक गंझु ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से अनित कुमार, सेवक गंझु, साहब राम सतनामी, सरजू सिंह, सुरेंद्र प्रसाद,अनिल पांडे, अर्जुन उरांव, संजय पूर्ति, रमेश उरांव, नरेश कुमार, नगिया देवी, गेंदिया देवी, पाने देवी, गीता देवी, सोनिया, देवी, लालू देवी, मनोज राम सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने कुकड़ू और ईचागढ़ प्रखंड में सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं संग की बैठक



**ईचागढ (आजाद सिपाही)।** विधानसभा क्षेत्र के चांडिल, नीमडीह, ईचागढ़, कुकडु और कपाली नप मे सदस्यता अभियान को लेकर झामुमो जिला संयोजक मंडली द्वारा निर्देश दिये। साथ में बुधवार को कुकडू पंचायत भवन और ईचागढ़ के टीकर में सदस्यता अभियान को लेकर विधायक सविता महतो और झामुमो जिला संयोजक सदस्य नें आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने पदाधिकारीग और कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान चलाने को लेकर केद्रीय समिति का निर्देश को पालन करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर हेमंत सोरेन के द्वारा किये गये कार्या को पंहुचाकर सदस्ता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने को कहा। इस अवसर पर झामुमो जिला संयोजक प्रमुख डॉ शुभेंदु महतो, सदस्य चारूचांद किस्कू, सुधीर महतो, काबलु महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, अरुण टुडू, इंद्रजीत महतो, पशुपति बागचीं, सपन सिंह देव, आदि दोनों प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नयी परियोजना इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर की कार्यशाला का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बानाबुरु महिला किसान समिति नये परियोजना इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर का एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शुरूआत की। प्रखंड प्रमुख के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार के द्वारा बताया गया की 3 वर्ष की परियोजना अवधी में पहले वर्ष में बुंडू में कार्य क्रम को बढ़ाया जायेगा। कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी बुंडू, नुल्म सिटी मैनेजर मुकेश कुमार सिंह, मुखिया, जेएसएलपीएस के प्रमोद कुमार, दीपक कुमार, सचिन कुमार, एफपीसी, बीओडी, एफपीसी पदाधिकारी और कर्मी और सखी मंडल के सदस्य उपस्थित हुए।

## नीमडीह, सोनाहातू और सारमाली गांव में हाथियों ने फसल को किया नष्ट



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नीमडीह गांव में मंगलवार की रात को हाथियों के झुंड गांव में प्रवेश कर गये। गोवर्धन महतो और वंशीधर महतो के खेत में लगे आलू और केला को खाया। वहीं सारमाली गांव के बैजनाथ महतो और कृष्णा महतो के आलू को भी खाया और नष्ट किया। हाथियों की संख्या पांच बताया जा रहा है। हाथियों का झुंड बांस वन जंगल में जमे हुए है। शाम होते ही कोई न कोई गांव में उत्पात करते है। हर दिन किसानों का फसल नष्ट हो रहा है। मुखिया विकास सिंह मुंडा ने वन विभाग से हाथियों को भागने ओर किसानों को तत्काल मुआवजा देने की मांग किया है।

## विज्ञान प्रदर्शनी डायट रांची में रमेश मुंडा ने भाग लिया और जिला में दूसरा स्थान प्राप्त किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** विज्ञान प्रदर्शनी डायट रांची में बुंडू से रमेश सिंह मुंडा स्मारक+2 उच्च विद्यालय ने भाग लिया और जिला में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यालय को ट्राफी, मेडल, सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के गाइड शिक्षिका संगीता कुमारी के साथ छात्रा पल्लवी कुमारी और छात्र मनीष गोराई का बेहतर प्रदर्शन रहा। प्रधानाध्यापिका नीलमणि सोरेंग, कार्तिक प्रमाणिक, यशपाल कुमार, कंचन टोप्पो, बीरेंद्र कुमार महतो, अमित विद, आशा प्रभा तिर्की, भूपेंद्र कुमार, शांता खेश, सौरभ सिंह, सुदामा प्रसाद, आशा साहू, भुवनेश्वर तांती, अमृत महतो सहित विद्यालय परिवार छात्र-छात्रा और शिक्षिका को बधाई दी और खुशी जाहिर किया।

## तमाड़ प्रखंड के रंगामाटी के तड़ाई रोड में सरस्वती पूजा पंडाल में शिवलिंग मिला



**रड़गांव/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के रंगामाटी के तड़ाई रोड में सरस्वती पूजा पंडाल में शिव लिंग देखा गया। मिली जानकारी के अनुसार कल अहले सुबह सावित्री देवी और गीता देवी प्रसाद के रखा हुआ लोटा और फूल को उठाने लगी तो उसके हाथ में गेंद की आकर का कुछ गड़ा हुआ दिखायी दिया। जब उसको लगभग एक फीट खोदा गया तो नीचे शिवलिंग मिला, उसके बाद ये खबर आग की तरह फैल गयी, देखते ही देखते पूजा करने वाले की भीड़ लग गयी।

## टोल प्लाजा बुंडू में भी रांची के नगड़ी की तरह कभी भी घट सकती है दुर्घटना




**बुंड़ (आजाद सिपाही)।** टोल प्लाजा बुंडू में रांची के नगड़ी की तरह कभी भी दुर्घटना हो सकती है। यहां के टोल प्लाजा आठ टोल गेट हैं, जिसमें से चार गेट ही चालू है बाकी के गेट को मेंटेनेंस के नाम पर साल भर से ऊपर बंद करके रखा गया है। इससे आये दिन यहां जाम की स्थिति बनी रहती है। टोल प्रबंधक से पूछने पर बताया जाता है कि टोल का काम चल रहा है, इसलिए गेट को बंद रखा गया है। टोल गेट के पास बड़ी गाड़ियां आसपास खड़ी कर देती है, जिससे यहां से रांची जाने या टाटा जाने के लिए खासकर छोटी गाड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है और कई लोग मरे भी हैं। फिर भी टोल प्रबंधक इस पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। टोल के अंतर्गत आने वाले ब्रिज और घाटी में लाइट का भी प्रबंध नहीं है, इससे यहां से गुजरने वाले गाड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 06 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in
09

## विवाद को लेकर व्यक्ति की हत्या

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मुर्गिडीह गांव में मामूली विवाद को लेकर मंगलवार की रात कृष्णा मुंडा नामक एक 50 वर्षीय व्यक्ति की जान ले ली गयी। हत्या का आरोप पड़ोस के ही चैतन्य मुंडा और पिता कांतो मुंडा पर लगा है। बताया गया कि मामूली विवाद में चैतन्य मुंडा ने कृष्णा मुंडा को नल के चबूतरा पर पटक दिया, जिससे सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर हीं उसकी मृत्यु हो गयी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी चैतन्य ने खुद थाने आकर सरेंडर किया। बुधवार को उसे जेल भेज दिया गया।

## दुर्घटना में मोनेट वासरी का मजदूर घायल

खलारी। बुधवार देर शाम केडीएच स्थित मोनेट डेनियल कोल वासरी में काम कर रहा मजदूर अंबिका बैठा दुर्घटना में घायल हो गया। काम के दौरान मजदूर के ऊपर लोहे का रड गिर पड़ा। मजदूर को अंदरूनी चोट भी आई है। उसे तत्काल सीसीएल सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया है। समाचार लिखे जाने तक मजदूर का इलाज चल रहा था। क्षेत्र के मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने कहा है कि मोनेट प्रबंधन मजदूरों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं देती है। उसी का परिणाम है यह दुर्घटना है।

### बेड़ो से राज्य स्तरीय वाटर शेड यात्रा का शुभारंभ

# वर्षा का जल संचयन करके ही भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है : बंधु

खेत का पानी खेत में गांव का पानी गांव में

जल संचयन का संकल्प ही कार्यक्रम का उद्देश्य : समीरा एस

जल संरक्षण का संदेश है वाटर शेड यात्रा : डीडीसी


बंधु तिर्की और उपस्थित अन्य अतिथि रथ को झंडी दिखाते हुए।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के दिघिया पंचायत की धरती से पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, सीईओ जेएसडब्लुएम समीरा एस, उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर संयुक्त रूप से जागरूकता वाहन रवाना करते हुए वाटर शेड यात्रा का शुभारंभ किया। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि वर्षा का जल संचयन करके ही भविष्य सुरक्षित की जा सकती है। समय रहते हमारी आंखें नहीं खुली और हम वर्षा का जल संचयन नहीं कर पाये, तो इस धरती के साथ साथ आने वाली नस्लों के भविष्य की तबाही के हम ही जिम्मेदार होंगे। यह हमारे और आपके लिए खुशी की बात है कि राज स्तरीय वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ बेडो की धरती से किया जा रहा है। इस पावन बेला पर हम सब मिलकर पानी को बचाने के लिए जल संचयन का संकल्प लें, जिससे यह धरती खुशहाल बने यही एक मात्र उपाय है। सीईओ जेएसडब्लुएम समीरा एस ने कहा की जल संचयन का संकल्प ही इस राजा स्तरीय कार्यक्रम का उद्देश्य है। वाटर रिचार्ज करके हम अपनी धरती को खुशहाल बना सकते हैं। उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा कि जल संरक्षण व जल का संचयन आज के इस दौर की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इनके अलावा पद्मश्री चामी मर्म सीईओ जेएसडब्लुएम, भूमि संरक्षण पदाधिकारी नेहा निश्चल, सेवा निवृत उप विकास आयुक्त मदन सिंह गुप्ता सहित अन्य ने कार्यक्रम को संबोधित कर वाटरशेड यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बेड़ो प्रखंड के बुधराम बाड़ा और फ्रांसिस जेवियर मिंज लापुंग प्रखंड की सोसन कुजूर लोहरदगा जिला की मुस्तान खान, खूंटी जिला के बिरसा कंडुलना को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं महिलाओं के बीच धुआं रहित चूल्हे का भी वितरण किया गया। मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का प्रखंड प्रमुख विनीत कच्छप उप प्रमुख मुदस्सिर हक मुखिया अनिता बाड़ा सीओ प्रताप मिंज, ऋतुराज, अल्तमश परवेज समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बंधु तिर्की ने किया सरनास्थल घेराबंदी का शिलान्यास



लापुंग। पुर्व मंत्री सह झारखंड सरकार समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने बुधवार को लापुंग प्रखंड के दारंदा गांव में सरना स्थल घेराबंदी का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की पहचान उनकी संस्कृति है। संस्कृति को बचाए रखना हम सबका दायित्व है। आधुनिक बनने पर अपनी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति को भी साथ लेकर चलें। वहीं लतरातु पंचायत की मुखिया अलका तिर्की ने बताया कि लतरातु गांव में सरना स्थल घेराबंदी को लेकर लाभुक समिति का चयन नहीं किया गया है। इस दौरान बंधु तिर्की ने कहा कि जल्द गांव के लोग बैठक कर लाभुक समिति का चयन कर लें, जिसके बाद यहां का काम शुरू करें। इस मौके बंधु तिर्की ने उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की, चुनिया राम विरवा होरो समेत कई लोग मौजूद रहे।

## टुंडाहोली पंचायत अंतर्गत ग्राम केरम के अखाड़ा में चबूतरा सह शेड का शिलान्यास


आरा केरम गांव में चबूतरा सह शेड का उद्घाटन करते प्रखंड विकास पदाधिकारी और मुखिया रमेश बेदिया।

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। टुंडाहोली पंचायत के नशा मुक्त गांव केरम में 15वें वित्त आयोग के मद से चबूतरा सह शेड का निर्माण का शिलान्यास मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया और पंचायत के मुखिया रमेश बेदिया के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर ओरमांझी उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, राम लखन बेदिया, फलिंदर बेदिया, सुनील बेदिया, रामेश्वर बेदिया, कृष्णनाथ बेदिया, ग्राम प्रधान कैलाश बेदिया, आर के ग्राम प्रधान गोपाल राम बेदिया आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बाल संसद के साथ बाल सभा का आयोजन



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। सिरका पंचायत अंतर्गत सभी सरकारी स्कूलों के बाल संसद के साथ बुधवार को बाल सभा का आयोजन किया गया। सभा में बाल संसद के सदस्यों ने विद्यालय में पेयजल, स्वच्छता, शौचालय, मध्यान भोजन, शिक्षकों का व्यवहार बच्चों के प्रति कैसा है, विद्यालय में क्या-क्या कमी है आदि विषयों को बारी-बारी से मुखिया रोशनलाल मुंडा के समक्ष रखा। मौके बाल अधिकार से संबंधित पीरामल फाउंडेशन के अरुण मिश्रा, सृष्टि वर्मा, टीआरआई के एलिस तिर्की, पंसस सावित्रि देवी, उप मुखिया अंजना देवी, ग्राम प्रधान सौभाग्य मुंडा एवं विरासत के संगीता देवी ने बाल अपराध, हिंसा, गलत स्पर्श के अवधारणा आदि के संबंध में अपने विचार दिए। मुखिया रोशनलाल मुंडा ने कहा कि विद्यालय में जो भी कमियां गिनायी गयी है उसे अधिकारियों से बात कर दूर करने का प्रयास किया जायेगा। बाल सभा में वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, प्रणव महतो, आंगनबाड़ी सेविकाएं समेत अन्य उपस्थित थे।

# डॉ उमेश नंद तिवारी बने नागपुरी विभाग के नये अध्यक्ष, शोधार्थियों ने किया स्वागत



नामकुम (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के नागपुरी विभाग में डॉ. उमेश नन्द तिवारी को नया विभागाध्यक्ष बनाए जाने पर शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर शोधार्थियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। डॉ. उमेश नन्द तिवारी नागपुरी भाषा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते आ रहे है। वे साहित्यिक लेखन के साथ-साथ भाषा के संवर्द्धन और संरक्षण के लिए लगातार प्रयासरत रहे है। पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. तिवारी ने कहा कि नागपुरी भाषा के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। भाषा और संस्कृति के संवर्द्धन में शोधार्थियों और विद्यार्थियों की भागीदारी जरूरी है, इसलिए सभी को आगे आकर योगदान देना चाहिए। उन्होंने सभी शोधार्थियों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और नागपुरी भाषा के प्रचार-प्रसार को लेकर अपने संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर शोधार्थी जलेश्वर महतो, अशोक कुमार, नमिता पूनम, सीमा कुमारी, सहला सरवल, सीमा कुमारी समेत अन्य शोधार्थी उपस्थित रहे।

# विधायक अमित ने मेसो अस्पताल जोन्हा का औचक निरीक्षण किया



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो ने बुधवार को रिंची द्वारा संचालित मेसो अस्पताल जोन्हा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां और अव्यवस्था पायी गयी, जिस पर विधायक ने काफी नाराजगी व्यक्त किया। बाद में विधायक ने चिकित्सकों एवं प्रबन्धन के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक में अस्पताल की वर्तमान लचर व्यवस्था पर प्रबंधक को जमकर फटकार लगायी तथा तीन दिनों के अंदर व्यवस्था में सुधार लाने को कहा। विधायक ने डॉक्टरों के समय सारिणी, रोस्टर लिस्ट, कार्यरत नर्स एवं स्टाफ की सूची, उपलब्ध दवा का स्टोक, 724 एम्बुलेंस की उपलब्धता आदि का जांच किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर झामुमो कार्यकर्ता दिनेश प्रजापति, माया बेदिया, रिझुवा मुंडा, मधु लोहरा, मुन्ना उर्फ मुन्नीलाल लोहरा, सीताराम पातर, योगेन पातर, विशम्वर भोगता, नन्केश्वर मुंडा, राजकिशोर महतो, पूर्व जिप सदस्य जयराम महली, सरफराज अहमद, रामदास लोहरा, जगदीश, टीआरआईएफ के हरदयाल, राजेश, अनगड़ा और जोन्हा सीएचसी के प्रभारी, चिकित्सक, स्वास्थकर्मी और अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## एक दिवसीय आइएफसी उन्मुखीकरण कार्यक्रम की दी गयी जानकारी



लापुंग (आजाद सिपाही)। पलाश जेएसएलपीएस रांची द्वारा आइएफसी क्लस्टर के संबंध में पीआरआई के तहत समेकित कृषि के संबंध मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम मे समूह के उत्पाद के वल्यू चेन के माध्यम से शोर्टिंग ग्रेडिंग और ब्रान्डिंग कर समूह की दीदीयों की आजीविका बढ़ाने पर जोर दिया गया। एफपीओ के माध्यम से कैसे ग्रामीण उत्पाद को बाजार उपलब्ध कराया जा सके, इस पर जानकारी एसएम & एस एम देवा शीष चाकी के द्वारा दी गयी। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव,उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, जन प्रतिनिधि जयंत बारला, मुखिया सविता उरांव, डीपीएम जेएसएल पीएस निशिकांत नीरज, डीएम लाइवलीहुड अभिषेक चांद, डीएम और आईबी देवाशीष चाकी, बीपीएम सबिता सांगा, एफटीसी, सीसी, बीएपी, आजीविका कृषि सखी उपस्थित थे।

# 22 को लोक अदालत का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** विवाह और चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत की सफलता के लिए बुधवार को डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने रांची जिले के सभी थाना प्रभारियों के साथ डालसा हॉल रांची में एक बैठक की। इसकी अध्यक्षता फैमिली कोर्ट के जज राजेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में थानेदारों को कई निर्देश दिये गये।

मौके पर कहा गया कि आप सभी अधिक से अधिक नोटिस का तामिला लोगों को करावें, ताकि आगामी विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके। ज्ञात हो कि झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन 22 फरवरी को होना सुनिश्चित हुआ है। इस बीच अगामी 17 से 21 फरवरी तक विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित मामलों पर बातचीत के लिए प्री-लोक अदालत की बैठकें आयोजित की जायेगी। डालसा सचिव ने कहा कि चेक अनादरण से संबंधित वादों में विभिन्न न्यायालयों से अभियुक्त के विरूद्ध वारंट जारी किया गया है। जिसका निष्पादन नहीं हो पा रहा है। इसके लिए डालसा सचिव की ओर से दिशा निर्देश दिये गये है कि उसका निष्पादन शीघ्रता से करें और न्यायालय से जो वारंटी लिस्ट सभी थाना प्रभारियों को अलग से दिया गया है, उसे शीघ्र निष्पादित करें, ताकि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण हो सके। बताते चलें कि विशेष लोक अदालत की सफलता के लिए पूर्व में भी न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष एवं डालसा सचिव की अध्यक्षता में न्यायिक पदाधिकारियों, मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के साथ बैठकें की गयी है। डालसा सचिव ने कार्यरत सभी पीएलवी से भी कहा कि गांवों, पंचायतों, प्रखंडों, सड़क, चौक चौराहों और भीड़ भाड़ वाले इलाकों में जागरूकता फैलायें, पंपलेट व लिफलेट का वितरण करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सके।

# इटकी में दो दिवसीय डिजिटल वीएलइ प्रशिक्षण शिविर संपन्न


इटकी प्रखंड मुख्यालय में आयोजित शिविर में वीएलई को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक खालिद अंसारी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी प्रखंड में बुधवार को पंचायती राज विभाग द्वारा सबकी योजना सबका विकास अभियान को सफल क्रियान्वयन के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कार्यक्रम संपन्न हो गया। शिविर में जिला के पांच प्रखण्डो के 52 पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने भाग लिया। प्रशिक्षक खालिद अंसारी ने सरकार के वित्तिय वर्ष 2025-26 में विकास योजनाओं को सही तरीके से लागू कराने के लिए प्रज्ञा केन्द्र संचालकों (बीएलाई )को ई-ग्राम स्वराज, प्रबंधक पोर्टल, पीडीआई और जीईएम पोर्टल संचालन की विशेष जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि पंचायतों के विकास के लिए गांव स्तर पर टीम का गठन किया जायेगा। गठित टीम पंचायत के गांवों का भ्रमण कर विकास योजनाओं के लिए लोगों के बीच महौल तैयार करेंगे और गांवों में प्रथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन करेंगे। इसके बाद चयनित योजनाओं को पंचायत के प्रशिक्षित वीएलई ऑनलाईन प्रक्रिया को पूरा करेंगे। शिविर बेड़ो प्रखंड के 17, नगड़ी 13, लापुंग 11, इटकी 9 और नामकुम प्रखंड के 3 पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बीडीओ प्रवीण कुमार, पंचायती राज अधिकारी रईस मलिक, जिला समन्यवयक अकाश कुमार, प्रखंड पंचायती राज समन्यवयक शनि कुमार बाखला, प्रशिक्षक गौतम कुमार सिंह, हसनैन अहमद, सौरव कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## भाजपा झारखंड प्रदेश संगठन महापर्व : रांची जिले के कुल 31 मंडलों के चुनाव अधिकारी घोषित किये गये

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। रांची जिला के चुनाव अधिकारी और पूर्व सांसद घुरन राम ने भाजपा झारखंड प्रदेश संगठन महापर्व 2024- 25 चुनाव के निमित रांची ग्रामीण जिला अंतर्गत मंडल चुनाव अधिकारी एवं मंडल सह चुनाव अधिकारी की घोषणा की है। रांची जिले के कुल 31 मंडलों के चुनाव अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी घोषित किये गये। इसकी जानकारी जिला चुनाव सह अधिकारी मनोज कुमार चौधरी ने दिया। प्रसिद्ध लोक कलाकार पवन कुमार रॉय ने लोगों को खूब झुमाया। श्रीराम क्लब सरस्वती पूजा आयोजन समिति ककरिया के तत्वाधान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित।

## गाजे-बाजे के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जित की गयी



लापुंग (आजाद सिपाही)। विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमाएं मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ नदी व तालाबों में विसर्जित की गयी। लापुंग प्रखंड क्षेत्र में पूजा-अर्चना के बाद स्कूलों व कस्बाई इलाकों के विभिन्न पूजा पंड़ालों से मां सरस्वती की प्रतिमाएं जुलूस के साथ विसर्जन के लिए निकली गयी। विसर्जन जुलूस गाजे बाजे के साथ नाचते गाते तालाबों पर पहुंचा, जहां मां सरस्वती की प्रतिमाएं विसर्जित की गयी। वहीं कुछ पंडालों में कल विसर्जन किया गया।

# हादसे में दो छात्रों की मौत, विद्यार्थियों ने सड़क जाम की

विद्यार्थियों ने कहा कि सरकार को विद्यार्थियों की कोई चिंता नहीं है, सरकार संवेदनहीन हो चुकी है



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** मुर्गू पुल के समीप बने डायवर्सन में बुधवार की सुबह करीब 9:00 बजे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गयी। मृतक झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी थे। मृतकों में एक पश्चिम बंगाल के हुगली निवासी 23 वर्षीय ऐश्वर्या बशक और दूसरा पश्चिम बंगाल के ही दक्षिण 24 परगना निवासी देवदास मंडल है। ये दोनों विद्यार्थी बाइक से ब्रांबे कैंपस से कांके की चेड़ी मनातु स्थित कैंपस जा रहे थे। मुर्गू पुल के पास बने डायवर्सन में ट्रक की चपेट में आने से दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। इस दर्दनाक मौत से सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड के विद्यार्थी डायवर्सन में ही बैठकर सड़क को जाम कर दिया, साथ ही शव को भी जाम स्थल पर ही रखा। जाम देर रात तक बनी हुई थी। विद्यार्थियों को प्रशासन द्वारा समझाया गया, लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। वे उपायुक्त को बुलाने की मांग कर रहे थे। विद्यार्थियों ने अपने मांग पत्र में मृतक देवदास मंडल और ऐश्वर्या बशक के परिवार को सरकारी नौकरी, क्षतिपूर्ति के तौर पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया और सरकार से भी मुआवजे की मांग कर रहे थे।

**यात्री दिन भर रहे परेशान :** दिन भर रहे इस जाम में यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक रूट को चेंज कर दिया गया था। नेशनल हाईवे होने की वजह से दिन भर गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है। तो वहीं स्कूली बच्चे भी पुल के उस पार से पैदल ही उ घर जा रहे थे।

**अधिकारी ने मामले को लेकर कहा कि मृतक के परिवार के साथ न्याय किया जायेगा :** मांडर अंचल अधिकारी ने बताया कि हम लोग मामले को सॉल्व करने की कोशिश कर रहे हैं। आला अधिकारी तक बात पहुंचा दिए हैं। मामले को बहुत जल्दी सॉल्व कर लिया जायेगा। वहीं विद्यार्थी प्रशासनिक रवैया से नाराज थे। उनका कहना था कि प्रशासन का रवैया नकारात्मक है। उनके पास कोई संवेदना नहीं है। हम लोग सुबह से कुछ खाये पीये बगैर बैठे हुए हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हमारी मांगों को नजर अंदाज किया जा रहा है। बुधवार को एनएचए आई के गलत रवैया के कारण इस पुल में अब तक लगभग नौ लोगों की जान जा चुकी है। पता नहीं कितने कैजुअल्टी भी हुई है। लगभग 3 साल हो जाने के बाद भी आज तक इस पुलिया का निर्माण नहीं जा किया जा सका है।

धरने पर बैठे विद्यार्थियों ने जिला प्रशासन और हेमंत सरकार हाय हाय के नारे भी लगायें। उन्होंने कहा कि सरकार को विद्यार्थियों की कोई चिंता नहीं है। सरकार संवेदनहीन हो चुकी है। खबर लिखे जाने तक जाम लगी हुई थी।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** श्री राम क्लब सरस्वती पूजा आयोजन समिति ककरिया के तत्वावधान में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान पायल ग्रुप के झारखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार पवन कुमार रॉय, सुमन गुप्ता, चिंता देवी तथा निशा सहित एंकर प्रभात कुमार ने हजारों लोगों को खूब झुमाया। कार्यक्रम का शुभारंभ पवन कुमार राय ने सरस्वती वंदना से की। पवन कुमार रॉय ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सुमन गुप्ता ने दिवानी दिवानी कइर देले रे गुईया ... तथा चिंता ने गुलाबी साड़ी ... सहित फगुआ गीतो से खूब आकर्षित किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सुप्रीमो सह समाजसेवी जयनाथ साहु, विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला, गंगाधर साहु, प्रभात कुमार, इमरान खान सहित सरस्वती पूजा आयोजन समिति के संरक्षक देवेंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री राम क्लब सरस्वती पूजा आयोजन समिति के संरक्षक देवेंद्र वर्मा, पूर्व मुखिया गंगाधर साहु, समाजसेवी प्रकाश कुमार राम आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# फरार आरोपी के घर गुमला पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के मुरकुंडा हल्दी टोली निवासी भक्तु खड़िया उर्फ भीम खड़िया के घर बुधवार की अपराह्न 3 बजे गुमला थाना के एसआई सुमित कुमार ने इश्तिहार चिपका कर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। आरोपी 2021 में गांव की एक महिला को डायन बिसाही के शक में गोली मार दिया था। घटना के बाद महिला का इलाज चला और वह बच गयी। उस समय से आरोपी गांव छोड़कर फरार हो गया। कई बार कोर्ट द्वारा नोटिस दिये जाने के बाद भी वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। जिसके बाद गुमला थाना की पुलिस ने उसके घर इश्तिहार चिपका कर एक माह के अंदर कोर्ट में सरेंडर करने की चेतावनी दी है। कोर्ट में सरेंडर नहीं करने पर घर की कुर्की जब्ती की जायेगी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन 2025 का उद्घाटन

# शिक्षा मे कौशल विकास को केंद्र मानकर करें कार्य : नरसरिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** माता आंजन एवं बाबा टांगीनाथ की धरती पर विद्या भारती झारखंड द्वारा नए संकल्पो और प्रगतिशील उद्देश्यों के साथ प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन 2025 का सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव नकुल शर्मा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्रीय मंत्री विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के रामअवतार नरसरिया, विद्या भारती दक्षिण मध्य क्षेत्र के मंत्री ए लक्ष्मण राव, प्रदेश सह मंत्री विद्या विकास समिति झारखंड की डॉक्टर पूजा तथा स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष अशोक मुकुल, पूर्व छात्र परिषद भैया राजेश कुमार, अनमोल कुमार, संजीव मालानी सहित विद्या विकास समिति के सभी अधिकारी एवं पूर्णकालिक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। विद्यालय के घोष दल के भैया बहनों ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम तथा भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण से हुआ। मंच का संचालन गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने की वही अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा द्वारा की गयी। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव नकुल शर्मा ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के उद्देश्य और लक्ष्य को सभी प्रधानाचार्य के समक्ष रखी। क्षेत्रीय मंत्री रामावतार नरसरिया ने विद्यालय के अकाउंट्स और उनके रख रखाव के बारे में जानकारी दी और भैया बहनों को कौशल विकास तथा अपनी संस्कृति- संस्कार से जोड़ने की बात कही।

# कातिंग पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र बनेगा



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के कातिंग पंचायत अंबाटोली टोली गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण होना है, लेकिन ग्रामीणों ने चयनित स्थल पर निर्माण का विरोध किया था। उनकी मांग थी कि आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण दूसरे स्थल पर किया जाये। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों और स्थानीय प्रशासन के बीच विवाद चल रहा था। इस मामले को लेकर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा और मुखिया मधुरा एक्का ने बुधवार को गांव में एक बैठक की, जिसमें ग्रामीणों की समस्या को सुना गया। बैठक में ग्रामीणों ने अपनी मांग दोहराई, लेकिन जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने उन्हें समझाया कि स्थल का चयन पहले ही हो चुका है और दूसरे स्थल पर निर्माण करने से कार्य में देरी होगी। इसके बाद ग्रामीणों ने सहमति जतायी और चयनित स्थल पर ही आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण करने पर सहमति दी। ग्राम सभा की प्रति संवेदक को सौंप दी गयी। इस मौके पर मुख्य रूप से जीप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया मधुरा एक्का, सुरजी तिर्की, सरिता केरकेट्टा, सचिन्ता टोप्पो, ग्रेस लकड़ा, रंजीता लकड़ा, अमृता टोप्पो, अनुग्रह टोप्पो सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। यह निर्णय ग्रामीणों के लिए एक बड़ी राहत है, क्योंकि आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण उनके बच्चों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने में मदद करेगा।

# आपकी योजना सबका विकास अभियान का प्रशिक्षण संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में पंचायती राज विभाग आपकी योजना सबका विकास अभियान 2025-26 के सफल क्रियान्वयन को लेकर पंचायत भीएलई का चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। जिला प्रबंधक डिजिग्राम मनोज कुमार सतपति एवं मास्टर ट्रेनर प्रियंका सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दी गयी। इस क्रम में ई ग्राम स्वराज, ट्रेनिंग मैनेजमेंट पोर्टल, पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स, गवर्नमेंट ई-मार्केट विषय पर जानकारी दी गयी। साथ ही बताया गया कि पंचायती राज के माध्यम से गांव का विकास कैसे हो इसका सही डाटा एंट्री करने सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गयी। इस प्रशिक्षण में घागरा प्रखंड सहित पालकोट गुमला बिशनपुर से कुल 67 वीएलइ ने भाग लिया।

# डिवाइडर से टकरा कर बाइक सवार की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला लोहरदगा रोड स्थित खरका के समीप अनियंत्रित बाइक सवार ने सड़क किनारे डिवाइडर को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना के बाद युवक सड़क किनारे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही वह बेहोश भी हो गया स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी टोटो पुलिस को दी। घटना बुधवार की शाम 5:00 बजे की है। टोटो थाना के एसआइ इमानुएल कोंगाड़ी घटना स्थल पहुंचे और घायल को अपने वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। जिसके बाद घायल का सदर अस्पताल में इलाज शुरू हुआ। वहीं उसकी पहचान नहीं होने पर जिला परिवहन कार्यालय में संपर्क कर बाइक का नंबर से उसका डिटेल निकाला गया। जिससे उसकी पहचान खरका पंचायत के डुमरला गांव निवासी सुनील कुमार उरांव पिता मांगे उरांव के रूप में हुई।

# बिना लाइसेंस की दुकानों पर कार्रवाई की चेतावनी

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में हुई जांच, चैनपुर बाजार में मचा हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 और कोप्टा एक्ट 2003 के तहत सघन छापेमारी की गयी। इस कार्रवाई का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार ने किया। छापेमारी के दौरान गुटका, सिगरेट, खैनी सहित विभिन्न खाद्य सामग्रियों की जांच की गयी। छापेमारी के दौरान कई दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कुछ दुकानदार तो अपनी दुकानें बंद कर भाग गये, जबकि अन्य ने अधिकारियों को देखकर अपने सामानों को छिपाने का प्रयास किया। लव कुमार ने बताया कि चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में इस तरह के छापे लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन दुकानदारों का लाइसेंस नहीं बना है, उन्हें इसे जल्द बनवाने के लिए कहा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि दुकानदार सरकार के गाइडलाइन का पालन नहीं करेंगे, तो उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जायेगी। इस अभियान के तहत विभिन्न दुकानों से कई खाद्य पदार्थों के नमूने लिये गये। इनमें भारत बेकरी से केक और रोल नीरज जेनरल स्टोर से मेरी गोल्ड बिस्कुट, दीपक स्टोर से करमचंद गुटखा, अजित जेनरल स्टोर से राजश्री गुटखा, पवन स्टोर से धनिया पाउडर सभी नमूनों को जांच के लिए रांची भेजा गया। इसके साथ ही, प्रेम नगर स्थित सचिन जेनरल स्टोर से मिसब्रांडेड और एक्सपाइरी सामान जब्त किया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को फटकार लगाते हुए डुप्लीकेट और एक्सपाइरी सामान बेचने से रोकने का आदेश दिया। छापेमारी दल में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुमला लव कुमार गुप्ता, जिला परामर्शी वंदना स्मिता, प्रियांशी कुमार और सूरज कुमार शामिल थे।

# हाथी ने दो किसानों के घर तोड़े



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर क्षेत्र के बिंदोरा गांव व किरतो टोली में जंगली हाथी ने मंगलवार को दो गरीब किसानों के घरों को ढाहकर घर में रखे अनाज को चट कर गया। पीड़ित किसान सिमोन एक्का ने बतलाया कि जंगली हाथी ने एक सप्ताह पूर्व भी उसके घर पर हमला कर घर को ध्वस्त कर काफी अनाज खा गया था, इधर मंगलवार को किरतो गांव में किसान रविंद्र भगत के घर को ध्वस्त करने के बाद मेरे घर पर हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया। बताते चलें कि इन दोनों जंगली हाथियों का उत्पादन काफी बढ़ गया है प्रत्येक दिन किसी न किसी गांव में जंगली हाथियों द्वारा घर ध्वस्त कर अनाज खाने की घटनाएं सामने आ रही है। इस तरह की घटनाओं से जहां ग्रामीण काफी भयभीत हैं, वहीं आक्रोर्षित भी नजर आ रहे हैं। जंगली हाथी और ग्रामीणों के बीच टकराव की स्थिति बनती जा रही है, हालांकि वन विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर किसानों को मुआवजा देने का आश्वासन दिया जा रहा है पर ग्रामीणों कि मांग है की जंगली हाथियों को क्षेत्र से दूर खदेड़ा जाये नहीं तो आये दिन जान व माल का नुकसान किसानों को उठाना पड़ेगा।

# राशन वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाये रखने पर उपायुक्त का जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिले में सभी योजनाओं के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार सभी प्रखंडों के वरीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने प्रखंडों का भ्रमण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली डीलर्स के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

भरनो प्रखंड में भू-अर्जन पदाधिकारी राजीव कुमार ने पीडीएस डीलर्स के साथ बैठक कर राशन वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन लाभुकों का राशन कार्ड नहीं बना है, उनकी सूची एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत की जाये, ताकि ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से उन्हें शीघ्र लाभान्वित किया जा सके। प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि पंचायत स्तर पर राशन वितरण से जुड़े आपदा राहत फंड के समुचित उपयोग की नियमित जांच की जाये।

डुमरी प्रखंड का निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी द्वारा किया गया। उन्होंने पीडीएस डीलर्स के साथ बैठक कर राशन वितरण में पारदर्शिता बनाये रखने का निर्देश दिया। साथ ही, 4 पीडीएस डीलर्स के विरुद्ध सो कौज नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

घाघरा प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी, जिसमें एनएफएसए एवं ग्रीन कार्ड धारकों को शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने तथा सभी लाभुकों का ई-केवाईसी शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया।

# ताशा झा की 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को समर्पित कविता सोशल मीडिया पर प्रकाशित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** यह गर्व की बात है कि डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की छात्रा ताशा झा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को समर्पित स्वरचित कविता को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा विविध सोशल मीडिया पर प्लैटफॉर्म पर प्रकाशित किया गया है। ताशा झा ने जहां एक ओर स्वरचित कविता के माध्यम से परीक्षा पे चर्चा पर अपने विचारों को अभिव्यक्त किया है वहीं गुमला की ऐतिहासिक धरोहर नवरत्नगढ़ को भी देश के समक्ष लाने का प्रयास किया है। ताशा एनसीसी कैडेट होने के साथ प्रेरणा बैच संख्या 40 की छात्रा रही है। 46 झारखंड कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पीबी शर्मा, डीएवी गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू समेत दुनिया के गणमान्य लोगों ने ताशा को बधाई दी है।




# कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।

Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

ई–निविदा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या – 07/2024–25 दिनांक 05.02.2025

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | किस्को | अरेया | सेमरटांड से चन्दवा टोंगरी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 525000.00 | 1250.00 | 10500.00 | 03(तीन) माह |
| 2 | किस्को | नावाडीह | लीला उराँव के घर से इसराफिल अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 551000.00 | 1250.00 | 11100.00 | 03(तीन) माह |
| 3 | किस्को | नावाडीह | शिवशरण साहु के घर से जगरनाथ साहु के घर तक पक्की नाली निर्माण | 611500.00 | 1250.00 | 12300.00 | 03(तीन) माह |
| 4 | किस्को | बेठहट | शिवनंदन प्रजापति के घर से सुरेश पहान के घर तक पक्की नाली का निर्माण | 560100.00 | 1250.00 | 11300.00 | 03(तीन) माह |
| 5 | किस्को | परहेपाट | अखरा से किशोर के घर तक पक्की नाली का निर्माण | 498800.00 | 750.00 | 10000.00 | 03(तीन) माह |
| 6 | किस्को | देवदरिया | कुदंन साहु के घर से प्रताप सिंह के घर तक पक्की नाली का निर्माण | 515300.00 | 1250.00 | 10400.00 | 03(तीन) माह |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.02.2025
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 15.02.2025/10:00 बजे पूर्वाहन तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 17.02.2025/11:00 बजे पूर्वाहन में
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिशद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR 345823 Lohardaga (24-25)D



# कार्यपालक अभियंता कार्यालय

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 08/2024–25

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र विक्री की तिथि : दिनांक– 13.02.2025 को 3.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक– 14.02.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक– 14.02.2025 को 3:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : (i) मुख्य अभियन्ता(या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण, छात्रावास नं0–2 धुर्वा, राँची, झारखण्ड। : (ii) अधीक्षण अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची। : (iii) कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान : क्रमांक 5(पाँच) में उल्लेखित कार्यालयों में निर्धारित स्थानों पर।
7. कार्यो की विवरणी :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विवेकाधीन मद वर्ष 2024–25 अन्तर्गत पथ प्रमण्डल गुमला अधीन खुँटी– तोरपा– कोलेबिरा पथ के 61वें कि0मी0 में अवस्थित कोयल नदी पर पुल के रेलिंग का विशेष मरम्मति कार्य। | 17,42,544.00 | 35000.00 | 5,000.00 | 31.03.2025 तक |

नोट– (1) निविदा आमंत्रण की सूचना एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है, जिसका अनुपालन अनिवार्य है।
(2) प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।
(3) परिमाण विपत्र का मूल्य भारतीय स्टेट बैंक या राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ के रूप में ही स्वीकार्य होगा, जो निविदा आमंत्रण तिथि के बाद जारी की गई हो तथा किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगा एवं बैंक ड्राफ्ट कार्यापालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल गुमला के पदनाम से हो।
(4) पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदको के लिए युकेन निबंधन आवश्यक है।
(5) PWD कोड में संशोधन के फलस्वरूप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता
प0नि0वि0 पथ प्रमण्डल, गुमला

PR 345808 Road (24-25)_D


# स्पोर्ट्स



अभिषेक ने 38 स्थान की छलांग लगाई; ट्रैविस हेड टॉप पर, स्पिनर वरुण तीसरे नंबर पर

# टी-20 आइसीसी रैंकिंग जारी, अभिषेक शर्मा नंबर-2 बल्लेबाज बने

एजेंसी



**दुबई।** भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा आइसीसी की टी-20 रैंकिंग में नंबर-2 पर पहुंच गये हैं। इंग्लैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन के बाद उन्होंने 829 रेटिंग पॉइंट्स की छलांग लगायी। टॉप पर ट्रैविस हेड और तीसरे नंबर पर तिलक वर्मा रहे। उन्हें एक अंक का नुकसान हुआ है।

आइसीसी ने बुधवार को नयी रैंकिंग जारी की। टी-20 की बॉलिंग रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती को तीन स्थान का फायदा हुआ है। अब वे 5वें से तीसरे स्थान पर आ गयी हैं। वरुण के 705 रेटिंग पॉइंट्स हैं, जबकि इंग्लैंड के राशिद खान 705 अंक के साथ दूसरे और वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707 अंक) पहले स्थान पर हैं। टी-20 की ऑलराउंडर्स रैंकिंग के टॉप-10 में बदलाव नहीं हुआ है।

**इंग्लैंड के खिलाफ बेहतर परफॉर्मेंस से टॉप 2 में आयी अभिषेक**

अभिषेक ने इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टी-20 मैच में 135 रन बनाये। उन्होंने 7 चौके और 13 छक्के लगाये। अभिषेक ने महज 37 गेंद पर सेंचुरी पूरी कर ली थी। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

**वरुण चक्रवर्ती प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे**

इंग्लैंड के खिलाफ 14 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे वरुण को बॉलर्स रैंकिंग में 3 स्थान का फायदा हुआ है। अब वे छठे पायदान से तीसरे पायदान पर पहुंच गये हैं। टी-20 सीरीज में शानदार परफॉर्मेंस से उन्हें 6 फरवरी से शुरू हो रहे वनडे सीरीज के लिए भी चुना गया है।

**हार्दिक नंबर-1 पर कायम, तीसरे टी-20 में फिफ्टी लगायी**

स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या टी-20 ऑलराउंडर्स रैंकिंग के पहले पायदान पर बने हुए हैं। उन्होंने चौथे टी-20 में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 30 बॉल पर फिफ्टी लगायी थी। पंड्या ने 30 बॉल पर 53 रन की पारी खेली थी।

# ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के मेन रोड स्थित कनक ज्वेलर्स के समीप मंगलवार की अहले सुबह हुए सड़क दुर्घटना में सिसई रोड स्थित बड़ाइक पेट्रोल पंप के नाइट गार्ड सावन लोहरा की मौत हो गई।मृतक सावन लोहरा की मौत के बाद उसके परिवार में दुखो का पहाड़ टूट पड़ा। सावन की पत्नी व उसके दो बच्चो समेत परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। पति की मौत के सदमे में उसकी पत्नी बार बार बेसुध हो जा रही है। घटना की सूचना के बाद डीएसपी रोड जवाहर नगर के मोहल्ले वासियों का उसके घर पर जमावड़ा लगा हुआ है। मृतक सावन जवाहर नगर का ही रहने वाला था। पूर्व में वह शहर में नगर परिषद के द्वारा किये गये बंदोबस्ती में संवेदक के अधीन रहकर टैक्स कलेक्टिंग का काम करता था। लेकिन हाल के दिनों में वह सिसई रोड स्थित बड़ाइक पेट्रोल पंप में नाइट गार्ड का काम करता था।

# दो हजार लोगों को जीएसटी ने भेजा नोटिस, कई बड़े व्यापारी भी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड में जीएसटी बकायेदारों पर पकेन कसना शुरू हो गया है। राज्य कर विभाग ने जिले में दो हजार से अधिक जीएसटी बकायेदारों की पहचान की है। इन पर एक हजार से लेकर 70 से 80 लाख रुपये तक का बकाया है। विभाग ने इन सभी बकायेदारों को नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा करने को कहा




है। इसके लिए उन्हें मार्च तक का समय दिया गया है। निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान नहीं करने वालों पर विभाग कार्रवाई करेगा। मिली जानकारी के अनुसार, धनबाद में जिन व्यापारियों को नोटिस भेजा गया है, उनमें कई बड़े व्यापारियों के नाम भी शामिल हैं। राज्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार व्यापारियों के पास दो ही विकल्प हैं, या तो वे बकाया जीएसटी का भुगतान करें या फिर अपील में जायें। यदि निर्धारित समय तक भुगतान नहीं किया जाता है तो विभाग सख्त कदम उठायेगा। विभाग की ओर से जारी किये गये नोटिस में बकाया राशि का स्पष्ट उल्लेख किया गया है और व्यापारियों को जल्द से जल्द इसे चुकाने की सलाह दी गयी है। अधिकारियों का कहना है कि सरकार के राजस्व को बढ़ाने और कर चोरी रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। अब इन व्यापारियों को नोटिस मिलने के बाद जल्द से जल्द बकाया जमा करने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने व्यापारियों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर बकाया राशि का भुगतान कर किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से बचें। हालांकि, विभाग ने व्यापारियों को जीएसटी जमा करने के लिए अगले महीने का भी समय दिया है।

# पुलिस ने प्रिंस खान गिरोह से जुड़े चार अपराधियों को दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कुख्यात अपराधी प्रिंस खान के गिरोह से जुड़े चार अपराधकर्मियों को पुलिस ने धर दबोचा है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक पिस्टल, चार जिंदा गोली, चार जिंदा बम और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। जानकारी के मुताबिक ये सभी किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पकड़े गये अपराधियों में आजाद आलम उर्फ आजाद खान, सोनू नायक, सचिन यादव और गोलू रवानी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक सभी को रेलवे लाइन और मटकुरिया पावर हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# सिंगड़ा बस्ती में मवेशी चोरी की कोशिश, दो युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** सिंगड़ा बस्ती में मवेशी चोरी के मामले में महुदा पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये युवक फिरदौस खान और इरफान खान पर मवेशी चोरी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2), 317(2) और 3/5 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी है। महुदा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि दोनों युवक भदरीचक के निवासी हैं और कई दिनों से मवेशियों पर नजर रखे हुए थे। यदि मवेशी के मालिक भरत महतो सजग नहीं होते, तो ये युवक पकड़े नहीं जाते। मंगलवार शाम को जब आरोपी युवक सिंगड़ा निवासी भरत महतो के दो मवेशियों को केमिकल युक्त पावरोटी खिला कर रस्सी से बांध




कर घसीटते हुए ले जा रहे थे, तब भरत महतो ने ग्रामीणों के साथ मिल कर आरोपी युवकों को कतरी नदी के पास से पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और मामले की गहन जांच जारी है।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान भोजपुरी गाने को लेकर विवाद, पुलिस पर लाठी चार्ज का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के टुंडी रोड में सरस्वति पूजा के मूर्ति विसर्जन के दौरान भोजपुरी गाना बजाने को लेकर विवाद बढ़ गया। जिसके बाद आरोप है कि पुलिस ने बच्चों और महिलाओं पर लाठीचार्ज किया है। लाठीचार्ज की घटना के बाद माहौल और तनावपूर्ण हो गया। आधा दर्जन से अधिक बच्चे और महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। दरअसल, सरस्वति पूजा के मूर्ति विसर्जन के दौरान भोजपुरी गाना बजाने को लेकर दो गुटों में विवाद बढ़ गया। दोनों पक्षों में झड़प हो गयी, जिसके बाद मारपीट की घटना हुई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची।



पुलिस पर लाठीचार्ज का आरोप, लेकिन लोगों का आरोप है कि पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने माहौल को शांत करने की बजाय महिलाओं और बच्चों पर लाठीचार्ज कर दिया।

इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने बरवाअड्डा-टुंडी सड़क को जाम कर दिया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने दोषी पुलिस अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना मिलने के बाद बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि मौके पर पहुंच। उन्होंने घटना की पूरी जानकारी ली। दोषी पुलिस अधिकारी के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को शांत कराया। थाना प्रभारी के हस्तक्षेप के बाद ग्रामीण शांत हुए और मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# हाइवा ऑनरों की मनमानी के विरोध में चक्का जाम जारी रहेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

फुसरो/बेरमो। फुसरो स्थित हिंदुस्तान पूल के निचे दामोदर नदी तट पर हाइवा कोयलांचल ऑनर एसोसिएशन बेरमो का वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से कोयला और छायी ठुलायी में हो रही अनियमिता का विरोध और गुरुवार 6 फरवरी से बरवाबेड़ा के ऑनर द्वारा मनमानी करने के विरोध में खासमहल से बालीडीह कोयला ट्रांसपोर्टिंग का अनिश्चितकालीन चक्काजाम आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के महासचिव अंशू राय, मुन्ना कुमार और मुकेश सिंह ने कहा कि सीसीएल बीएंडके एरिया की खासमहल परियोजना में कोयला लेडिंग के दौरान बरवाबेड़ा के ऑनर मनमानी और रंगदारी कर सिर्फ अपने वाहनों की इंट्री करवाते है। इसके कारण और वाहनों को कोयला नहीं मिल पाता है। कहा कि मामले को लेकर कई बार ट्रांसपोर्टर प्रतिनिघि से वार्ता हुई। इसक बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। जब तक गाड़ियों को नियम के तहत इंट्री शुरू नहीं होता है, तब तक अनिश्चितकालीन चक्का जाम रहेगा। मौके पर उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार, सचिव गुलेश्वर महतो, पप्पू सिंह, प्रदीप ठाकुर, बलराम सिंह, मोहम्मद फारूक, विजय कुमार, हरेराम पंडित, सुनील साव, जसीम रजा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## तीन दिव्यांग को दी गयी ट्राइसाइकिल

डुमरी/बेरमो (आजाद सिपाही)। डुमरी के प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सीडीपीओ कार्यालय में बुधवार को तीन दिव्यांग जनों को ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया। संबंधित विभाग के द्वारा उपलब्ध कराये गये ट्राईसाईकिल को परसाबेड़ा निवासी मजलुम अंसारी और सलीम अंसारी और गानोडीह निवासी प्रीतम सिंह के बीच वितरण किया गया। मौके पर बिनीता कुमारी, महिला एलएस रानी, सीमा, डालोराम महतो, रामलाल साव अदि उपस्थित थे।

**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**
**O/o General Manager -cum -Chief Engineer, Ranchi Electric Supply Area**
**Kusai Colony, Doranda, Ranchi- 834002**
Phone No. 0651-2490550 Fax No. 0651-2490670
E mail ID :- gm_rncjseb@yahoo.in

**Tender Cancellation Notice**

Due to some unavoidable circumstances NIT No. 246/PR/JBVNL/24-25 under O&M Head is hereby cancelled.

Sd/-
General Manager-Cum-Chief Engineer
Electric Supply Area, Ranchi

PR No. 342366

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR.NO.345843 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25):D

# कसमार में 30 हजार से अधिक सदस्य बनायेगी झामुमो : रतनलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार/बेरमो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान तत्परता के साथ चलाने के मद्देनजर मंगलवार को कसमार प्रखंड के मधुकरपुर पंचायत धुमधुमी टांड़ में सदस्यता अभियान शुरूआत की। बोकारो जिला संयोजक प्रमुख रतनलाल मांझी, कसमार प्रखंड संयोजक पर्यवेक्षक हीरालाल मांझी की उपस्थिति में चलायी गयी। जिला प्रमुख के रतनलाल ने बताया कि प्रत्येक पंचायत में 2 से 3 हजार तक सदस्य बनाये जाने का लक्ष्य है। कसमार प्रखंड में लगभग 30 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य



दिया गया है। कहा कि सदस्यता अभियान का कार्य द्रुतगति से करते हुए पंचायत, प्रखंड और जिला समिति का भी गठन किया जायेगा।

हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के सभी वर्गों के हित कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है। जिससे लोगों का झुकाव झामुमो की ओर ज्यादा हो रहा है। मौके पर कसमार प्रखंड संयोजक प्रमुख दिलीप कुमार हेंब्रम, सदस्य सोहेल अंसारी, सिकंदर कपरदार, सुभाष चंद्र ठाकुर, जवाहरलाल महतो समेत दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एनसीसी कैडेट्स के जूनियर डिवीजन और जूनियर विंग की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



डुमरी/बेरमो (आजाद सिपाही)। एनसीसी बटालियन हजारीबाग की ओर से एनसीसी कैडेट्स के जूनियर डिवीजन और जूनियर विंग के लिए ए प्रमाणपत्र उत्तीर्णता परीक्षा का केंद्र इसरी बाजार स्थित पीएनडी जैन उच्च विद्यालय को बनाया गया था। जिसके तहत बुधवार को केंद्र में परीक्षा शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुई। केंद्राधीक्षक सह एनएनओं सुनील कुमार जैन ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस बार भी हजारीबाग बटालियन के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के कैडेट्स ए प्रमाण पत्र परीक्षा में शामिल हुए। हमारे विद्यालय में सीसीएल डीएवी विद्यालय गिरिडीह, जमा दो उच्च विद्यालय गिरिडीह, पीट्स मॉडर्न विद्यालय गोमिया और पीएनडी जैन उच्च विद्यालय इसरी बाजार का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। मेजर उदय प्रताप ने बताया कि 119 कैडेट्स में 112 कैडेट्स परीक्षा में उपस्थित हुए। 93 बॉयज कैडेट्स (जेडी) और 19 गर्ल्स कैडेट्स (जेडब्ल्यू) परीक्षा में सम्मिलित हुए। पीट्स मॉडर्न विद्यालय गोमिया के गंगाधर यादव, अरूण कुमार, देवेश कुमार देव इत्यादि मौजूद थे। सुनील कुमार जैन ने बताया कि डीएवी के 24, जमा दो उच्च विद्यालय गिरिडीह के 18, पीट्स मॉडर्न के 5 कैडेट्स और पीएनडी जैन उच्च विद्यालय के 48 कैडेट्स परीक्षा में सम्मिलित हुए। विज्ञान शिक्षक सह मोटीवेटर देवेश कुमार देव ने बताया कि माध्यमिक स्तर पर ए प्रमाण पत्र और उच्च माध्यमिक स्तर पर क्रमश: बी और सी प्रमाण पत्र एनसीसी प्रदान करता है। परीक्षा में लिखित परीक्षा के साथ ड्रील, परेड, मार्च पास्ट, विभिन्न शारीरिक कौशल एवं मानसिक सुदृढ़ता का परीक्षण किया जाता है। लिखित परीक्षा मे हथियार चालन संबंधी प्रश्न, सामान्य ज्ञान, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सीमा संबंधित प्रश्न, जीव विज्ञान और शरीर विज्ञान इत्यादि से प्रश्न पूछे जाते हैं।

**झारखंड सरकार, उद्योग विभाग**
**हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय**
**उद्योग भवन, तृतीय तल, रातु रोड, रॉंची, पिन-834001**

विज्ञापन सं0– 144 दिनांक 04.02.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

उद्योग विभाग, हस्तकरधा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय मे रेशम योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु शोध पदाधिकारी तथा क्रय विक्रय पदाधिकारी के पद पर संविदा (contractual basis) के आधार पर नियुक्ति हेतु विहित प्रपत्र में Online आवेदन आमंत्रित किया जाता हैं।

2. पदों की रिक्ति, परिलब्धि एवं अन्य निदेश निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | पदनाम / वेतनमान | केन्द्र का नाम | पदों की संख्या | परिलब्धि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शोध पदाधिकारी (PB - II/9300-34800 GP-4800/-) | झारखंड रेशम विकास संस्थान, रांची | 01 | वित्त विभाग, झारखंड के परिपत्रों के अनुसार संविदा के आधार पर नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मियों को अनुमान्य नियत मासिक मानदेय / संविदा राशि अनुमान्य होगी। |
| 2 | क्रय विक्रय पदाधिकारी (PB-II/9300-34800 GP-4800/-) | अग्र परियोजना केन्द्र, चाईबासा | 01 | |
| कुल योग | | | 02 | |
| Online आवेदन पत्र भरने की तिथि | | | दिनांक– 04.02.2025 से 19.02.2025 | |

3. वॉछित अर्हत्ता:– भारत सरकार अथवा किसी भी राज्य सरकार अंतर्गत रेशम प्रक्षेत्र कार्यालयों से सेवानिवृत वैज्ञानिक / परियोजना प्रबंधक एवं समकक्ष / सहायक उद्योग निदेशक (रेशम) एवं समकक्ष /अग्र परियोजना पदाधिकारी एवं समकक्ष पद से वार्धक्य सेवानिवृत्त पदाधिकारी।
4. हस्तकरधा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय के वेबसाईट https://jharsericulture.jharkhand.gov.in/ पर विस्तृत विज्ञापन, आवेदन भरने हेतु आवश्यक निर्देश, संविदा पर नियुक्ति हेतु नियम एवं शर्त्तें उपलब्ध है।
5. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए दूरभाष सं0– 0651-2281111 पर केवल कार्य दिवस में पूर्वाह्न–11:00 बजे से अपराह्न–6:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

ह0/– उप उद्योग निदेशक,
हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प,
झारखंड, रॉंची

PR 345773 Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft (24-25)_D

# भाटिया एथलेटिक्स अकादमी की रेशमा कुमारी ने रचा इतिहास

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** उत्तराखंड के देहरादून में चल रहे नेशनल गेम्स में रेशमा कुमारी ने लॉन बॉल में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। बताते चले कि रेशमा कुमारी भाटिया एथलेटिक्स अकादमी की बच्ची है जो पिछले 4 साल से मेहनत कर रही है। जिसमें उसने स्वर्ण पदक लेकर इतिहास रचा है। गोमिया के विधायक सह मंत्री



योगेंद्र प्रसाद ने इस उपलब्धि पर ढेर सारी बधाई दी है। कहा कि नेशनल गेम्स से आने के बाद संमानित करने की बात कही है। वहीं भाटिया एथलेटिक्स के संस्थापक आशु भाटिया ने रेशमा कुमारी कि इस उपलब्धि में प्रशांत अरोड़ा का बड़ा योगदान बताया। जो दिल्ली के मशहूर उद्योगपति हैं जिन्होंने रेशमा को 6 महीना पहले गोद लिया है। उसे किसी प्रकार की कमी ना हो इसका भरपूर ध्यान रखा है। उन्होंने अरोड़ा को भाटिया एथलेटिक्स अकादमी की तरफ से साधुवाद दिया है।

# केंद्र सरकार के बजट प्रस्ताव और लेबर कोड लागू करने के विरोध में धरना-प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बुधवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर 10 केंद्रीय श्रम संगठनों ने संयुक्त रूप से भारत सरकार के बजट प्रस्ताव और केंद्र सरकार द्वारा लेबर कोड लागू करने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता सभी ट्रेड यूनियन की अध्यक्ष मंडली ने की। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए इंटक के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि यदि केंद्र सरकार द्वारा मजदूर विरोधी लेबर कोड श्रम संहिताओ के कार्यान्वयन अधिसूचित किया जाता है तो पूरे देश में मजदूर और ट्रेड यूनियनों द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। श्रम संहिताओं की प्रतिया जला कर




आंदोलन प्रदर्शन की एक श्रृंखला शुरू की जायेगी, जिसका समापन एक राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के रूप में होगा। केंद्र सरकार को महंगाई पर नियंत्रण के लिए कदम, जीएसटी और उत्पाद शुल्क में कमी, शहरी क्षेत्र में रोजगार गारंटी योजना को लागू करना, सार्वजनिक संगठनों के निजीकरण और राष्ट्रीय संसाधन की लूट को रोकना, खेत मजदूर, ठेका मजदूर, गिग वर्कर्स, स्कीम वर्कर्स क्षेत्र के श्रमिकों को राहत और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहिए। इस धरना- प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से एके झा, मानस चटर्जी, अर्जुन सिंह, हरि प्रसाद पप्पू , एसएसडे, रामप्रीत यादव, शकील अहमद, वैभव सिन्हा का प्रमुख योगदान रहा।

## माफियाओं से वन को बचाने के लिए आगे आने की जरूरत : विष्णुचरण

कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। वन पर्यावरण सुरक्षा सह प्रबंधन समिति की ओर से बुधवार को कसमार के दुगार्पुर वन समिति की आवश्यकत बैठक तिलयतरिया आमलाटांड़ में हुई। बैठक की अध्यक्षता सरयू प्रसाद महतो और संचालन संदीप कुमार महतो ने किया। इस दौरान केंद्रीय उपाध्यक्ष विष्णुचरण महतो ने कहा कि लगभग तीन दशकों से विभिन्न गांवों की वन समितियों की सक्रियता से वनों में पुन: हरियाली छायी है, लेकिन कुछ वर्षों से हरे-भरे वनों पर माफियाओं की बुरी नजर लगी है। यह एक विकराल समस्या है। जंगल में आग लगने से होने वाली समस्याओं से लोगों को जागरूक करना जरूरी है। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो, आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 21/2024–25**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.02.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 20.02.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.02.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉंची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation work of staff quarter (1 Block 6 Unit) at Tribal Welfare Rural Hospital Mananchotage Latehar. | 30,58,100/- | 61,5 00/ - | 5,000/ - | 04 (Four ) Months |
| 2 | Renovation work of Doctor's Guest House at Tribal Welfare Rural Hospital Mananchotage Latehar. | 26,70,900/- | 53 ,500/ - | 5,000/ - | 03 (Three ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 345795 (Building)24-25*D

## मलकानगिरी में परियोजना निदेशक पर ओड़िशा सतर्कता विभाग का छापा


# अब तक 1.97 करोड़ रुपये बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा सतर्कता विभाग (विजिलेंस टीम) ने बुधवार को मलकानगिरी के वाटरशेड के उप निदेशक और परियोजना निदेशक (पीडी) शांतनु महापात्र के आवास पर छापेमारी के दौरान 1.97 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की। इस भारी मात्रा में नकदी में मुख्य रूप से 500 रुपये के नोट शामिल हैं। यह जब्ती महापात्र के आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति रखने के आरोपों की जांच के तहत की गयी। संपत्ति की हेराफेरी के आरोप में उप निदेशक शांतनु महापात्र के घर पर छापामारी चल रहा है। जयपुर, मालकानगिरी, कटक और भुवनेश्वर समेत 9 जगहों पर छापेमारी जारी है। जयपुर स्थित घर से अब तक करीब 1.97 करोड़ रुपये जब्त किये जा चुके हैं। सतर्कता विभाग ने उनके परिवार के कटक बालीसाही, भुवनेश्वर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और भीमटांगी स्थित घर पर छापेमारी की है। जयपुर घर पर संपति को देख कर सतर्कता विभाग हैरान रह गया। सतर्कता विभाग मालकानगिरी में 4 जगहों पर छापेमारी कर रही है। मालकानगिरी जिला सरकारी कार्यालय और सहायक अभियंता मोहन मंडल, डेटा एंट्री ऑपरेटर विश्वजीत मंडल और डब्लूएमटी अमिया साहू के घरों पर भी छापामारी चल रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार अब तक घरों की तलाशी के दौरान शांतनु महापात्रा और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर संपत्तियां पायी गयी हैं। कोरापुट के जयपुर कस्बे में लगभग 6000 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली एक तिमंजिला आवासीय इमारत है। इसके अलावा हंसपाल, भुवनेश्वर में प्लॉट संख्या 625, खाता संख्या 14, क्षेत्रफल 33 डीसीएमएल, भूमि का एक टुकड़ा, दो प्लॉट, प्लॉट संख्या 200/673 और 200/674, खाता संख्या 46/496 और 46/501, क्षेत्रफल 40 डीसीएमएल, जयपुर शहर में और जयपुर शहर में प्लॉट संख्या 757/1468/7576, खाता संख्या 263/4944, क्षेत्रफल 55 डीसीएमएल, भूमि का एक टुकड़ा है। उपरोक्त भवन/भूखंडों की माप और मूल्यांकन/आकलन सतर्कता तकनीकी विंग द्वारा किया जा रहा है। नकद 1.97 करोड़ रुपये के अलावा सोने के आभूषण का वजन लगभग 300 ग्राम है। 1 चार पहिया वाहन (हुंडई आई-20) एवं 2 दो पहिया वाहन है। बैंक, बीमा, अन्य जमा और निवेश आदि का पता लगाया जा रहा है। तलाशी अभी भी जारी है।



मलकानगिरी के वाटरशेड के उप निदेशक और परियोजना निदेशक (पीडी) शांतनु महापात्र (इनसेट में) के आवास से जब्त रकम को मशीन से गिनती करते कर्मचारी। आवासीय इमारत और बरामद गहना।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान दो छात्र डूबे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर टंकपाणि पुल के पास कुआखाई नदी में सरस्वती की मूर्ति विसर्जित करते समय 2 छात्रों की डूबने से मौत हो गयी। दमकल कर्मियों ने गंभीर हालत में 2 छात्रों को निकालाा। दोनों छात्रों को कैपिटल अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। बुधवार सुबह अपने दोस्तों के साथ सरस्वती की मूर्ति को विसर्जन करने के लिए आये दो छात्र पानी में डूब गये। बाद में दो छात्रों को निकाला गया और कैपिटल अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बालियंता पुलिस के मुताबिक भुवनेश्वर के यूनिट 6 कालीमंदिर इलाके की 15 वर्षीय दिव्य ज्योति महालिक और यूनिट 6 गंगनगर इलाके के 15 वर्षीय सिकुन सेनापति की मौत हो गयी। इस सिलसिले में पुलिस ने ट्यूशन टीचर को थाने में अटक रख कर मामले की जांच कर रही है।




# मान्नापुरम कार्यालय में डकैती का मुख्य आरोपी उत्तम गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** संबलपुर बहुचर्चित संबलपुर मान्नापुरम कार्यालय डकैती मामले में पुलिस ने बुधवार को मुख्य आरोपी उत्तम पासवान को गुवाहाटी से गिरफ्तार किया है। घटना में आइजी हिमांशु लाल ने बताया कि आगे की पूछताछ के लिए उसे सात दिनों की रिमांड में लाने के लिए आवेदन दिया जायेगा। करीब एक महीने बाद पुलिस की स्पेशल टीम ने उत्तम पासवान को गिरफ्तार किया गया।

जानकारी के मुताबिक 3 जनवरी को लुटेरों ने अंइठापाल्ली के बूढ़ारजा चौक स्थित मान्नापुरम गोल्ड से भारी मात्रा में सोने के आभूषण लूट लिये थे। आरोप है कि हेलमेट पहने कर 6 से 7 लुटेरे आये और बंदूक की नोक पर मान्नापुरम फाइनेंस के कर्मचारियों को धमकाया और लुटेरों ने लॉकर से करीब 29 किलो सोना और 4 लाख 81 हजार रुपये नकद लूट लिये। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। पहले पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया था, जबकि बुधवार को मुख्य आरोपी को गुवाहाटी से गिरफ्तार किया।

# मुख्यमंत्री ने 'विकसित गांव, विकसित ओड़िशा' कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बुधवार को खुर्दा जंकिया मिनी स्टेडियम में 'विकसित गांव, विकसित ओड़िशा' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि योजनाओं की सूची प्रत्येक ग्रामसभा में तैयार की जायेगी। ओड़िशा सरकार द्वारा 'विकसित गांव, विकसित ओडिशा' के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। दिशा-निर्देश जिला कलेक्टरों और बीडीओ को भेजे गये हैं। प्रत्येक गांव को 15 फरवरी तक पंचवर्षीय योजनाओं की सूची तैयार करने और भेजने के लिए कहा गया है।



उन्होंने कहा कि 2024-25 में सरकार ने विकसित गांवों और विकसित ओड़िशा के लिए 1000 करोड़ रुपये का बजट रखा है। नयी गाइडलाइन के मुताबिक यह पैसा हर पंचायत को आवंटित किया जायेगा। नयी व्यवस्था के मुताबिक इस योजना में पिछड़े या आदिवासी इलाकों को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जायेगी। कुल धनराशि का 40 प्रतिशत केवल एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी के अंतर्गत आने वाले प्रखंडों में खर्च की जायेगी। राज्य के कुल 314 ब्लॉकों में से 121 ब्लॉक आइटीडीए के अंतर्गत आ रहे हैं। सरकार इन क्षेत्रों के विकास को अधिक महत्व देगी। बाकी 193 ब्लॉकों की पंचायतों को 600 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया जायेगा। हर गांव में अच्छी सड़कें बनाने के लिए पैसा दिया जायेगा। गांव में ब्लॉक टॉप सड़कें, कंक्रीट सड़कें और पेवर ब्लॉक सड़कें बनायी जायेगी। जहां आवश्यकता होगी, वहां नालियों का निर्माण कराया जायेगा। हालांकि पंचायत को मिलने वाली कुल राशि का 35 फीसदी हिस्सा सड़क निर्माण पर ही खर्च किया जायेगा। इससे अधिक धनराशि सड़क निर्माण पर खर्च नहीं की जा सकती। संरक्षित जंगल और जंगल क्षेत्रों के अंदर रहने वाले लोगों के लिए पक्की सड़कें जैसे भी बनायी जायेंगी। पहले आम ओड़िशा, नवीन ओड़िशा योजना में जंगल क्षेत्रों में सड़क निर्माण पर प्रतिबंध था। इस योजना के तहत हर ब्लॉक में रीडिंग रूम उपलब्ध कराये जायेंगे। यहां पढ़ी जाने वाली किताब ओर इंटरनेट की सुविधा होगी। यह सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चे थोड़े से शुल्क पर यहां आराम से बैठ सकते हैं और पढ़ाई कर सकते हैं। इसी तरह पंचायत में कल्याण मंडप, सामुदायिक केंद्र, स्नानघर, तालाबों और नदियों के किनारे चेंजिंग रूम, बाजार शेड के निर्माण के लिए राशि उपलब्ध होगी। इसके साथ भोग मंडप, भागवत टुंगी बनायी जायेगी।

कार्यक्रम में पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री रवि नारायण नायक, स्थानीय विधायक प्रशांत जगदेव, एकाम्र विधायक बाबू सिंह और जिलापाल चंचल राणा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।




# राउरकेला में 'हैंड्स ऑन टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर' का उद्घाटन

- ममता ने बंगाल में कारोबार सुगमता के लिए समिति के गठन की घोषणा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** बुर्ला कार्यस्थल सुरक्षा और तकनीकी कौशल के लिए पश्चिम ओडिशा विद्युत वितरण कंपनी टीपीडब्ल्यूओडीएल द्वारा हामीरपुर, राउरकेला में बुधवार को अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र (हैंड्स ऑन टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर) शुभारंभ किया गया है। टाटा पावर (टीएंडडी) के मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री सुरेश खेतवानी और कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री प्रवीण बर्मा ने टीपीडब्ल्यूओडीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। यह कदम पूरे पश्चिमी ओड़िशा में प्रबंधन उत्कृष्टता और सुरक्षा के प्रति टीपीडब्ल्यूओडीएल की प्रतिबद्धता का एक नया अध्याय शुरू करेगा। प्रशिक्षण केंद्र को कंपनी के तकनीकी कर्मचारियों को व्यावहारिक ज्ञान और 'वास्तविक समय प्रशिक्षण' प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो कंपनी के 'मिशन शून्य दुर्घटना' आदर्श को सुनिश्चित करेगा। यह प्रशिक्षण केंद्र कंपनी के कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों के साथ अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक पूरा करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि कंपनी ने पश्चिम ओड़िशा के प्रत्येक बिजली उप-मंडल में लाइनमैन और सहायकों के प्रशिक्षण के लिए एक 'प्रैक्टिस यार्ड' स्थापित किया है। यह पेशेवर प्रशिक्षण केंद्र बिजली वितरण क्षेत्र में सुरक्षा और प्रबंधन के निरंतर सुधार के प्रति हमारे समर्पण को प्रतिबिंबित करेगा।



टीपीडब्ल्यूओडीएल के सीइओ प्रवीण बर्मा ने कहा कि व्यावहारिक कौशल के साथ अपने कार्यबल को सशक्त बनाकर, हम पश्चिमी ओडिशा में बिजली वितरण क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए नए मानक स्थापित कर रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने यह भी घोषणा की कि टीपीडब्ल्यूओडीएल के बिजली वितरण क्षेत्र के सभी 17 डिवीजनों में संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण केंद्रों का निर्माण पूरा होने वाला है और इन्हें जल्द ही कर्मचारियों को समर्पित किया जायेगा।

# बालूगांव-पलासा रेलवे खंड का परमेश्वर फूंकवाल ने किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे (पूतरे) के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल ने सुरक्षा उपायों, यातायात सुविधाओं, यात्री सुविधाओं और अवसंरचनात्मक विकास की प्रगति का आकलन करने के उद्देश्य से बालूगांव-पलासा रेलवे खंड का गहन निरीक्षण किया। यह निरीक्षण, रेल सेवाओं को बढ़ाने और यात्रियों की संतुष्टि को सुनिश्चित करने के लिए, पूर्व तट रेलवे की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। अपने निरीक्षण के दौरान फुंकवाल ने चल रही विभिन्न अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की गहन समीक्षा की, विशेष रूप से अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत, स्टेशन पुनर्विकास कार्य पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और समग्र यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन आवश्यक उन्नयन को समय पर पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया।






# पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने तीन रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे (पूतरे) के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल ने तीन रेलवे कर्मचारियों को उनकी असाधारण सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के लिए सम्मानित किया। इन्होंने संभावित दुर्घटनाओं को रोकने और ट्रेन संचालन की सुरक्षा और दृढ़ता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। पूर्व तट रेलवे, मुख्यालय में आयोजित समारोह में अपर महाप्रबंधक मोहेश कुमार बेहेरा और प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी सहित, अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।



महाप्रबंधक फूंकवाल ने त्वरित प्रतिक्रिया और असाधारण सतर्कता का प्रदर्शन करने के लिए इन कर्मचारियों की प्रशंसा की, जो रेलवे तंत्र के सुचारू और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रत्येक रेलवे कर्मचारी का परिश्रम, प्रत्यक्ष रूप में यात्रियों की संरक्षा और सुरक्षा एवं ट्रेनों के कुशल संचालन में योगदान देता है। फूंकवाल ने रेलवे संचालन के हर स्तर पर संरक्षा के महत्व को प्रबलित करते हुए सभी रेलवे कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया।

# खोरधा रोड मंडल रेल प्रबंधक ने आठ रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने ड्यूटी के दौरान असाधारण सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के लिए मंडल के आठ रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया। उनकी त्वरित कार्रवाई ने बड़ी घटनाओं को रोकने, सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा ट्रेन सेवाओं के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सम्मान समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) पीके बेहरा एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) शुभ्र ज्योति मंडल के साथ वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी नमोनारायण मीनातथा अन्य शाखा अधिकारी मौजूद थे। सम्मानित होने वालों में सोमनाथ परिडा टीपीएमए / रघुनाथपुर, दिबाकर प्रधान स्टेशन प्रबंधक/मासाघांई, सुब्रत रंजन साहू और आशीष साहू, बुढ़ापंक में ट्रैक मेंटेनर, भानुप्रताप देबता और संतोष कुमार जाली, बारंग में ट्रैक मेंटेनर, मनोज कुमार बेहरा, ट्रैक मेंटेनर/भुवनेश्वर तथा प्रशांत गिरी, ट्रैक मेंटेनर/टांगरियापाल शामिल थे।



खोरधा रोड मंडल के उपरोक्त सतर्क कर्मचारियों ने अपने-अपने सेक्शन में हॉट एक्सल, व्हील बर्न और रेल फ्रैक्चर के मामलों का पता लगाया और तुरंत अपने उच्च अधिकारियों को सूचित किया। तदनुसार उस सेक्शन की ट्रेन आवाजाही रोक दी गयी और संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक मरम्मत और एहतियाती कार्य किये गये। इन कर्मचारियों की सूझबूझ ने संभावित दुर्घटनाओं को टाल दिया। एचएसबाजवा ने इन रेलवे कर्मचारियों की ड्यूटी के दौरान उनकी सतर्कता के लिए उनके अटूट समर्पण की सराहना की। उन्होंने सभी रेलवे कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध और सतर्क रहें, ताकि ट्रेनों का सुरक्षित और कुशल संचालन सुनिश्चित हो सके।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**